RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 245
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





भारत में ज्यादा सुरक्षित हैं अल्पसंख्यक

विदेश-10


# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक एसके मिश्रा के तीसरे सेवा विस्तार को अवैध ठहराया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के एक-एक साल के दो लगातार सेवा विस्तार को मंगलवार को अवैध करार दिया तथा कहा कि केंद्र सरकार का संबंधित आदेश 2021 के उसके उस निर्णय का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया था कि आईआरएस अधिकारी मिश्रा को आगे सेवा विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने अपने आज के आदेश के जरिए मिश्रा का विस्तारित कार्यकाल घटाकर 31 जुलाई तक कर दिया। शीर्ष अदालत का यह आदेश केंद्र सरकार के लिए एक झटका के तौर पर सामने आया है।

हालांकि, न्यायालय ने ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशकों के कार्यकाल को अधिकतम पांच साल तक बढ़ाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम, 2021 में संशोधन तथा मौलिक (संशोधन) नियमावली, 2021 को उचित ठहराया। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई,



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि इस साल वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा की जा रही संबंधित समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए मिश्रा का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। पीठ ने 103 पन्नों के फैसले में कहा, प्रतिवादी संख्या-दो संजय कुमार मिश्रा को 17 नवम्बर, 2021 और 17 नवम्बर 2022 के आदेशों के जरिए एक-एक साल के लिए दिए गए सेवा विस्तार को अवैध ठहराया जाता है। पीठ ने रिट याचिकाओं को आंशिक तौर पर मंजूरी दी। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 1984-बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी का कार्यकाल 18 नवंबर, 2023 तक निर्धारित था।

शीर्ष अदालत ने ईडी प्रमुख को दिए गए सेवा विस्तार को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आठ मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने इन याचिकाओं पर गत वर्ष 12 दिसम्बर को केंद्र सरकार एवं अन्य से जवाब तलब किया था। न्यायालय ने जया ठाकुर एवं अन्य की याचिकाओं पर केंद्र सरकार, केंद्रीय सतर्कता आयोग और ईडी निदेशक को नोटिस जारी किए थे। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिकाओं में केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग करके लोकतंत्र की बुनियादी संरचना को नष्ट करने का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ताओं में जया ठाकुर के अलावा कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और साकेत गोखले भी शामिल थे। बासठ-वर्षीय मिश्रा को पहली बार 19 नवंबर, 2018 को दो साल के लिए ईडी का निदेशक नियुक्त किया गया था।

बाद में, 13 नवंबर, 2020 के एक आदेश के जरिए केंद्र सरकार ने नियुक्ति पत्र को पूर्व प्रभाव से संशोधित किया और उनका दो साल का कार्यकाल बदलकर तीन साल कर दिया गया। सरकार ने पिछले साल एक अध्यादेश जारी किया था, जिसके तहत ईडी (शेष पेज 9)

## 370 पर सुप्रीम कोर्ट में दो अगस्त से रोजाना सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर दो अगस्त से रोजाना सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कई प्रक्रियागत निर्देश जारी करते हुए विभिन्न पक्षों द्वारा लिखित दलीलें और मामले की विवरणिका (कन्वीनिएंस कम्पाइलेशन) दाखिल करने के लिए समय सीमा 27 जुलाई तय की है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत भी पीठ में शामिल हैं। न्यायालय ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर रोजाना आधार पर होगी। सोमवार और शुक्रवार को शीर्ष न्यायालय में विविध मामलों पर सुनवाई की जाती है। इन दोनों दिनों में सिर्फ नई याचिकाएं सुनवाई के लिए स्वीकार की जाती हैं और नियमित मामलों पर सुनवाई नहीं होती है।

# पंचायत चुनाव में टीएमसी का वर्चस्व कायम

- 23344 सीटों के नतीजे घोषित, 16,330 पर जीत दर्ज की, भाजपा को मिली 3,790 सीटें, मतगणना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



पश्चिम बंगाल के नाडिया जिले में मंगलवार को पंचायत चुनाव में पार्टी की बढ़त पर जश्न मनाते टीएमसी कार्यकर्ता।

**तृणमूल** कांग्रेस, पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच हुए पंचायत चुनाव के घोषित नतीजों के मुताबिक अपने वर्चस्व को कायम रखती दिख रही है। दो साल पहले तृणमूल ने विधानसभा चुनाव में लगातारी तीसरी बार जीत दर्ज की थी। पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शाम 5:30 बजे तक घोषित नतीजों के मुताबिक 63,229 ग्राम पंचायतों में से 16,330 सीट पर जीत दर्ज कर ली है जबकि अन्य 3,002 पंचायतों में उसके उम्मीदवार आगे हैं।

घोषित नतीजों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस की निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 3,790 सीट पर जीत दर्ज की है और 802 पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। वाम मोर्चा ने 1,365 सीट जीती हैं जिनमें से अकेले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 1,206 सीट पर जीत दर्ज की है। वाम दल इस समय 621 सीट पर आगे है, जबकि कांग्रेस ने 886 सीट पर जीत दर्ज की है तथा 256 अन्य पर आगे है। नवगठित इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) सहित अन्य पार्टियों ने 937 सीट पर जीत दर्ज की है और 190 पर बढ़त बनाए हुए हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस के बागियों सहित निर्दलीय 418 सीट पर जीते हैं और 73 पर बढ़त बनाए हुए हैं।

अब तक घोषित नतीजों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस ने 18 जिला परिषदों में जीत दर्ज की है और 30 अन्य पर आगे चल रही है जबकि माकपा एक सीट पर बढ़त बनाए हुए है। राज्य में कुल 928 जिला परिषद सीट है। तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, नतीजों से लोगों का तृणमूल कांग्रेस एवं राज्य सरकार के प्रति भरोसा प्रतिबिंबित हो रहा है। यह दिखाता है कि लोगों ने भाजपा की विभाजनकारी राजनीति और कांग्रेस व माकपा की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर दिया है। इस चुनाव को सभी पार्टियों ने गंभीरता से लड़ा है क्योंकि वे इसे वर्ष 2024 संसदीय चुनाव में हवा का रुख का आकलन करने के लिए संकेतक मान रही हैं। पश्चिम बंगाल में शनिवार को हुए पंचायत चुनाव में व्यापक पैमाने पर हिंसा हुई थी जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई जिनमें 11 तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हुए थे। पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से राजनीतिक हिंसा में कुल 33 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 60 प्रतिशत सत्तारूढ़ दल से ताल्लुक रखते थे।

विभिन्न पार्टियों द्वारा मतदान में छेड़छाड़ और हिंसा के आरोप लगाए जाने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने सोमवार को 696 सीट के लिए दोबारा मतदान कराया जो कुल मिलाकर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। कलकत्ता उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चुनाव और मतगणना के दिन केंद्रीय बलों की तैनाती की गई। सोमवार को हुए पुनर्मतदान के दौरान शाम पांच (शेष पेज 9)

# डीएमई पर रांग साइड बस से टकराई कार, 6 की मौत

- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर से आठ किलोमीटर गलत दिशा में दौड़ी किलर स्कूल बस
- मरने वालों में तीन बच्चे, खाटूश्याम दर्शन करने जा रहा था मेरठ का परिवार, गांव में छाया मातम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**दिल्ली-मेरठ** एक्सप्रेस-वे पर गलत दिशा में आ रही बस ने गाजियाबाद के विजयनगर फ्लाईओवार के पास कार को सामने से सीधी टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे का शिकार मेरठ के इंचोली का रहने वाला परिवार खाटू श्याम धाम दर्शन के लिए जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सुबह करीब सात बजे यह हादसा उस समय हुआ, जब दिल्ली की गाजीपुर सीमा पर स्थित एक पेट्रोल पंप से सीएनजी भरवाकर गलत दिशा से आ रही स्कूल बस ने एक एसयूवी को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी मृतक और घायल एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के गांव धनपुर के रहने वाले हैं। हादसा इतना भीषण था कि कार चकनाचूर हो गई और मरने वालों व घायलों को कार को काटकर किसी तरह निकाला गया। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात रामानंद कुशवाहा के अनुसार, बस नोएडा के बाल भारती स्कूल की थी और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल बंद होने के कारण हादसे के समय बस में कोई छात्र मौजूद नहीं था।

कुशवाहा ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान नरेंद्र (45), उसकी पत्नी अनीता (42), बेटे करकित (15) और हिमांशु (12), भतीजी वंशिका (7) तथा भाभी बबीता (38) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में नरेंद्र के भाई धर्मेंद्र (48) और उसके बेटे आर्यन (8) को गंभीर चोटें (शेष पेज 9)

# यमुना उफान पर, पुराना रेल पुल यातायात के लिए बंद

- मंगलवार सुबह जलस्तर 206 मीटर के निशान से ऊपर पहुंचा, बाढ़ संभावित क्षेत्रों से लोगों को निकाला गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में निचले क्षेत्रों से निकल कर सुरक्षित स्थान की ओर जाते लोग

**दिल्ली** में यमुना का जलस्तर मंगलवार को 206 मीटर के निशान को पार कर गया है। इस कारण पुराना रेल पुल सड़क व रेल यातायात के लिए बंद कर दिया गया है और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का काम तेज कर दिया गया।

दिल्ली में नदी का पानी अनुमान से पहले सोमवार शाम को खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़-निगरानी मंच के अनुसार, हरियाणा द्वारा यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में अधिक पानी छोड़े जाने के कारण सोमवार शाम पांच बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर बढ़कर 205.4 मीटर हो गया था और मंगलवार सुबह छह बजे तक ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर बढ़कर 206.38 मीटर पर पहुंच गया और यह लगातार बढ़ रहा है। एहतियातन ओल्ड रेलवे ब्रिज को सड़क व रेल यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने के कारण यमुना बाजार के निवासियों के घुटनों तक पानी से होकर गुजरने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा था कि दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका नहीं है, लेकिन सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। पूर्वी दिल्ली जिले के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद सोमवार रात को वहां से लोगों को निकालना शुरू किया गया। केवल प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बने शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, हथिनीकुंड बैराज पर पानी का प्रवाह सुबह 10 बजे 3,44,035 क्यूसेक था जो पूर्वाह्न 11 बजे बढ़कर 3,59,760 क्यूसेक हो गया। आमतौर पर बैराज पर पानी की प्रवाह दर 352 क्यूसेक रहती है, लेकिन पहाड़ी इलाकों में भारी वर्षा के कारण इसका प्रवाह बढ़ जाता है। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकंड (शेष पेज 9)

## उत्तर भारत में बारिश से भारी नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** भारत के रेगिस्तान वाले राजस्थान से लेकर पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश तक लगातार हो रही बारिश मंगलवार को भी जारी रही। वर्षा जनित दुर्घटनाओं में 13 और लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ के पानी से घिरने या भूस्खलन के कारण सड़कें बंद होने से सैकड़ों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। चारधाम यात्रा भी प्रभावित हो रही है। हालांकि उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में बारिश का दौर हलका पड़ गया और धूप भी खिली। हिमाचल प्रदेश अत्यधिक वर्षा से सबसे अधिक प्रभावित है। राज्य में बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 (शेष पेज 9)

# जम्मू से अमरनाथ यात्रा तीन दिन बाद पुनः आरंभ

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-श्रीनगर** राजमार्ग के बंद होने के कारण स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा तीन दिन बाद मंगलवार अपराह्न स्थानीय आधार शिविर से फिर से शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रामबन खंड पर मरम्मत कार्य को लेकर राजमार्ग बंद कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण राजमार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे मरम्मत के बाद खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों के एक नए जत्थे को अमरनाथ गुफा मंदिर की आगे की यात्रा के लिए कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दे दी गई है। तीर्थयात्री प्रतिदिन अमूमन तड़के 3.45 से 4.30 बजे के बीच जम्मू से रवाना होते हैं। यात्रा स्थगित होने के कारण करीब 15 हजार श्रद्धालु जम्मू और अन्य स्थानों पर फंसे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि काजीगुंड में फंसे लोगों को भी जम्मू की ओर जाने की अनुमति दी गई। यात्रा स्थगित होने (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### बेंगलुरु में कंपनी एमडी और सीईओ की हत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मंगलवार को एक निजी कंपनी के पूर्व कर्मचारी ने कथित तौर पर दिनदहाड़े कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान एयरॉनिक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के एमडी फणीन्द्र सुब्रमण्या और सीईओ वीनू कुमार के रूप में हुई है। घटना यहां अमृताहल्ली में पंपा एक्सटेंशन में हुई। पुलिस के मुताबिक, फेलिक्स नाम का आरोपी एयरॉनिक्स का पूर्व कर्मचारी बताया जा रहा है और अब फरार है। डीसीपी (उत्तर-पूर्व) लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि आरोपी ने एयरॉनिक्स कार्यालय में घुसकर एमडी और सीईओ पर धारदार वस्तु से हमला किया। अस्पताल ले जाते समय दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, फेलिक्स पहले एयरोनिक्स में काम करता था, लेकिन उसने अपनी कंपनी बनाने के लिए नौकरी छोड़ दी थी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चला रही है।

# ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी

- सिनेमाघरों में खानपान पर कर घटाकर पांच फीसदी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों, कसीनो और घुड़दौड़ के कुल कारोबार पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगाने का सोमवार को फैसला किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यहां आयोजित जीएसटी परिषद की बैठक में यह फैसला किया गया। जीएसटी से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय में सभी राज्यों एवं केंद्रशासित क्षेत्रों के वित्त मंत्री भी शामिल हैं।

इसके अलावा परिषद ने सिनेमाघरों में परोसे जाने वाले खाने-पीने के सामान पर कर को घटाकर पांच प्रतिशत करने का भी निर्णय लिया। इसके साथ ही जीएसटी दर के अलावा उपकर लगाने को लेकर एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) की परिभाषा में भी बदलाव किया गया है। बैठक के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि वर्तमान में उपकर लगाने के लिए एसयूवी की परिभाषा में चार मानदंड रखे गए हैं। ये मानदंड हैं...वह एसयूवी के रूप में लोकप्रिय हो, लंबाई चार मीटर या उससे अधिक, इंजन क्षमता 1,500 सीसी या उससे अधिक होनी चाहिए और बिना वजन के उसका ग्राउंड क्लियरेंस न्यूनतम 170 मिमी होना चाहिए।

हालांकि अब एसयूवी की परिभाषा में बदलाव करते हुए केवल तीन मापदंडों को ही रखा गया है और उसके एसयूवी के रूप में लोकप्रिय होने वाला मानदंड हटा दिया गया है। जीएसटी परिषद ने सिनेमाघरों में परोसे जाने वाले खानपान के उत्पादों पर 18 प्रतिशत के बजाय पांच प्रतिशत की (शेष पेज 9)

## अडाणी-हिंडनबर्ग केस

# सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा, 14 अगस्त तक पूरी हो जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों की चल रही जांच की स्थिति के बारे में पूछा और कहा कि तफ्तीश 14 अगस्त तक दिए गए समय तक तेजी से पूरी करनी होगी। सेबी की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ से कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जांच के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया था और कार्य संभावित रफ्तार से चल रहा है। मेहता ने पीठ को बताया कि सेबी ने न्यायालय को सौंपी गई रिपोर्ट में विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर सोमवार को अपना (शेष पेज 9)

# भारत में 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दी गई जानकारी, गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले कई अन्य देश भी शामिल

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



प्रतीकात्मक चित्र

**भारत** में 2005-06 से 2019-2021 के दौरान सिर्फ 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा जारी वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश (भारत) ने गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें कहा गया है कि भारत सहित दुनिया के 25 देशों ने पिछले 15 साल में सफलता के साथ अपने वैश्विक एमपीआई मूल्य को आधा किया है। इससे इन देशों में हुई प्रगति का पता चलता है।

इन देशों में कंबोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, भारत, इंडोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने अप्रैल में 142.86 करोड़ लोगों के साथ जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। अब भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश है। रिपोर्ट में कहा गया, विशेष रूप से भारत ने गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सिर्फ 15 साल में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। रिपोर्ट कहती है कि गरीबी में कमी लाना संभव है। कोविड-19 के महामारी के दौरान के व्यापक आंकड़ों की कमी की वजह से तात्कालिक संभावनाओं का आकलन करना थोड़ा मुश्किल है। भारत में 2005-06 से 2019-21 तक 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 2005-06 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में थे। 2015-16 में यह संख्या घटकर लगभग 37 करोड़ पर और 2019-21 में 23 करोड़ पर आ गई।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में पोषण के संकेतक के आधार पर बहुआयामी गरीबी और वंचित लोगों की संख्या 2005-06 के 44.3 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 11.8 प्रतिशत पर आ गई। बाल मृत्यु दर भी इस दौरान 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग गरीब हैं और खाना पकाने के ईंधन से वंचित हैं, उनकी संख्या 52.9 प्रतिशत से घटकर 13.9 प्रतिशत रह गई है। वहीं स्वच्छता से वंचित लोग 2005-06 के 50.4 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 11.3 प्रतिशत रह गए हैं। पीने के साफ पानी यानी पेयजल के मानक पर देखें, तो इस अवधि में ऐसे लोगों (शेष पेज 9)

# सीमा हैदर को मंदिर जाने और गंगा स्नान करने की नहीं मिली इजाजत

**● सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है पाकिस्तान से आई महिला, घर के बाहर लोगों का तांता लगा**


सीमा हैदर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की पाकिस्तानी भाभी बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री के दर्शन करने अपना पर्चा खुलवाना चाहती है, लेकिन जिला कोर्ट और ग्रेटर नोएडा पुलिस ने उनको घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी है। सीमा हैदर बागेश्वर सरकार के अलावा मंदिर भी जाना चाहती हैं और गंगा नदी में स्नान भी करना चाहती है, लेकिन पुलिस और जिला न्यायालय की तरफ से उनको अनुमति नहीं दी गई है। आदेश की अगली सुनवाई तक सीमा हैदर अपने घर से बाहर ऐसे किसी भी स्थान पर नहीं जा सकती। ग्रेटर नोएडा की पाकिस्तानी भाभी सीमा हैदर इस समय काफी ट्विटर पर ट्रेंड कर रही है।

जब से सीमा और सचिन को जमानत मिली हैं, तब से उनके घर पर मीडिया का ताता लगा हुआ है। देश के सभी बड़े चैनलों पर सीमा हैदर का इंटरव्यू चल रहा है। दूसरी ओर आसपास के गांव में रहने वाले लोग सीमा हैदर को देखने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। कुछ लोग तो सीमा हैदर की एक झलक पाने के लिए बेकरार हैं। सुबह से रात तक सीमा हैदर के घर पर लोगों का तांता लगा रहता है। इसी के चलते वह सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड कर रही है। आपको बता दें कि सीमा गुलाम हैदर मूल रूप से पाकिस्तान में स्थित कराची के सिंध प्रांत की है।

वर्ष 2020 में सीमा की जान पहचान पब्जी गेम के माध्यम से ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रहने वाले सचिन से हुई थी। जान पहचान होने के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई।

दोनों ने पहली बार नेपाल में मुलाकात की थी और उसी दौरान शादी कर ली। शादी नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में की गई थी और दोनों ने साथ रहने का वादा किया।

करीब डेढ़ महीने पहले सीमा ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा पहुंची। तभी से वह सचिन के साथ रह रही थी।

बीते शनिवार एक जुलाई 2023 की सुबह करीब 9:30 बजे सीमा और सचिन ग्रेटर नोएडा से निकलकर मथुरा पहुंचे थे। वहां से ग्रेटर नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तभी से पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

सचिन अपनी पाकिस्तानी प्रेमिका सीमा को लेकर जिला न्यायालय पहुंचा था। वहां पर वकील से सीमा के भारतीय दस्तावेज बनवाने के लिए बातचीत की थी।

उसी वकील ने मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। सचिन और सीमा समेत उसके बच्चे काफी समय तक जेल में रहे। हालांकि अब उनको जमानत मिल गई है, लेकिन सीमा हैदर को घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

## जीडीए सचिव सिंह ने संभाला कार्यभार

गाजियाबाद। जीडीए में नए सचिव राजेश कुमार सिंह ने आज चार्ज संभाल लिया है।

चार्ज संभालने के बाद वह वीसी एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से मिलने के लिए चले गए। वहां उन्होंने जीडीए की वर्किंग को समझा। जीडीए के सचिव बृजेश कुमार मिश्रा का गत दिनों ट्रांसफर हो गया था। उनके स्थान पर नए पद पर सीनियर अधिकारी राजेश कुमार सिंह को तैनात किया गया है।

हालांकि इनका जीडीए में तबादला कई दिन पहले हुआ था। आज दोपहर जीडीए में नए सचिव अचानक जीडीए पहुंचे और उन्होंने चार्ज संभाला।

हालांकि बाद में वह जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह से मिलने के लिए चले गए। वहीं बताया गया कि जीडीए वीसी ने सचिव को विकास प्राधिकरण की वर्किंग के बारे में जानकारी दी है।

सीनियर अधिकारी सिंह अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से बैठक भी की है।


ग्राम मकनपुर खादर में बने तट बंध का नोएडा के जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया।

# प्राधिकरण खाते में सेंधमारी में 12 बैंक अफसरों से पूछताछ

**● बिड प्रक्रिया के दौरान पहुंचे जालसाज ने 4 करोड़ करा लिए थे ट्रांसफर**



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के खाते में सेंधमारी मामले में जांच समिति ने एफडी के लिए बिड प्रक्रिया में शामिल हुए सभी 12 बैंक अधिकारियों से पूछताछ की।

इसमें बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी भी शामिल थे। बिड प्रक्रिया वाले दिन क्या.क्या हुआ, उसका पूरा घटनाक्रम अधिकारियों ने जाना। अलग.अलग बैंकों में 400 करोड़ रुपए की एफडी कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 13 जून को सभी बड़े बैंक को पत्र जारी किया था। यह एफडी एक साल एक दिन के लिए की जानी थी। प्रक्रिया के तहत 15 जून को मुख्य वित्त नियंत्रक मनोज कुमार सिंह के दफ्तर में दोपहर करीब 3 बजे बिड प्रक्रिया हुई। अलग-अलग बैंक की तरफ से ब्याज दर को लेकर भेजे गए सील बंद लिफाफे खोले गए।

इसमें यूनियन बैंक, केनरा बैंक ने सबसे अधिक ब्याज दर बताई। बैंक ऑफ इंडिया के आए प्रतिनिधियों ने पहले तो इनकार कर दिया लेकिन कुछ देर बाद 7.66 ब्याज दर पर एफडी किए जाने का प्रस्ताव दिया। चर्चा है कि उसी दिन जो बाद में बैंक प्रतिनिधि बनकर आए वे जालसाज थे। जांच समिति ने सभी 12 बैंक अधिकारियों को प्राधिकरण दफ्तर बुलाया। बताया जाता है कि बैंक अधिकारियों ने बिड प्रक्रिया में किसी तरह की धांधली होने की बात से इनकार किया है।

# हनीट्रैप में फंसा विदेश मंत्रालय का कर्मचारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने विदेश मंत्रालय में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी नवीन पाल को जासूसी में गिरफ्तार किया है। उस पर जी-20 से जुड़े सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स एक महिला मित्र को भेजने का आरोप है।

शक है कि महिला ने हनीट्रैप में उसे फंसाकर वॉट्सऐप पर डॉक्यूमेंट्स मंगवा लिए। जांच एजेंसियों को आशंका है कि महिला पाकिस्तानी जासूस है। फिलहाल, इंटेलिजेंस ब्यूरो समेत कई सुरक्षा और जांच एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। क्रासिंग रिपब्लिक थाने के सब-इंस्पेक्टर प्रह्लाद सिंह ने नवीन के खिलाफ शासकीय गुप्त अधिनियम 1923 की धारा-3, 5, 9 और एक्ट 66 में मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस ने सोमवार शाम 4 बजे शनि मंदिर के पास से उसे अरेस्ट किया। नवीन क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र के भीम नगर का रहने वाला है। वह 12वीं पास है।

नवीन विदेश मंत्रालय में बतौर एमटीएस नौकरी करता है। पुलिस ने बताया, नवीन के पास से ऐपल का एक मोबाइल बरामद हुआ है। मोबाइल के फोटो बैकअप सेक्शन में विदेश मंत्रालय और जी-20 से संबंधित डॉक्यूमेंट्स मिले हैं।

## गृह क्लेश के चलते दंपति ने पिया तेजाब

गाजियाबाद। मुरादनगर की नया नूरंगज कॉलोनी में सोमवार दंपति द्वारा तेजाब पीने का मामला सामने आया है। दोनों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी की हालात गंभीर बनी हुई है।

नगर की नया नूरगंज कॉलोनी निवासी सादाब अपनी पत्नी सन्नो व दो बच्चों के साथ रहते है। बताया जा रहा है कि सुबह आठ बजे के आसपास किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। गुस्से में महिला सन्नों कमरे के अंदर गई और तेजाब की बोतल उठाकर ले आई। इसके बाद महिला ने पहले मुंह से बोतल लगाकर तेजाब पी लिया। इसके बाद बोतल छीनकर सादाब ने भी तेजाब पी लिया।

# नगर निगम के नियमों को ताक पर रखकर बने 250 सफाई नायक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम के हेल्थ विभाग में सफाई नायकों को बनाने को कमाई का धंधा चल रहा है। निगम एक्ट में प्रावधान है कि एक वार्ड में केवल एक ही सफाई नायक हो सकता है।

मगर नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को सफाई नायक बनाने का खेल चल रहा है। इसी के चलते ही 100 वार्ड के लिए अभी तक 250 से भी अधिक सफाई नायक बनाए जा चुके है। यह सभी सफाई नायक बनाने का कार्य नगर निगम के हेल्थ अफसर मिथिलेश कुमार की ओर से किया गया है। हेल्थ अफसर ने कैसे इतनी बड़ी संख्या में सफाई नायक बना दिए इसके पीछे भी कमाई का मामला माना जा रहा है।

ऐसा नही है कि कमाई के बूते पर ही हेल्थ अफसर अपनी जेब भर रहे है। कई ऐसे पार्षद, कई ऐसे सफाई कर्मी नेता है जो सिफारिश कर सफाई नायक बनवा रहे है। यहीं कारण है कि गाजियाबाद सिटी का एक भी ऐसा वार्ड नहीं है जहां सफाई नायक की संख्या एक हो। अब यह मामला भी महापौर तक पहुंच गया है। महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि एक वार्ड में कैसे एक से अधिक सफाई नायक तैनात हो सकते है यह एक बड़ा मामला है।

## करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

नोएडा। नोएडा में दादरी थानाक्षेत्र के म्यू -सेक्टर में एक मकान में काम करने के दौरान बिजली का करंट लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि म्यू सेक्टर में मोहित भाटी के मकान पर अवधेश कुमार अपने एक-एक साथी बिजली का काम कर रहा था और उसी दौरान जब वह ड्रिल मशीन से दीवार में छेद कर रहा था तभी मशीन में करंट आ गया एवं उसे करंट लग गया। अवधेश को उसके साथी ने बचाना चाहा तो उसे भी बिजली का झटका लग गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में अवधेश की मौत हो गई। अगर इस मामले में मृतक के परिजन कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस मामले की जांच करेगी।

# अलग-अलग सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में सोमवार रात हुए दो सड़क हादसों में एक युवक और एक युवती की मौत हो गई।

पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीटा-2 थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि ओमेगा वन निवासी शिवम सोमवार देर रात 12.45 बजे अपने दो दोस्तों के साथ पैदल परी चौक की तरफ जा रहा था, तभी उदमान होटल के सामने एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। मिश्रा के मुताबिक, शिवम को अत्यंत गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिवम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिश्रा के अनुसार, दूसरा हादसा कासना थाना क्षेत्र में हुआ, जहां लुक्सर जेल रोड पर एक अज्ञात बाइक सवार ने कार्यालय से लौट रही 25 वर्षीय महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अंतरिक्ष बिल्डर समेत 25 लोगों पर एफआईआर

**● अतिक्रमण तोड़ने गई नोएडा प्राधिकरण की टीम पर किया था हमला**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-1 सोसाइटी में अतिक्रमण हटाने के दौरान प्राधिकरण की टीम से हाथापाई मामले में बिल्डर समेत 25 लोगों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नोएडा प्राधिकरण की टीम शुक्रवार को सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फव्यू सोसाइटी में पार्किंग की जगह बने अवैध फ्लैट तोड़ने गई थी। टीम छह फ्लैट ही तोड़ पाई थी कि बिल्डर पक्ष के लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी। हंगामा होने पर संबंधित कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ऐसे में प्राधिकरण की टीम को कार्रवाई बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा। प्राधिकरण अधिकारियों की शिकायत पर सेक्टर-113 कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्राधिकरण के नियोजन विभाग के प्रबंधक विनय कुमार की शिकायत पर अंतरिक्ष गोल्फव्यू सोसाइटी के मालिक हरेंद्र यादव के अलावा विनोद शर्मा और आशुतोष सहित 20-25 लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आशुतोष और विनोद शर्मा ने सरकारी काम में व्यवधान उत्पन्न किया।

## मेरठ रोड पर ऑटो वाले वसूलने लगे दो गुना किराया

गाजियाबाद। मेरठ रोड पर आज से रोडवेज बसें पूरी तरह से बंद हो गई। इसके साथ ही इस रूट पर चलने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इन लोगों को अपने साधन या फिर ऑटो को पकडकर आना पड़ रहा है। ऐसे में कई रूटों पर अब ऑटो वाले मनमाना किराया भी वसूल रहे हैं।

मेरठ रोड से होकर प्रति एक घंटे बाद रोडवेज की बस भी चल रही थी। हालांकि गाजियाबाद डिपो की बसें पिछले कई दिनों से इस रूट पर नहीं चल पा रही थी। इस रूट पर अभी मेरठ डिपो की बसें चल रही थी। मुरादनगर में हुई एक घटना के बाद से इस रूट पर प्रशासन ने मेरठ डिपो की बसों का संचालन भी बंद कर दिया। आज सुबह जिन लोगों को अपने काम और ड्यूटी से गाजियाबाद आना पड़ा उन लोगों के लिए परेशानी पैदा हो गई। दरअसल इस पूरे रूट पर लाइट वाहन भी बंद हो गए हैं। लोगों की सुविधा के लिए रूट पर केवल ऑटो संचालित करने का कार्य किया जा रहा है।

इससे आम मुसाफिरों को परेशानी हो रही है। कई रूटों पर तो आम लोग और भी परेशान हो गए है। दरअसल कई ऐसे रूट है जिन रूट से होकर आने वाले मुसाफिरों से अधिक किराया वसूला जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि मुरादनगर से गाजियाबाद के पुराने बस अड्डे का किराया पहले केवल बीस रूपये लिया जा रहा था। आज से इस रूट पर किराया 40 रूपये प्रति मुसाफिर लिया जा रहा है।

INDAG
**इंडैग रबर लिमिटेड**
(सीआईएनः एल74899डीएल1978पीएलसी009038)
पंजी. कार्यालयः 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 011-26963172/73, ई-मेल आईडीः info@indagrubber.com, वेबसाइटः www.indagrubber.com
**44वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं रिमोट ई-वोटिंग सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंडैग रबर लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की चवालीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 03 अगस्त, 2023 को दोपहर के 3.00 बजे, एजीएम नोटिस में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित करने हेतु, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो कि कम्पनी अधिनियम, 2013 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020, दिनांक 05 मई 2020, 02/2021, दिनांक 13 जनवरी 2021, 2/2022, दिनांक 05 मई 2022, तथा 10/2022, दिनांक 28 दिसंबर 2022, ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 5 जनवरी 2023 क्रमानुसार ("सेबी सर्कुलर्स") (सामूहिक रूप से "संबद्ध सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए व्याख्यात्मक विवरण और वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना 10 जुलाई, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेज दी है, जिनका नाम 30 जून, 2023 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देता है और जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.indagrubber.com पर 'निवेशक संबंध' शीर्षक के तहत और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में भाग ले सकते हैं और ऐसे सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा।

एजीएम के उद्देश्य और वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए अंतिम लाभांश के लिए शेयरधारकों की पात्रता का निर्धारण करने के लिए सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 से गुरुवार, 3 अगस्त, 2023 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

**रिमोट ई-वोटिंग**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ-साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी ने अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाओं का लाभ उठाया है। सदस्य कृपया कंपनी द्वारा प्राप्त दूरस्थ ई-वोटिंग सेवाओं के संबंध में नीचे नोट करें -

(i) एजीएम के नोटिस में निर्धारित सामान्य और विशेष व्यवसाय को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है जो 31 जुलाई, 2023 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगा और 2 अगस्त, 2023 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा।
(ii) जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि 27 जुलाई, 2023 को सदस्योंध्लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वह कंपनी का ईवीएन नंबर का चयन करके रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
(iii) कोई भी व्यक्ति जिसने इलेक्ट्रॉनिक रूप में एजीएम नोटिस भेजने के बाद लेकिन 27 जुलाई, 2023 की कट-ऑफ तारीख से पहले शेयर हासिल कर लिया है और कंपनी का सदस्य बन गया है, वह कंपनी के आरटीए से admin@skylinerta.com पर ई-मेल करके और एनएसडीएल से evoting.nsdl.co.in पर ई-मेल करके रिमोट ई-वोटिंग के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
(iv) 2 अगस्त 2023 को शाम 5:00 बजे के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग अक्षम कर दी जाएगी और उक्त तिथि और समय के बाद किसी भी वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(v) 44वीं एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम के नोटिस में एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया का वर्णन किया गया है।
(vi) वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले रहे हैं और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट करने के पात्र होंगे।
(vii) एक सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग करने के बाद एजीएम में भाग ले सकता है लेकिन उसे एजीएम में दोबारा वोट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(viii) सदस्यों के निरीक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज एजीएम के दौरान बिना किसी शुल्क के निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध होंगे।
(ix) किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या 022 - 4886 7000 और 022 - 2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं। या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013., निर्दिष्ट ईमेल आईडी - evoting@nsdl.co.in पर जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से जुड़ी शिकायतों का भी समाधान करेगा। सदस्य कंपनी सचिव को info@indagrubber.com पर भी लिख सकते हैं।

उक्त बैठक का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.indagrubber.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
मनाली डी. बिजलानी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जूलाई, 2023

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संदीप शंकर चौधरी/ रूपाली चौधरी/ LBPNP00001825998 | फ्लैट नंबर 0301, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक- ए2, यूनीवर्ल्ड गार्डन-II, सेक्टर-47, गुड़गाँव, हरियाणा/ जुलाई, 07 2023 | जुलाई 06, 2021 रु. 39,64,228/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 12, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश गुप्ता/नीरू गुप्ता/ LBDEL00001636232/ LBDEL00001842438 | प्रॉपर्टी नंबर 97, ब्लॉक नंबर एच, पॉकेट- 3, सेक्टर-18, रोहिणी दिल्ली/ जुलाई 07, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 5,93,38,907/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अभिमन्यु चौधरी/ सोनू चौधरी/ LBGHZ00005706417 | फ्लैट नंबर 1805, 18वीं मंजिल, एसयूएन-2, मिगसन अल्टीमो, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-ओमीकॉर्न-3, ग्रेटर नोएडा/ जुलाई 07, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 51,42,444/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सुजीत कुमार झा/सविता देवी/ LBNOD00001883296 | फ्लैट नंबर 445, ब्लॉक-एफ, सेक्टर-डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा/जुलाई 07, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 7,45,314/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | राज कुमार भगत/ अमित नंदन/ LBDEL00002408767 | फ्लैट नंबर 0005, टावर-बी11, इको विलेज-1, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर -1, ग्रेटर नोएडा/ जुलाई 07, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 8,09,520/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | रश्मिता कुमारी/अनूप कुमार झा/ LBDEL00004041544/ LBDEL00004149831 | फ्लैट नंबर- ए 803, 11वीं मंजिल, समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू, टॉवर- ए प्लॉट नंबर जीएच-09, टेकज़ोन- 4, ग्रेटर नोएडा/ जुलाई 07, 2023 | जनवरी 25, 2023 रु. 10,77,304/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | रौक्शाना बेगम/नौशाद अली/ LBFDB00003112033 | प्लॉट नंबर 1442 पी, सेक्टर-7ई, अर्बन एस्टेट, जिला फ़रीदाबाद में स्थित/ जुलाई 07, 2023 | दिसंबर 19, 2022 रु. 41,65,801/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | शिव कुमार/उषा/संजीव सूद/ LBFDB00001071758 | 1166, एचआईजी, ग्राउंड फ्लोर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-23, फ़रीदाबाद/ जुलाई 07, 2023 | जुलाई 06, 2021 रु. 10,65,443/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | सुमन कुमारी/ मुकेश कुमार/ LBFDB00003590308 | फ्लैट नंबर-507, टाइप-डी, 5वीं मंजिल, टावर 5, ''हैप्पी होम्स ग्रैंड'', ग्राम भटोला, सेक्टर-85, फ़रीदाबाद/ जुलाई 07, 2023 | फ़रवरी 27, 2023 रु. 13,73,329/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | तविंदर सिंह बेदी/ अमिता बेदी/ LBDEL00000715677 | प्लॉट नंबर 759, अर्बन एस्टेट, सेक्टर- 15/ए, फ़रीदाबाद/ जुलाई 07, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 10,77,084/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 12, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सार्वजनिक सूचना**
जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुमारी मोनिका पुत्री श्री वेद प्रकाश और श्री वेद प्रकाश पुत्र स्वर्गीय श्री तब्बू राम, उक्त संपत्ति Plot No. 31, area measuring 125.5 Sq. Yds. out of Khasra No. 42/14, situated in the area of Village Hastsal, colony known as R-Block Extn. Mohan Garden, New Delhi-110049 का बिक्री विलेख दिनांक 01.10.2004 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 22912 के द्वारा मालिक थे! तथा श्री वेद प्रकाश की मृत्यु दिनांक 15.05.2012 हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि मेसर्स टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री वेद प्रकाश के विधिक उत्तराधिकारी राज कुमारी, दीपक कुमार, सुमित कुमार और मोनिका उर्फ मोनिका वर्मा है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client that Mr. Vinay Malhotra is the owner of Property Bearing No. 258, admeasuring 120 Sq. Mtrs., in Block-H, Situated in Sector-Beta, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar (U.P); " the said property" by virtue of Transfer deed dated 24.10.2002, (for ½ undivided share), & Mutation Letter dated 17.04.2023 (for remaining ½ undivided share after demise of his father late Mr. J. C. Malhotra). All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to Mr. Manjit Kumar & Mrs. Uma Rani who is taking Home Loan facility for purchase the said property from our client., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Vijay Malhotra in respect of the said property its sale /Mortgage/ Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sourabh Shukla** who is purchasing the **Land Area Measuring 50 Sq. Yards Out Of Khasra No. 367min, Khata No. 00136, Situated In The Village Of Haibatpur Pargana & Tehsil Dadri, Distt Gautambudh Nagar (U.P.)** from **Mr. Shiv Kumar Sharma** S/o Mr. Kanti Prasad, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that my client **Smt.Seema Thapar W/o Sh. K.L. Thapar R/o 8/166,Arya Nagar, Kanpur, U.P. 208002.Through its Power of Attorney Holder Sh. Manish Thapar S/o Sh. K.L. Thapar R/o 8/166,Arya Nagar,Kanpur, U.P. 208002**,allottee of freehold property bearing DDA Flat No.522,on Ground Floor,Sector-A, Pocket-C,SFS Cat.III,Situated at Vasant Kunj, New Delhi-110070 Vide DDA File No. **F.94 (196)83/SF S/VK/III**,has applied for certified copies of the aforesaid flat in DDA.All the original documents **Allotment/Demand Letter, Possess ion Letter,Site Possession Slip & NOC For Electri city & Water Connection Issued By The DDA** of the above flat have been lost. An FIR/NCR/LR to this effect has lodged in Police Station Kanpur, U.P., vide NCR/FIR/L.R.No.20230000388751,Dated 19/06/2023. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above address/phone No. **9919 555627** within 15 days from the date of publicati on of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (SFS) H or Director (H)-1, D Block, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**SALE NOTICE**
The under mentioned Assets will be sold through auction on "**AS IS WHERE IS BASIS**" and "**AS IS WHAT IS BASIS**" for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD. VS. ASMA KHAN, CS (COMM) 1469/22 | Vehicle No.- DL12CS0131, Make and Model- TATA TIAGO, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LIMITED VS. AMIT SETHI, Ex. (COMM) No.49/2022 | Vehicle No.- DL12CA4787, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD XUV-500, Manu Year- 2012 Reserve Price: Rs.1,00,000 and EMD amount: Rs.10,000 |

**Auction Date: July 27, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No.166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**
**Note:** EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC
**Terms of Sale**
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, SHAL TOWERS, Plot No 23, New Rohtak Road, Karol Bagh Delhi - 110005 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बाढ़ संभावित इलाकों में बचाव कार्य तेज

## यमुना का जलस्तर बढ़ा तो सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : मंत्री

● दिल्ली के 6 जिलों में करीब 2500 शिविर बनाए गए, यहां लोगों के रहने और भोजन की विशेष व्यवस्था : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


मयूर विहार स्थित यमुना किनारे अस्थायी टेंट लगाकर लोगों को आशियाना मुहैया कराया गया। फोटो: रंजन डिमरी

यमुना का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। सरकार ने यमुना के डूब क्षेत्र में आने वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने काम शुरू कर दिया है। राजधानी के 6 जिलों में करीब ढाई हजार शिविर बनाए गए हैं। इन शिविरों में लोगों के लिए रहने व खाने का प्रबंध किया गया है। इन शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए दरी और गद्दें बिधाए गए हैं। अगर किसी तरह की बीमारी के संकेत मिलते हैं तो सरकार की ओर से डॉक्टरों की टीम भेजी जाएगी।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को अक्षरधाम में राहत व बचाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और डूब क्षेत्र से लोगों को निकालना शुरू कर दिया गया है।

प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को अलग-अलग जिलों में बने शिविरों में स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। वहीं, डूब क्षेत्र में लोगों की मदद के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल और 50 से अधिक नौकाएं तैनात की गई हैं। सौरभ के अनुसार पूर्वी जिले में करीब 1700 से ज्यादा शिविर स्थापित किए गए है। नार्थ ईस्ट और साउथ ईस्ट में करीब 200 शिविर है। सोमवार रात से ही जिले की टीम लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगी है। मंत्री यमुना के किनारे बसे लोगों से सुरक्षित स्थानों व शिविरों में आने का अनुरोध किया है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा सका। वहीं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि उत्तर भारत, खासकर दिल्ली व इसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसे देखते हुए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने प्रभावित इलाकों में लंगर और अन्य सेवाएं शुरू कर दी हैं। दिल्ली में यमुना नदी के आस-पास के क्षेत्रों व अन्य इलाकों में जहां कहीं भी बाढ़ के हालात बने हैं वहां पर जिला मजिस्ट्रेट व एसडीएम द्वारा संपर्क करने के बाद कमेटी की टीम ने नदी के आसपास व अन्य क्षेत्रों में लंगर सेवाएं प्रदान की हैं।

### निगरानी के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष

बाढ़ के खतरे को दो तथ्यों से देखने की जरूरत है। पहला, दिल्ली में कितनी बारिश हुई। दिली में हुई बारिश से बाढ़ आने का खतरा बहुत कम है। दूसरा, हिमाचल से हरियाणा में पानी आता है और हरियाणा से यमुना के जरिए दिल्ली में आता है। हथिनी कुंड से यमुना में जो पानी छोड़ा जाता है। उस पानी पर दिल्ली में बाढ़ का खतरा ज्यादा निर्भर है। ऐसे में राज्य सरकार ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों और यमुना के जलस्तर की निगरानी के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष सहित कई नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं।

## इंडिया गेट के पास सड़क धंसी, यातायात प्रभावित

*नई दिल्ली। शेरशाह रोड के समीप मंगलवार को सुबह सड़क का एक हिस्सा धंस गया जिससे इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर यातायात बाधित हो गया। दिल्ली में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश होने के कारण कई हिस्सों में जलभराव हो गया है और वाहनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। यातायात पुलिस ने ट्विटर पर यात्रियों को सड़क धंसने की सूचना दी और उन्हें इसके अनुसार ही यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी। शेरशाह रोड मोड़ के समीप सड़क धंसने के कारण सी-हेक्सागन इंडिया गेट पर यातायात प्रभावित है। यात्रियों को इसके अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी जाती है। पुलिस ने बताया कि सड़क का जो हिस्सा धंसा है, वहां किसी भी हादसे से बचने के लिए अवरोधक लगा दिए गए हैं।*


शेरशाह रोड के समीप धंसी सड़क को ठीक करते कर्मचारी।

# उपराज्यपाल ने जलभराव को बताया वार्षिक परंपरा, आप का पलटवार

● नालों की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण हुआ जलभराव : एलजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना


जलबोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज

शनिवार से सोमवार को लगातार बारिश का दौर जारी रहा और लोगों ने जलभराव के साथ जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

दिल्ली में मंगलवार को बारिश नहीं होने से जलभराव से थोड़ी राहत मिली है लेकिन अब इस मुद्दे पर एलजी उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि राजधानी में जलभराव की वार्षिक परंपरा का सामना करना पड़ता है। इसके सबसे बड़ा कारण नालों की ठीक से सफाई नहीं होना है। इस पर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, जबकि उन्होंने पहले दावा किया था कि नालों से गाद निकाली गई है और यमुना को साफ किया गया है। यमुना बाजार इलाके में यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने की स्थिति का जायजा लेते हुए सक्सेना ने कहा कि अप्रत्याशित रूप से हो रही बारिश से निपटने के लिए पहले ही तैयारी कर ली जानी चाहिए थी।

सक्सेना ने कहा, दिल्ली के लोग जलभराव से परेशान हैं, जो एक वार्षिक परंपरा बन गई है। नालों की उचित तरीके से सफाई और जल संचयन नहीं किया जा रहा है। वर्षों से ऐसा नहीं किया गया है, जिसके कारण हर बार जलभराव हो रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यमुना और नजफगढ़ नाले से गाद नियमित रूप से निकाली जानी चाहिए, ताकि उनकी पानी के संग्रहण की क्षमता बढ़ सके। ऐसा नहीं किया गया, इसलिए दिल्ली जलमग्न है। एलजी ने यह भी कहा कि दिल्ली की आबादी वर्ष 2014 के बाद से 50 लाख तक बढ़ गई है, लेकिन उसके अनुरूप सीवर लाइन और पानी की निकासी के लिए योजना नहीं बनाई गई, जिसकी वजह से बारिश के बाद शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई।

उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि इस पर ध्यान दिया जाए, ताकि लोग हर साल उनके सामने आने वाली इन समस्याओं से मुक्त हो सकें। सक्सेना ने पिछले सप्ताह जलभराव के कारण बंद की गई प्रगति मैदान टनल, मिंटो ब्रिज और जखीरा अंडरपास का भी निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसियों को खामियों को दूर करने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, प्रगति मैदान में पानी के वापस बहने की समस्या थी, जबकि मिंटो ब्रिज अंडरपास में एक सीवर लाइन टूटी हुई पाई गई। इसी तरह की समस्या जखीरा अंडरपास में भी थी और उपराज्यपाल ने अधिकारियों को इसे तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया।

इस बीच मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सिलसिलेवार ट्वीट कर उपराज्यपाल पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें ऐसे वक्त में ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए, जब लोग राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया कि क्या एलजी ने यह दावा नहीं किया कि उन्होंने सभी नालों से गाद निकलवाई और यमुना साफ कराई। क्या वह अपने कई दौरों पर मीडिया को साथ नहीं ले गए थे। अब क्या हुआ। अब वह दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। भारद्वाज दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अध्यक्ष भी हैं, जो यमुना नदी की सफाई के लिए जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा, एलजी ने पिछले एक साल से डीजेबी को निधि नहीं दी है। वित्तीय समस्याएं खड़ी करने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### सरकार के कामकाज में हो रहा हस्तक्षेपः सौरभ

*एक अन्य ट्वीट में भारद्वाज ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल दिल्ली की निर्वाचित सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करते रहते हैं और इसके बजाय उन्हें कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो उनका मुख्य काम है। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में भारद्वाज ने दावा किया, एलजी ने गलती से अपने ही दावों का पर्दाफाश कर दिया और साबित कर दिया कि वह दिल्ली के नालों को साफ करने का झूठा श्रेय ले रहे थे।*

# निर्माण स्थल पर जनहानि तो नपेगा ठेकेदार

● आप सरकार ने निर्माण स्थलों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

दिल्ली सरकार ने निर्माण स्थलों के लिए मंगलवार को नए सुरक्षा दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया कि किसी दुर्घटना में जनहानि होने पर ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा, जबकि अधिकारियों के खिलाफ भी प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। नए सुरक्षा दिशानिर्देश लोक निर्माण विभाग के यहां स्थित अलग-अलग निर्माण स्थलों पर दो व्यक्तियों की मौत होने के बाद आए हैं।

दिल्ली सरकार ने एक आधिकारिक परिपत्र में कहा कि निर्माण स्थलों पर उचित बैरिकेडिंग और संकेतक होने चाहिए और ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई जलभराव न हो। किसी भी दुर्घटना की स्थिति में अधिकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। परिपत्र के अनुसार, सुरक्षा प्रोटोकॉल की कमी के कारण निर्माण स्थल पर किसी दुर्घटना के कारण जनहानि होने पर, ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा, प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और प्रभारी अभियंता के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस महीने की शुरुआत में यहां लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के परिसर में एक निर्माणाधीन इमारत में काम करते समय एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई थी।

वहीं गत तीस जून को सामने आई एक अन्य घटना में, अजित शर्मा पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा में एक यात्री को छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे, रास्ते में उनका ऑटोरिक्शा वजीराबाद के पास पानी से भरे गड्ढे में फंस गया। शर्मा जब वाहन को धक्का देने के लिए बाहर निकले तो गड्ढे में गिर गए और डूब गए।

## निजी स्कूलों के शिक्षक भी सरकारी विद्यालय के समान वेतन पाने के हकदार




**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने कहा है कि गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के शिक्षक सरकारी स्कूलों के अपने समकक्षों के समान वेतन और भत्ते पाने के हकदार हैं।

अदालत ने सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार अपने शिक्षकों को वेतन देने के उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ के निर्देश को चुनौती देने वाली एक निजी स्कूल की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम की धारा 10 में प्रावधान है कि किसी मान्यता प्राप्त निजी स्कूल के शिक्षकों के वेतन और भत्ते, चिकित्सा सुविधाएं आदि का पैमाना सरकारी स्कूल में उनके समकक्ष शिक्षकों से कम नहीं होगा। अदालत ने यह भी कहा कि शिक्षा निदेशालय ने 17 अक्टूबर, 2017 को एक अधिसूचना में निर्देश दिया था कि सभी मान्यता प्राप्त स्कूल सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेंगे।

## यमुना की सफाई के लिए बनी समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे एलजी

● उच्चतम न्यायालय ने एनजीटी के आदेश पर लगाई रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उस आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल से यमुना नदी की सफाई के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की अध्यक्षता करने को कहा गया था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ अधिकरण के 19 जनवरी के आदेश के खिलाफ सुनवाई के लिए सहमत हो गई। साथ ही, याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया, जिनकी अर्जी पर अधिकरण ने आदेश जारी किया था। यमुना नदी के पुर्नजीवन के लिए काफी कार्य लंबित रहने का उल्लेख करते हुए अधिकरण ने एक समिति गठित का गठन किया था और उपराज्यपाल से इसकी अध्यक्षता करने का आग्रह किया था। उपराज्यपाल से समिति की अध्यक्षता करने का आग्रह किया, जो डीडीए के अध्यक्ष ओर दिल्ली के प्रशासक हैं।

# अब तक डीडीए के 1000 से अधिक फ्लैट बुक

● पहले आओ-पहले पाओ योजना को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण की पहले आओ-पहले पाओ आवासीय योजना को घर खरीदारों की अच्छी प्रतिक्रया मिल रही है। गत सोमवार को शुरू हुई आवासीय योजना के फ्लैटों की बुकिंग शुरु होने के दूसरे दिन तक एक हजार से अधिक फ्लैट लोगों ने बुक करा लिए हैं।

डीडीए के इतिहास में पहली बार, पिछले 24 घंटों में फ्लैट बुक करने वाले सभी लोगों को 945 मांग पत्र ऑनलाइन जारी किए हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण को अनुसार, इस कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन हैं रिठाला, रोहिणी सेक्टर 25, रोहिणी सेक्टर 26, रोहिणी सेक्टर 31, रोहिणी सेक्टर 32, रोहिणी सेक्टर 36, बरवाला, रोहिणी सेक्टर 35, रोहिणी सेक्टर 34, बवाना औद्योगिक क्षेत्र-एक सेक्टर 3, 4, बवाना औद्योगिक क्षेत्र -एक, सेक्टर 1 व 2, बवाना जेजे कॉलोनी, सन्नौठ, न्यू सन्नौठ डिपो स्टेशन, भोरगढ़ गांव, अनाज मंडी नरेला, नरेला डीडीए खेल परिसर, नरेला सेक्टर 5, कुंडली और नाथपुर शामिल हैं।

डीएमआरसी की इस परियोजना से रोहिणी और नरेला के नए सेक्टरों को बेहतर परिवहन सुविधा मुहैया होगी। इससे नरेला और रोहिणी में रियल एस्टेट के निवेशकों को आने वाले काफी फायदा होगा। योजना का पंजीकरण और बुकिंग जारी है और लोग डीडीए की वेबसाइट के माध्यम से अपनी पसंद के फ्लैट ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

डीडीए की आवास योजना के लिए द्वारका, जसोला, नरेला, सिरसपुर, लोकनायक पुरम और रोहिणी में लगभग 5500 फ्लैटों के लिए 1बीएसके, 2 बीएसके और 3 बीएसके फ्लैटों के लिए बुकिंग 10 जुलाई दोपहर 12 बजे शुरू हुई। जहां द्वारका में 2बीएचके फ्लैट कुछ ही घंटों में पूरी तरह बिक गए। वहीं नरेला और रोहिणी में भी खरीदारों की जबरदस्त प्रतिक्रया मिल रही है।

## जैन की चिकित्सीय जांच अन्य अस्पताल में कराने की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी जिसमें उसने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि धनशोधन मामले में मुकदमे का सामना कर रहे आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की चिकित्सीय जांच दिल्ली सरकार द्वारा संचालित लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल के बजाय एम्स जैसे किसी अन्य अस्पताल में कराई जाए।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि चूंकि मामला अब उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए उच्च न्यायालय में निर्णय करने के लिए कुछ नहीं बचा है।

# राजधानी में अलग-अलग जगह तीन लोगों की हत्या

## पुल प्रह्लादपुर में व्यक्ति को चाकू घोंपा, तो वेलकम इलाके में दो मजदूरों को मारी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी में अलग-अलग जगह तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। पुल प्रह्लादपुर में व्यक्ति को चाकू घोंपा, तो वेलकम इलाके में दो मजदूरों को गोली मार दी गई है।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने दो दिहाड़ी मजदूरों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रदीप और बबलू के रूप में हुई है। घटना सोमवार देर रात सवा दो बजे सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि वेलकम में पीली मिट्टी के मुख्य 65 फुटा रोड पर एक व्यक्ति का शव मिला और उसके पेट तथा पेट के निचले हिस्से में गोली मारे जाने के दो निशान मिले हैं। उसकी पहचान दिहाड़ी मजदूर प्रदीप के रूप में की गई है। शव के पास से नौ एमएम के दो खाली खोखे मिले हैं।डीसीपी ने बताया कि इसके तुरंत बाद सुभाष पार्क में एक सीने तथा पेट के निचले हिस्से में गोली मारे जाने के दो निशान मिले हैं।पुलिस ने बताया कि भजनपुरा पुलिस थाने में बबलू को खराब चाल-चलन का व्यक्ति घोषित किया हुआ था और उस पर झपटमारी तथा चोरी के 13 मुकदमे दर्ज थे।

वह दिहाड़ी मजदूर के रूप में भी काम करता था। उसके शव के पास भी नौ एम एम के दो खाली खोखे बरामद हुए हैं। वहीं पुल प्रहलादपुर इलाके में एक युवक हत्या की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। वह पैदथ पारपथ की लिफ्ट के ऑपरेटर का काम करता था और शौचालय परिसर में बने कमरे में रहता था। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत एक मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि सोमवार रात 10.24 बजे सूचना मिली कि पुल प्रह्लादपुर स्थित बस स्टॉप के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पीड़ित को बत्रा अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मेट्रो फेज-4 का विस्तार होगा हरियाणा के कुंडली तक

● दिल्ली मेट्रो रेल निगम नए सिरे से तैयार करेगा डीपीआर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम चरण चार में प्रस्तावित रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर का हरियाणा के कुंडली तक विस्तार करेगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर डीएमआरसी नए सिरे से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर इस महीने तक सरकार के पास भेज देगा।

इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है, तो येलो लाइन (समयपुर बादली-गुरुगुग्राम), वॉयलेट लाइन (कश्मीरी गेट-फरीदाबाद) और ग्रीन लाइन(कीर्ति नगर/ इंद्रलोक-बहादुरगढ़) के बाद यह मेट्रो का हरियाणा में यह चौथा विस्तार होगा। इस कॉरिडोर की योजना वर्तमान में गाजियाबाद के शहीद स्थल से रिठाला (रेड लाइन) कॉरिडोर का विस्तार है। अगर डीएमआरसी की योजना को मंजूरी मिल जाती है तो यह दिल्ली के माध्यम से हरियाणा और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला मेट्रो का पहला कॉरिडोर हो सकता है। दिल्ली मेट्रो ने इस रूट पर चार कोच वाली मेट्रो चलाने का प्रस्ताव रखा है। यदि इसकी मंजूरी मिल जाती है, तो पूरा कॉरिडोर 27.319 किलोमीटर का होगा। जिसमें 22 स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर का 26.339 किलोमीटर का हिस्सा ऐलिवेडेड और लगभग 0.89 किलोमीटर भूमिगत होगा। 22 स्टेशनों में से 21 एलिवेटेड और भूमिगत स्टेशन बनेगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार, इस कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन हैं रिठाला, रोहिणी सेक्टर 25, रोहिणी सेक्टर 26, रोहिणी सेक्टर 31, रोहिणी सेक्टर 32, रोहिणी सेक्टर 36, बरवाला, रोहिणी सेक्टर 35, रोहिणी सेक्टर 34, बवाना औद्योगिक क्षेत्र-एक, सेक्टर 3 व 4, बवाना औद्योगिक क्षेत्र-एक, सेक्टर 1 व 2, बवाना जेजे कॉलोनी, सन्नौठ, न्यू सन्नौठ डिपो स्टेशन, भोरगढ़ गांव, अनाज मंडी नरेला, नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नरेला, नरेला सेक्टर 5, कुंडली और नाथपुर स्टेशन शामिल हैं।

इन क्षेत्रों में मेट्रो पहुंचने से दिल्ली विकास प्राधिकरण की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी। इससे पहले भी डीएमआरसी के द्वारका तक मेट्रो विस्तार योजना ने उपनगर द्वारका की कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया था। विस्तार होने के बाद इस इलाके में संपत्तियों के दाम भी तेजी से बढ़े।

# जालसाज गिरफ्तार, 20 करोड़ की ठगी

● उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में 12 से अधिक अपराधिक मामले दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक जालसाज को बक्करवाला से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपिल देव राठी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 12 अपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ उत्तराखंड पुलिस ने 51,500 का ईनाम घोषित किया था।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि हवलदार नवीन कुमार को सूचना मिली थी कि उत्तराखंड राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज 12 से अधिक अपराधिक मामलों में शामिल ईनामी ठग अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बक्करवाला इलाके में छिपकर रह रहा है। जानकारी पुख्ता करने के बाद पुलिस टीम ने जाल बिछाया और वहां से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी कपिल देव राठी ने खुलासा किया कि वह उत्तराखंड में हत्या और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामलों में शामिल है। वर्ष 2002 में उसने बीमा कंपनियों में एजेंट के रूप में काम किया। इसके बाद उसने अपने सहयोगियों के साथ वर्ष 2012 में एक



सहकारी समिति जनशक्ति मल्टी स्टेट मल्टी पर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड शुरू की और कुछ समय बाद 12 राज्यों में इस समिति की शाखाएं खोली। उसने अधिक ब्याज दरों के नाम पर लोगों को लालच दिया और अपनी सोसायटी में कई लोगों के खाते खुलवाए। उसने लोगों को एफडी, आरडी, बचत पत्र आदि के माध्यम से अपनी सोसायटी में अधिक पैसा निवेश करने व अधिक मुनाफा देने का लालच दिया और वर्ष 2021 से उसने निवेशकों को जमा पैसा वापस देना बंद कर दिया। इस तरह उसने अपनी सोसायटी के जरिए लोगों से 20 करोड़ से ज्यादा की ठगी की। वह घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता व सोसायटी का अध्यक्ष भी है।

# अंजू देवी ने फिर संभाला चेयरपर्सन का पद, विरोधियों के सपने हुए पस्त

एन. रोहिल्ला सोहना

**नगर** परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी ने मंगलवार को 18 दिन के बाद कार्यभार संभाल लिया है। अंजू देवी के परिषद कार्यालय से गैर हाजिर रहने पर 22 जून को उपचेयरपर्सन रीना छाबड़ी को निकाय विभाग ने अतिरिक्त कार्यभार संभाला था।

स्कूल के फर्जी प्रमाण पत्र के मामले में आरोपित नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी ने फिर से नगर परिषद चेयरपर्सन का कार्यभार संभाल लिया है। अंजू देवी की 7 दिन पहले राजस्थान के हाइकोर्ट से जमानत हुई थी। जमानत होने के बाद अंजू देवी ने हरियाणा सरकार से अपना कार्यभार वापस लेने की कार्रवाई शुरु कर दी थी। जिसमें मंगलवार की सुबह अंजू देवी को प्रशासन की तरफ से मिली स्वीकृति के बाद दोपहर पहले साढ़े ग्यारह बजे पहुंच चेयरपर्सन का पद संभाल लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सतीश तवंर, पार्षद नौवत सैनी, कपिल सैनी, ओमप्रकाश, पूर्व पार्षद बालूराम सैनी, नगेश मुखी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।


**नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा चेयरपर्सन अंजू देवी कार्यभार संभालने के दौरान फूलों का पुष्पगुछ देकर स्वागत करते हुए।**

**विकास कार्यों को गति :** नगर परिषद चेयरपर्सन का पद संभालने के साथ ही अंजू देवी ने कहा कि सभी 21 वार्डों में विकास की गति को बिना किसी रोक के गति दी जाएगी। जिसकी शुरुआत अगस्त माह के पहले सप्ताह में शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण की शुरुआत से की जाएगी। उनकी गैरहाजिर में हुए विकास कार्यों के टेंडरों की जांच की जाएगी। नगर परिषद सीमा क्षेत्र की सभी अवैध कॉलोनियों को सर्वे के बाद राज्य सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

> “ **स्थाई** चेयरपर्सन के आ जाने से परिषद में विकास कार्यों के साथ-साथ आम नागरिकों की अन्य जरुरमंद कार्यों को भी समय पर पूरा किया जाएगा। चेयरपर्सन के साथ मिलकर जनहित के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
> **( निशा शर्मा-कार्यकारी अधिकारी नप )**

# जल्द हटेगा सेक्टर-37 से अवैध डंपिंग स्टेशन टूटेगी लक्ष्मण विहार में बनी अवैध दीवार

### नवीन गोयल ने कई कालोनियों के जनहित के मुद्दों को लेकर की डीसी निशांत कुमार यादव से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


**गुरुग्राम के उपायुक्त को विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल।**

**सेक्टर**-37 औधोगिक क्षेत्र में इको ग्रीन की ओर से अवैध रूप से डाले जा रहे कूड़े, लक्ष्मण विहार में अवैध दीवार बनाकर 300 घरों का रास्ता रोके जाने, कमान सराय में मल्टीलेवल पार्किंग और शांति नगर में सीएम अनाउंसमेंट के तहत बनने वाले सामुदायिक केंद्र का काम जल्द शुरू करने समेत कई कालोनियों के अहम जनहित के मुद्दों को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की।

नवीन गोयल ने उन्हें बताया कि सेक्टर-37 औधोगिक क्षेत्र में इको ग्रीन की ओर से अवैध रूप से डंपिंग स्टेशन बना दिया गया है। वहां शहर की गंदगी डाली जा रही है। उसमें गायें मुंह मारती रहती हैं। सेक्टर-37 और ठीक सामने सेक्टर-10ए में इस गंदगी के साम्राज्य से बीमारियां फैलने का अंदेशा है। दिनभर बदबू फैली रहती है। डीसी ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस डंपिंग स्टेशन को खत्म करके गंदगी उठवाई जाएगी। नवीन गोयल ने सूर्या विहार फेज-2 को नियमित करने पर भी डीसी से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कालोनियों को अप्रूव्ड करने का जो सर्वे फिर से किया जाना है, उसमें सूर्या विहार फेज-2 को भी शामिल किया जाए। डीसी ने तुरंत सीटीपी नगर निगम सतीश पाराशर को इसके निर्देश दिए। नवीन गोयल व्यक्ति रूप से भी सतीश पाराशर से मिले और इस कार्य को जल्द करने का आग्रह किया। लक्ष्मण विहार में 300 घरों के आवागमन में बाधा बनी अवैध दीवार को भी हटाने का उन्होंने डीसी से अनुरोध किया। डीसी ने एक सप्ताह में इस पर संज्ञान लेने के लिए संयुक्त आयुक्त अखिलेश को निर्देश दिए।

फिरोजगांधी कालोनी में बरसात के कारण एक कच्चा मकान गिरने की स्थिति में है। इस पर कोई निर्णय लिया जाए। शांति नगर में सीएम अनाउंसमेंट के तहत सामुदायिक केंद्र का काम अभी तक अधर में लटका पड़ा है।

इस विषय को ग्रीवेंस कमेटी में सुनवाई के लिए शामिल किया जाए। कमान सराय में मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण को लेकर भी कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि कमान सराय में 100 साल से भी अधिक समय से पुराने मकान हैं। उन मकानों को भी बचाने के प्रयास हों। इन विषयों पर भी जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सकारात्मक कार्यवाही करने के लिए नवीन गोयल को आश्वासन दिया।


**गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार**

# निगम क्षेत्र में टूटी सड़कों, सीवर मेनहॉल के टूटे ढक्कनों समेत कई कार्यों को दुरुस्त करने के निर्देश

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने जोन-3 क्षेत्र की इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें विभिन्न कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि बरसात के कारण विभिन्न स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं या उनमें गड्ढे हो गए हैं, उनकी मरम्मत जल्द से जल्द करवाएं। नए फुटपाथ बनाने तथा टूटे फुटपाथों की मरम्मत का कार्य करवाने की दिशा में भी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उनके क्षेत्र में जितने भी सीवर के ढक्कन टूटे हुए हैं, उन्हें बदलें, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने सीवर लाईन की पर्याप्त सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। डा. कुमार ने कहा कि जोन-3 क्षेत्र में नगर निगम की खाली पड़ी जमीनों पर अनावश्यक रूप से झाड़ियां उग जाती हैं, उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करवाएं। इसके साथ ही पार्कों की सफाई व मरम्मत का कार्य भी लगातार करवाते रहें।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति या एजेंसी भवन निर्माण में पीने के पानी का इस्तेमाल करते हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। संयुक्त आयुक्त द्वारा सड़कों व गलियों में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में सहायक अभियंता दलीप सिंह व कृष्ण कुमार, कनिष्ठ अभियंता राहुल, विनय वमाज़, विवेक व महबूब अली सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तारा देवी 65 वर्ष की उम्र में हरिद्वार से गंगा जल लेकर पहुंची सोहना


**राजस्थान निवासी 65 वर्षीय तारा देवी हरिद्वार से सोहना कावड़ लेकर पहुंची।**

**सोहना।** राजस्थान निवासी 65 वर्षीय वृद्व तारा देवी हरिद्वार से गंगा चल लेकर करीब 270 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके सोहना पहुंची। तारा देवी इससे पहले लगातार 15 कावड़ पैदल लेकर आई है। राजस्थान का जिला अलवर निवासी 65 वर्षीय तारा देवी का कहना है कि सच्ची आस्था मन के हौसले को कभी कमजोर नहीं होने देती है। तारा देवी हरिद्वार से गंगा जल लेकर करीब 270 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके सोमवार को सोहना की चुंगी नंबर दो पर बना शिविर में अपने अन्य कावड़ियों के साथ पहुंची। तारा देवी ने बताया कि भक्ति में शक्ति की कमी नहीं होती। उसके मन में अभी भी अगले वर्ष हरिद्वार से गंगा जल लेकर आने का हौसला है। उसके शरीर में जब हिम्मत रहेगी। वह हरिद्वार से जब तक कावड़ लेकर आएगी। तारा देवी के साथ अन्य कावड़ियों की उम्र कम है। उनका 8 कावड़ियों टीम एक साथ कावड़ लेकर चल रहे है। वह अपने से कम उम्र वाले कावड़ियों को देखकर अपनी हिम्मत को कमजोर नहीं पड़ने दे रही है।

### चातुर्मास कलश स्थापना समारोह भावपूर्ण तरीके से संपन्न




**गुरुग्राम।** चातुर्मास बाह्य यात्रा को विराम देकर अंतरंग की यात्रा को गति प्रदान करने का स्वर्णिम अवसर होता है। चातुर्मास का अवसर जीवन को सन्मार्ग की ओर ले जाने का माध्यम है। यह बात आचार्य श्री 108 अतिवीर मुनिराज ने भव्य कलश स्थापना समारोह के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि संत तो एक स्थान पर रूककर तथा साधना कर अपने कर्मों की निर्जरा कर लेता है, परन्तु श्रावकों को भी इस मौके का फायदा उठाने के लिए घर से निकल संत की चरण-सन्निधि में आना ही होगा। समाजसेवी मनोज जैन ने बताया कि आचार्य श्री 108 शान्ति सागर महाराज, छाणी परंपरा के संत आचार्य श्री 108 अतिवीर मुनिराज एवं गणिनी आर्यिका श्री 105 चन्द्रमती माताजी के मंगल चातुर्मास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधि-विधान के साथ आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। आचार्यश्री का पिच्छी व कमण्डलु परिवर्तन भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का तिलक व पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

### जन सेवा के लिए सदा अग्रणी रहूंगा: मंगतराम बागड़ी



**गुरुग्राम।** पूर्व निगम पार्षद एवं भाजपा नेता मंगतराम बागड़ी ने प्रयास करके लक्ष्मण विहार फेज-2, ब्लाक-बी की ओल्ड गली नंबर-7 (न्यू गली नंबर 54) में 400 केवीए के ट्रांसफार्मर लगवाया। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने मंगतराम बागड़ी का आभार जताया। बिजली निगम, ओपीसी और न्यू कालोनी के एसडीओ साहिल गर्ग ने मंगतराम बागड़ी द्वारा लिखित मांग पत्र पर जनहित को देखते हुए यह त्वरित कार्रवाई की जिससे यहां के 200 परिवारों को अब पूरी बिजली मिल सकेगी। इलाके के लोगों ने इस कार्य के लिए पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और बिजली विभाग के एसडीओ का धन्यवाद किया। मंगतराम बागड़ी ने कहा कि जन सेवा के लिए ही उनका जीवन समर्पित है। जनता की सेवा में काफी समय से लगे हुए हैं। जनता ने उनका सदा साथ दिया है। उनका कर्तव्य है कि वे भी जनता के सुख-दुख में सदा साथ रहें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आमजन की समस्याओं के समाधा के लिए वे तत्पर रहेंगे। इलाके के लोगों ने मंगतराम बागड़ी को अपने ब्लाक में आमंत्रित कर उनका धन्यवाद किया। उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी करने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर लिए ओल्ड गली नंबर-7 (न्यू गली नंबर-54) ब्लाक-बी, लक्ष्मण विहार फेज-2 के ज्योति, कविता, संजय, योगेंद्र, करुणा, संतोष, मनीषा, रवि प्रकाश, सुमित, बबीता, अभिनंदन, अनुज सक्सेना, प्रिया सक्सेना, पायल त्यागी, सुषमा, नीतू, सलजा, रंजू सिंह और प्रशांत शर्मा सहित अनेक महिलाएं, पुरुष मौजूद रहे।

# दंपति सम्पर्क पखवाड़ा में परिवार नियोजन के 11 ऑपरेशन हुए

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में चला दंपति सम्पर्क पखवाड़ा के दौरान कुल 11 परिवार नियोजन के ऑपरेशन किए गए। जिसमें 9 महिलाओं और 2 पुरुषों ने ऑपरेशन कराए। मंगलवार से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए एक ऑपरेशन किया गया। नागरिक अस्पताल में 27 जून से 11 जुलाई के बीच दंपति संपर्क पखवाड़ा चलाया गया। इसके तहत महिला की नल बंदी व पुरुषों के नस बंदी के ऑपरेशन किए। इस पखवाड़ें में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक ऑपरेशन कराए। जिसमें 9 महिलाओं ने नल बंदी के ऑपरेशन कराते पखवाड़े में अपनी भागीदारी दी। जबकि मात्र दो ही पुरुषों ने नस बंदी कराने के लिए आए। 11 से 24 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। पहले दिन नागरिक अस्पताल में एक महिला का ऑपरेशन किया।

# परिजनों के संपर्क से बाहर है गुरुग्राम से मनाली गया परिवार

### उनकी गाड़ी लावारिस हालत में मिली

**गुरुग्राम।** मनाली घूमने गया गुरुग्राम का एक परिवार लापता है। परिजनों से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों की धड़कन उस समय और बढ़ गई, जब उनकी गाड़ी लावारिस हालत में खड़ी मिली। परिजनों, रिश्तेदारों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से गुहार लगाई है कि वे उनके परिवारजनों के बारे में उत्तराखंड सरकार से बात करके पता लगवाएं।

जानकारी के अनुसार गुरुग्राम के न्यू सुभाष नगर निवासी पंकज सक्सेना (36) अपनी पत्नी ईशा (34) और बेटी दिविषा (6) को कार में लेकर मनाली घूमने गए थे। तीन दिन से परिवारजन और रिश्तेदार उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पा रहा। ग्रेटर फरीदाबाद में रही निशा भटनागर का कहना है कि उनकी बहन, जीजा और भांजी के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा। उनके बारे में परिवार, रिश्तेदार चिंतित हैं। निशा भटनागर ने मीडिया को बताया है कि उनके जीजा की कार तो मनाली में सड़क पर मिली है, लेकिन उनका मोबाइल बंद आ रहा है। शनिवार की सुबह वे होटल से निकले थे। उसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। उनकी अंतिम लोकेशन सैंज कुल्लू की बताई जा रही है। निशा भटनागर ने मीडिया के माध्यम से सरकार से गुहार लगाई है कि उनकी बहन के परिवार के बारे में सरकार कोई जानकारी उन तक पहुंचाए। पूरा परिवार, रिश्तेदार परेशान है।


**लापता पंकज सक्सेना, पत्नी ईशा व बेटी दिविषा। फाइल फोटो।**

# संस्कृत मॉडल स्कूल का मैदान बरसाती पानी जमा होने से तालाब में तबदील

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिसर बरसात का पानी जमा होने से तालाब बना। जिससे विद्यार्थियों को बैठने के लिए भी पर्याप्त मात्रा में बैठने के लिए स्थान तक नहीं मिल रहा है। बरसाती पानी जमा होने विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है।

शहर के एक मात्र राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हल्की से हल्की व भारी बरसात होने पर यहा का खाली मैदान तालाब बन जाता है। बरसात का पानी विद्यार्थियों के बैठने वाले कमरों के दरवाजे तक पहुंच जाता है। जिससे विद्यार्थी कमरों में जाकर बैठ नहीं सकते। स्कूल को दो चरणों में चलाया जा रहा है। सुबह के चरण में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी आते है। जिनकी संख्यां 900 से 1000 है। जबकि दूसरे चरण की कक्षा दोपहर बाद साढ़े 12 बजे से सायं 5 बजे तक चलती है। जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थी आते है। जिनकी संख्या 500 से 550 है। कमरों की संख्या कम होने के कारण एक साथ 1000 विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाना मुश्किल है। स्थान के अभाव में 30 से 40 फीसदी विद्यार्थियों की बरसात होने या जलभराव रहने तक छुट्टी कर दी जाती है। इसके अलावा कमरों की कमी के कारण दो-दो कक्षाओं को एक साथ बैठाया जाता है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई नहीं हो पाती है।


**सोहना राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में जमा बरसाती पानी से बना तालाब।**

**बीमार फैलने का खतरा :** स्कूल परिसर में जमा बरसाती पानी से बदबू तो उठने लगी है। इसके अलावा मक्खी व मच्छरों का आतंक बढ़ने लगा है। दिन के समय में ही मच्छरों का आतंक एक पल बैठने भी नहीं देता। जमा पानी से मलेरिया, डायरिया और डेंगू जैसी जान लेवा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्कूल परिसर में शहर के दो अलग-अलग रास्तों से बरसात का पानी आता है। इसके अलावा स्कूल में आने वाला बरसात के पानी की निकासी न होने से यह यहा के मैदान में भर जाता है। नये भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के आखिर में स्कूल के अंदर भरत किया जाएगा। उसके बाद स्कूल में भलभराव की समस्या से दूर होगी।

**( सुरेन्द्र वर्मा-प्रधानाचार्य )**

# एमबीबीएस या एमडी में चाहते हैं दाखिला तो अपग्रैड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, वानुअतु में करें आवेदन

### 5.5 वर्षीय एमबीबीएस पाठ्यक्रम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से अनुमोदित पाठ्यक्रम के है अनुरूप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

upGrad

**अपग्रैड** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूआईएमएस), वानुअतु, वानुअतु गणराज्य के पोर्ट विला स्थित अपने परिसर में एमबीबीएस और एमडी पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है. पहली बार शुरू हो रहे इन दोनों पाठ्यक्रमों का पहला बैच सितंबर 2023 से शुरू होगा. खासतौर से एमबीबीएस प्रोग्राम को भारतीय उपमहाद्वीप के 12 वीं पास छात्रों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है. 5.5 वर्षीय एमबीबीएस कार्यक्रम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की ओर से अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुरूप है. जिसमें 4.5 साल की ऑन कैंपस शिक्षा के बाद एक साल की इंटर्नशिप की व्यवस्था की गई है. इंटर्नशिप विला सेंट्रल अस्पताल में कराई जायेगी. एकीकृत विला सेंट्रल अस्पताल, पोर्ट विला में स्थित लगभग 400 बिस्तरों वाला वानुअतु गणराज्य का सबसे बड़ा मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल है.

वहीं, यूआईएमएस का एमडी पाठ्यक्रम यूएस मेडिकल लाइसेंसर परीक्षा (यूएसएमएलई) पर आधारित है. एमडी पाठ्यक्रम दो साल का होगा. प्रीमेडिकल चरण के सफल समापन पर, छात्रों को आसानी से डिग्री प्रोग्राम के प्री-क्लिनिकल हिस्से में दाखिला मिल जायेगा. यूआईएमएस को स्वास्थ्य मंत्रालय और वानुअतु के शिक्षा मंत्रालय दोनों ही जगहों से मान्यता प्राप्त है.

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) के आंकड़ों के अनुसार विदेशों में पढ़ने वाले कुल छात्रों में 20 प्रतिशत से भी कम छात्र विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (एफएमजीई) पास कर पाते हैं।

एफएमजीई एनबीई की ओर से आयोजित एक स्क्रीनिंग टेस्ट है. जिसे पास करने के बाद ही छात्रों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (पहले मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया) का अनिवार्य प्रमाणपत्र मिलता है. यह प्रमाण पत्र भारत में विदेशों से पढ़ाई कर भारत में प्रैक्टिस की इच्छा रखने वाले एमबीबीएस और एमडी के छात्रों के लिए अनिवार्य है.

अपग्रैड के अध्यक्ष और कॉर्पोरेट विकास और रणनीति के प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि भारत के बाहर उपलब्ध चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी की कमी है. फिर भी हजारों भारतीय छात्र हैं जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए हर साल विदेश जाते हैं।

वह भाषा संबंधी बाधाएं, असमान मौसम की स्थिति, सांस्कृतिक अंतर और सबसे महत्वपूर्ण मान्यता और शिक्षा की गुणवत्ता जैसी समस्याओं से जूझते हैं. ऐसे में माता-पिता और छात्रों के लिए सही निर्णय लेना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है.

गौरव ने कहा कि ऐसे कई मामले हैं कि जहां देखा गया है कि कई साल और लाखों रुपये खर्च करने के बाद छात्रों को अपनी पढ़ाई और डॉक्टर बनने का सपना बीच में ही छोड़ देना पड़ता है. उन्होंने कहा कि अपग्रेड ने अपनी मजबूत साख के साथ चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश किया है. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय शिक्षार्थियों को किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रम में दाखिला मिल सके।

# जीएल शर्मा के अनुरोध पर मुख्यमंत्री के आदेश से हरकत में आए अधिकारी

### गुरुग्राम शहर में समस्याओं की सीएम को दी थी जानकारी

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से शहर की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के आदेश मिलते ही अधिकारी हरकत में आ गए हैं। शहर की साफ-सफाई से लेकर पार्कों के रखरखाव और पानी निकासी के पुख्ता प्रबंधों पर रणनीति बनाकर उस पर अमल शुरू कर दिया गया है। जीएल शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है।

तीन दिन पहले चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने उनसे मुलाकात कर गुरुग्राम की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की थी। जीएल शर्मा ने मुख्यमंत्री को कुछ अहम सुझाव भी दिए, जिन पर सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निगम और जीएमडीए के अधिकारियों को जलभराव और दूसरी समस्याओं के स्थाई समाधान के आदेश दिए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही नगर निगम की इंजीनियरिंग विंग हरकत में आ गई है। जीएल शर्मा के अनुसार उन्होंने बरसात से टूटी सड़कों की मरम्मत, फुटपाथ निर्माण, सीवर के खुले मेनहोल पर ढक्कन लगवाने तथा सीवर लाइन की पर्याप्त सफाई कराने के लिए नगर निगम के अधिकारियों का आदेश देने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया था।


**जीएल शर्मा**

जिस पर उन्होंने तत्काल एक्शन लेते हुए निगम और जीएमडीए के अधिकारियों को उक्त समस्याओं के समाधान का निर्देश दिये। इसी का परिणाम है कि निगम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने जोन-3 क्षेत्र की इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें विभिन्न कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए हैं।

# कानूनी जागरुकता के लिए डीएलएसए ने बंधवाड़ी गांव में लगाया मेगा शिविर

### शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत व नालसा के तत्वावधान में गुरुग्राम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को बंधवाड़ी गांव में द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के सहयोग से मेगा शिविर लगाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललिता पटवर्धन ने मेगा शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

ललिता पटवर्धन ने बताया कि मेगा शिविर में सभी सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है, ताकि लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। मेगा शिविर में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आए और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निवारण भी किया गया। इस दौरान लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह दी गई और कानूनी पुस्तकों व पम्पलेट का वितरण भी किया गया।


**बंधवाड़ी गांव में डीएलएसए की ओर से शिविर में मौजूद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललिता पटवर्धन।**

शिविर में सिविल अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। आयुष्मान कार्ड बनने की जानकारी भी दी गई। मेगा शिविर में आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र एवं जिला समाज कल्याण विभाग की तरफ से भी स्टॉल लगायी गई। शिविर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अभिमन्यु ने लोक अदालत के फायदों के बारे में बताया। मौलिक कर्त्तव्यों में बताया कि आवश्यकता पडने पर राष्ट्र की सुरक्षा एवं सेवा करना, अधिनियम 2007 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण के अलावा भोजन, वस्त्र, आवास, चिकित्सा एवं ईलाज आदि उपलब्ध कराया जाता है। रेड क्रॉस सोसायटी एवं रूडसेट संस्थान की ओर से यहां स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई।

# निगम की लापरवाही से करंट से युवक की मौत

**पलवल।** बिजली की लाइन से करंट लगने के कारण 17 वर्षीय युवक मोनू की मौत हो गई। चांदहट थाना में मृतक के भाई ने दी शिकायत में बिजली कर्मचारियों की लापरवाही से उसके भाई की मौत होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाश भड़ाना के अनुसार अलावलपुर गांव निवासी प्रकाश ने दी शिकायत में कहा है कि उनके घर के पास से गुजर रही घरेलू बिजली की लाइन के तार नीचे हो चुके थे। जिन्हें ठीक कराने के लिए उन्होंने कई बार बिजली विभाग में शिकायत की थी, लेकिन ठीक नहीं किए। इतना ही नहीं बिजली के तारों का मामला गांव के सरपंच व विधायक के संज्ञान में भी लाया गया था, लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ही उसके भाई मोनू की बिजली का करंट लगने से मौत हुई है।

# पलवल में 38 हजार रुपये की रिश्वत लेते डॉक्टर काबू

## निजी अस्पताल के नॉर्म्स पूरा करने को मांगी थी रिश्वत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एंटी** करप्शन ब्यूरो की टीम ने नागरिक अस्पताल में रेड कर एक डॉक्टर को 38 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी डॉक्टर व शिकायतकर्ता को लेकर पलवल से फरीदाबाद लेकर आई। दोनों से पूछताछ कर और जानकारी जुटाई जाएगी।

बताया गया है कि हथीन खंड के मठेपुर गांव निवासी मोहम्मद मुकीम ने एसीबी गुरुग्राम में बताया कि वह आरएमपी डॉक्टर है और उसकी जयंती मोड़ हथीन में दवा दुकान है। दुकान पर नागरिक अस्पताल के डॉक्टर शिव शंकर ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की थी। लेकिन छापेमारी के दौरान वह क्लीनिक से फरार हो गया था। मोहम्मद मुकीम ने डॉ. शिव शंकर से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि क्लीनिक के नॉर्म्स पूरे कराने होंगे। आरोप है कि डॉक्टर ने नॉर्म्स पूरे




करने की एवज में 38 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। इसकी शिकायत मोहम्मद मुकीम ने विजिलेंस से की। इसके बाद डॉक्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई।

सोमवार को मोहम्मद मुकीम के साथ टीम अस्पताल पहुंची। शाम तक टीम अस्पताल में घूमती रही, लेकिन करीब साढ़े चार बजे डॉ. शिव शंकर मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम करने के लिए पहुंचा। मोहम्मद मुकीम ने मोर्चरी में ही डॉ. शिव शंकर को 38 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद इशारा पाते ही एसीबी की टीम ने डॉ. शिव शंकर को मोर्चरी में ही रिश्वत की रकम के साथ दबोच लिया। उससे रिश्वत के रुपए बरामद हो गए। उसके हाथ धुलाए गए तो वे लाल हो गए। इसके बाद डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# केजीपी पर कैंटर ने कांवड़ियों को रौंदा, एक की मौत, छह घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीती** रात को कुंडली-गाजियबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा हो गया। कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहे कांवडियों को पीछे से आए एक अज्ञात कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में सात कांवड़िए घायल हुए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नूंह के इंद्री का शैलेंद्र है। एक कांवडिये को वाहन बहुत दूर तक घसीटता हुआ ले गया। पुलिस हादसे को लेकर छानबीन कर रही है।





मृतक के भाई राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि इंद्री (मेवात) से एक कैंटर में 30 कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ लेने के लिए निकले थे। उनका कैंटर केजीपी पर मौजपुर टोल के आगे पहुंचा तो बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वे गाड़ी को रोककर उस पर तिरपाल बांधने लगे। इसके लिए सात युवक नीचे उतरे थे। इनमें शैलेंद्र, विनोद, संजय, राहुल, भारत, भालू, विनोद कुमार शामिल थे। बताया गया कि इसी बीच पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। इसमें शैलेंद्र की चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

राहुल को दूर तक घसीटते हुए वाहन ले गया। खोजने के बाद एक किलोमीटर दूर पड़ा मिला। वहीं इस हादसे में छह कांवड़िए घायल हो गए। फिलहाल पुलिस का इस मामले में कहना है कि छह घायलों को फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। मृतक शैलेंद्र के शव का पोस्टमार्टम फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल में कराया गया।

# शहीद की प्रतिमा पुष्प अर्पित कर किया नमन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहीदों** की धरती तिगांव को नमन करते हुए पूर्व सैनिक जवाहर सिंह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इस धरती ने हमेशा वीरों को जन्म दिया है। हमारे वीर सैनिक देश की सीमाओं पर सुरक्षा में तैनात रहते है, तभी हम चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद किसी जाति धर्म का नहीं बल्कि सर्व समाज का होता है और वीर शहीद मनोज भाटी भी ऐसे ही बहादुर थे। जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान देकर न केवल तिगांव बल्कि फरीदाबाद की माटी का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। गांव शाहजहांपुर में शहीद मनोज भाटी की प्रतिमा अनावरण के अवसर पर आम आदमी पार्टी के आभाष चंदेला ने कहा कि वह मां धन्य है, जिसने ऐसा सपूत पैदा किया, मैं उस मां को भी नमन करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीके पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** नंगला रोड स्थित बीके पब्लिक स्कूल में तारा नेत्रालय एवं केएमसी अस्पताल द्वारा लगाए गए नेत्र जांच, दंत जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीके स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर भूपेंद्र श्योराण ने बताया कि करीब 252 लोगों ने नेत्र जांच करवाई। जिनमें से 16 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया तथा 100 लोगों को मुफ्त चश्में वितरित किए गए। साथ ही क्लोव डेंटल द्वारा 200 लोगों के दंत चिकित्सा कर उन्हें दवाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित मुनेश शर्मा, सुनील यादव, मामचंद भड़ाना, शिक्षाविद् शोभित आजाद, शिक्षाविद् राजेश मदान, राजीव बत्रा, राकेश खटाना, झम्मन लाल शर्मा, संजीव कुशवाहा, रतन लाल चौधरी, मनजीत सिंह, मनीष शर्मा, अवधेश कुमार ओझा उपस्थित रहे।

### नारायणी गौमाता चिकित्सालय में चारा, चोकर, गुड़ भेंट किया



**फरीदाबाद।** प्रक्रूथी ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-74 में स्थापित नारायणी गौमाता चिकित्सालय में हरा चारा, सूखा चारा, चोकर, गुड़ व नमक आदि सामान भेंट किया। संस्था की अध्यक्ष रमा सारना ने बताया कि हमारी संस्था हमेशा यहां आकर गौमाताओं के लिये सामान लाते हैं। उन्होंने बताया कि इस गौमाता चिकित्सालय में घायल गायों को लाया जाता है और उनका इलाज किया जाता है तथा ठीक होने के बाद ही उनको वहीं छोड़ दिया जाता है। रमा सारना ने बताया कि इस चिकित्सालय में करीब 25 गायों को रखने की जगह है, जिनको इलाज के दौरान वह उन्हें चारा खिलाते हैं। इसलिये ऐसे नेक कार्य के लिये सभी को कुछ न कुछ दान करना चाहिये, जिससे यहां गायों का इलाज व देखभाल अच्छे से की जा सके। उन्होंने बताया इस तरह के दान संस्था के सभी सदस्य मिलकर करते हैं। इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीशचंद्र आजाद अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रक्रूथी ट्रस्ट इस तरह नेक लगातार करते हैं, जिसके लिये प्रशंसा के पात्र है। इस मौके पर चेयरमैन प्रेम पसरीजा, अध्यक्ष रमा सारना, महादेव मंदिर सेक्टर-8 की प्रधान किरन शर्मा, राकेश मोंगा, सचिव सुरेंद्र जग्गा, अरूण आहूजा, विक्रम सारना, संगीता मोंगा और मोनिका सारना उपस्थित थे।

### विश्वविख्यात जादूगर सम्राट शंकर करेंगे अद्भुत कला का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** जादू की कला 64 कलाओं में से एक है। इसी कड़ी में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सूचना जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के सहयोग से जिला फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में 13 से 16 जुलाई तक दोपहर एक बजे तथा शाम छह बजे जादू शो का आयोजन किया जाएगा। इस शो में लोगों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि शो के दौरान जादूगर सम्राट शंकर दर्शकों को जनसंदेश भी देंगे, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, रक्तदान महादान, नशा से दूर रहने, पर्यावरण संरक्षण आदि विषय शामिल हैं।

### पुरस्कारों के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन



**पलवल।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2023 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ही स्वीकार की जाएंगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, दवाई, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा संबंधित प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए जाते हैं।

### सभी डीडीओ का दो सत्रों में होगा प्रशिक्षण



**पलवल।** जिला खजाना पलवल के विरेंद्र ने बताया कि जिला पलवल के सभी डीडीओ (आहरण एवं संवितरण अधिकारी) के लिए एनपीएस के तहत डीडीओ प्रशिक्षण को पुनर्निर्धारित किया गया है। इसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय पलवल में दो सत्रों सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। उन्होंने सभी डीडीओ से अनुरोध किया है कि इस एनपीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिकता के आधार पर भाग लें और जिला पलवल में अपने अधीनस्थ कार्यालय को भी इसकी जानकारी दें।

### सोलर पंप पर आवेदन के लिए आज अंतिम तिथि



**पलवल।** एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत किसानों को सोलर पंप पर 75 प्रतिशत अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान 12 जुलाई तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को तीन एचपी से 10 एचपी क्षमता के सोलर वाटर पंप पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा।

### पार्क में सैर करके लौट रही महिला के कुंडल छीने

**पलवल।** श्रद्धानंद पार्क में सैर करने के बाद अपने घर न्यू कॉलोनी लौट रही एक महिला के कानों से एक युवक सोने के कुंडल तोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने में जुटी हुई है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार न्यू कॉलोनी निवासी पुष्पा नरुला ने दी शिकायत में कहा है कि वह न्यू कॉलोनी स्थित श्रद्धानंद पार्क में सैर करके अपने घर वापस जा रही थी। जब पार्क के साथ वाली गली में थी, तभी पीछे से एक युवक आया और उसने उसके दोनों कानों से कुंडल झपट लिये। जब तक कुछ समझ पाती युवक दोनों कुंडल लेकर फरार हो चुका था। पुष्पा ने बताया कि उसका एक साथी कुछ दूरी पर बाइक पर उसके इंतजार में खड़ा हुआ था। वह बाइक पर बैठकर फरार हो गया। आरोपी न्यू कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा की तरफ से फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर गली में स्थित मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

# कल्याणकारी हैं महादेव : पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली



**फरीदाबाद।** प्राचीन शिव हनुमान मंदिर बसेलवा कॉलोनी बाई पास रोड ओल्ड फरीदाबाद स्थित मंदिर में श्रावण के प्रथम सोमवार को आयोजित शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, पं. राजेंद्र मिश्र शास्त्री व राजेश द्वारा सुरेंद्र बबली का सम्मान किया गया। बबली ने कहा सनातन धर्म संस्कृति में प्रत्येक माह कोई न कोई त्योहार रहता है। अब श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के भक्त कांवड ला रहे हैं। शिवरात्रि को गंगाजल से अभिषेक करेंगे। भगवान शिव बड़े दयालु हैं, सहज पूजा से ही प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्त की मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। उन्होंने भी शिवलिंग पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण कर अभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दादा राजू, पं. हरीश पाराशर एडवोकेट, पं. कृष्ण पाराशर एडवोकेट, पं. करण पाराशर, इंजीनियर पं. राजेंद्र मिश्र, पं. गुड्डू, राजेश, साहिल, लवदेव, लक्ष्य, अस्मित, रामजीलाल सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# मोबाइल स्नैच कर पति पत्नी की फोटो वायरल करने की दे रहे थे धमकी

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप व उनकी टीम ने स्नैचिंग व ब्लैकमेल करके पैसे मांगने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजा तथा आरोपी विनोद का नाम शामिल है। आरोपी राजा फरीदाबाद के सेक्टर-91 तथा विनोद दयालनगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सेक्टर-42 इंडस्ट्रियल एरिया से राजा को देसी पिस्तौल सहित काबू किया था।

आरोपी को सूरजकुंड थाने लाकर पूछताछ की गई तो सामने आया कि उन्होंने पांच जुलाई को फरीदाबाद की बसेलवा कॉलोनी में बाईपास रोड पर शाम के समय मोटरसाइकिल पर एक महिला का मोबाइल फोन छीना था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने छीने गए मोबाइल फोन का लॉक खोलने की कोशिश की। आरोपियों द्वारा कई बार प्रयास करने के बाद लॉक खुल गया, क्योंकि महिला द्वारा आसान पिन कोड लगाया हुआ था। लॉक खोलकर देखा तो उसकी फोटो गैलरी में पति पत्नी के फोटो मिले। आरोपियों ने महिला की कांटेक्ट लिस्ट चेक की तो उसमें उसके पति का नंबर मिला,



जिसपर फोन करके आरोपियों ने महिला की फोटो भेजी और उसे ब्लैकमेल करने लगे। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि वह उसकी पत्नी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे जिससे उनकी समाज में बदनामी होगी। आरोपियों ने महिला की फोटो वायरल न करने की एवज में उसके पति से 50,000 की मांग की। महिला के पति से बातचीत चल ही रही थी कि क्राइम ब्रांच ने उन्हें पहले ही काबू कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसमें रिमांड के दौरान राजा के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व ब्लैकमेलिंग में प्रयोग किया गया मोबाइल फोन व सिम कार्ड बरामद किया गया।

# ऑनलाइन डॉक्यूमेंट अपडेट 14 सितंबर तक होंगे : डीसी

**मेवात।** उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिले के ऐसे सभी निवासियों को अपने आधार में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने की अपील की है जिनके आधार को बने 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार में दस्तावेज अपडेट करवाएँ।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) ने आधार में आगामी 14 सितंबर 2023 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। ऐसे में निवासी खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते हैं। इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करें।

# नॉन-सर्जिकल माइट्रल वाल्व रिपेयर से बुजुर्ग महिला को मिला नया जीवन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एशियन** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज फरीदाबाद के डॉक्टरों ने गंभीर माइट्रल वाल्व लीकेज से पीड़ित एक 80 वर्षीया महिला पर सफलतापूर्वक अपनी तरह का पहला ट्रांसकैथटर माइट्रल वाल्व रिपेयर (मिट्राक्लिप) किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए एशियन अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन, डॉ. अमित चौधरी ने कहा बुजुर्ग महिला को पिछले दो-तीन महीनों से सांस लेने में बहुत ज्यादा तकलीफ हो रही थी। जिससे वह पिछले एक महीने से बिस्तर पर सीधे लेट भी नहीं पा रही थी। इकोकार्डियोग्राफी से उनके बाएं तरफ के एक हार्ट वाल्व में, जिसे माइट्रल वाल्व कहा जाता है, गंभीर लीकेज का पता चला।

आगे की जांच में पहले की गई कोरोनरी आर्टरी बायपास सर्जरी और एक परेशानी भरी लंबर डिस्क प्रोलैप्स का पता चला, जिससे उनकी गतिशीलता गंभीर रूप से सीमित हो गई थी। 10 साल पहले उनकी कैरोटिड एंजियोप्लास्टी भी हुई थी। उनकी उम्र, कमजोर शरीर और कई अन्य बीमारियों को देखते हुए, पारंपरिक सर्जिकल विकल्पों को अनुपयुक्त माना गया।



इस मामले की जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रकृति से प्रभावित हुए बिना, एशियन अस्पताल की मेडिकल टीम ने मरीज को एक नॉन-सर्जिकल समाधान, ट्रांसकैथटर माइट्रल वाल्व रिपेयर की पेशकश की, जिसे मिट्राक्लिप भी कहा जाता है। यह नवीन तकनीक माइट्रल वाल्व रिपेयर के क्षेत्र में एक आदर्श बदलाव करती है, जो उन रोगियों को जीवन दान देती है जिनकी पारंपरिक सर्जरी नहीं की जा सकती है।

डॉ. सुब्रत अखौरी और डॉ. अमित चौधरी के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने इस इलाज की सावधानीपूर्वक योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया। इस इलाज के सफल समापन ने उनके असाधारण कौशल और समर्पण को प्रदर्शित किया, जिससे रोगी को उल्लेखनीय परिणाम मिले। मिट्राक्लिप प्रक्रिया के बाद, रोगी ने महत्वपूर्ण सुधार का अनुभव किया और वह सांस फूलने की समस्या के बिना अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने में सक्षम हो गईं।

एशियन अस्पताल के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुब्रत अखौरी ने कहा हम इस क्षेत्र में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करके रोमांचित हैं। ट्रांसकैथटर माइट्रल वाल्व रिपेयर तकनीक उन रोगियों को आशा और बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करती है, जिनकी समस्या को पहले असाध्य माना जाता था। यह अभिनव दृष्टिकोण हमारे रोगियों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस प्रवर्तक प्रक्रिया का सफल परिणाम अत्याधुनिक चिकित्सा समाधानों में अग्रणी के रूप में एशियन अस्पताल की स्थिति को और भी मजबूत करता है। नवाचार और रोगी का पूरा ध्यान रखने के प्रति अस्पताल का अटूट समर्पण है।

# गंभीर बीमारी से पीड़ित 12 रोगियों को राशि मिलेगी

**मेवात।** जिला उपायुक्त प्रशांत कुमार ने बताया कि जिला में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जिला के विभिन्न जरूरतमंद बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए दी जाने वाली सहायता राशि के लिए कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 12 आवेदन स्वीकार कर लिए गए हैं और 9 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं ।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए अब आम नागरिक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है। नई योजना के अनुसार जरूरतमंद रोगी को आर्थिक सहायता के लिए किए गए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति को सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद ही उसको सांसद, विधायक, नगर परिषद के चेयरमैन, जिला परिषद व पंचायत समिति के चेयरमैन अनुमोदन कर सकते हैं। किसी जनप्रतिनिधि ने आवेदन पर कार्रवाई नहीं की तो पांच दिन में आवेदन उपायुक्त के पास स्वत: आ जाएगा। उपायुक्त इस अनुरोध पर तहसीलदार व सीएमओ से रिपोर्ट लेंगे। उसके बाद इसे आगे कार्यवाही के लिए चंडीगढ़ भेज दिया जाएगा।

# ज्वाइंट सीपी व डीसीपी ट्रैफिक ने अंडरपास का किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारी** बारिश के चलते सुरक्षा के मद्देनजर जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस ओपी नरवाल तथा डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने फरीदाबाद के एनएचपीसी, ओल्ड तथा मेवला महाराजपुर अंडरपास का निरीक्षण करते हुए वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस अधिकार अंडरपास का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। बारिश के चलते अंडरपास में पानी भर जाता है, जिसकी वजह से कई बार गलती से वाहन चालक अंडरपास में जाकर फंस जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारी फरीदाबाद के तीनों अंडरपास पर पहुंचे और वहां पर हालातों का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि बारिश के समय में अंडरपास में पानी भर जाता है तो अंडरपास के दोनों तरफ बैरिकेट्स लगाकर ट्रैफिक को दूसरी तरफ डायवर्ट कर दें, क्योंकि यदि कोई वाहन इसमें चला गया तो उसकी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अंडरपास में पानी भर जाने की वजह से इसमें से वाहन नहीं गुजर सकते, इसलिए ट्रैफिक को दूसरे रास्ते से निकालने के लिए पुलिसकर्मी यातायात को डाइवर्ट करके वाहन चालको को वहां से निकालने में मदद करें।

उन्होंने कहा कि बारिश के समय वाहन धीरे-धीरे चलते हैं और पानी अधिक भरा होने की वजह से ट्रैफिक जाम लग जाता है। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी पर मौजूद रहकर ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान दें।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जुलाई, 2023



# सब्जियों के दाम

## जनता परेशान

**सब्जियों** के बढ़ते दामों से जनता बहुत परेशान है। दामों में बेतहाशा वृद्धि का कारण अन्य चीजों के साथ 'जमाखोरी' है जिससे उपभोक्ता बहुत परेशान हैं तथा वे समझ नहीं पा रहे हैं कि घर का खर्च कैसे चलाएं। सारी जनता, महिलायें और पुरुष सब्जियों के दामों में सिर चकरा देने वाली वृद्धि से आश्चर्यचकित हैं। ऐसी स्थिति कभी-कभी पैदा होती है जिससे पूरे देश में तूफान आ जाता है। वैसे समुचित बरसात होने से सब्जियों के दाम नहीं बढ़ने चाहिए, पर ज्यादा बरसात के कारण सड़कें टूटने व परिवहन में बाधाओं का असर इनकी कीमतों पर पड़ा है। अब लगता है कि लोगों को पेट्रोल, खाने के तेल, दालों, आदि की तरह सब्जियों की कीमतों पर भी लगातार गौर करना पड़ेगा। ऐसा लगता है कि अब सब्जियां केवल खास लोगों की पहुंच तक सीमित हो गई हैं। वे दिन बीत गए जब कोई थोड़े से रुपये जेब में रख कर स्थानीय बाजार से थैला भर हरी सब्जियां बड़े विश्वास के साथ ले आता था। अब बिना खाए ही मिर्च आपकी आंखों में आंसू ला सकती है और टमाटर अपनी लालिमा से आपका मजाक उड़ाता लगता है। सब्जियों की कीमतें बढ़ने की शुरुआत टमाटर से हुई, लेकिन बाद में अदरक, लहसुन, मिर्च व धनिया तक इसकी चपेट में आ गए। हो सकता है कि आने वाले दिनों में समृद्धि का मार्ग शेयरों व बांडों के बजाय सब्जी मंडी में निवेश करना बन जाए। आज अपने पिछवाड़े टमाटर उगाने वाला व्यक्ति स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा होगा। वैसे सब्जियों के दाम किसी खास मौसम में बढ़ना असामान्य नहीं है और पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है।



सब्जियों के दाम आसमान छूने से परेशान उपभोक्ता सरकार से इसके कारण जानना चाहते हैं। हालांकि, सरकार सब्जियों के दाम करने के प्रयास कर रही है, लेकिन प्राकृतिक कारणों जैसे अत्यधिक बरसात, परिवहन सुविधाओं में आने वाली दिक्कतों तथा एक सीमा तक जमाखोरी के कारण इनकी कीमतें बढ़ने पर तत्काल रोक लगाना बहुत कठिन है। जल्दी खराब होने वाली सब्जियों व फलों की मार्केटिंग के लिए देश में व्यापक कोल्ड स्टोरेजों की श्रृंखला की कमी है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसान और उपभोक्ताओं के बीच बिचौलियों, दलालों, आढ़तियों व अमीर किसानों का एक संजाल दुष्चक्र के रूप में काम करता है जिससे आम उपभोक्ता के साथ छोटे किसानों को भी भारी नुकसान होता है। विडंबना है कि आजादी के बाद से अधिकांश समय तक किसानों को केवल वोटबैंक माना गया है और कृषि क्षेत्र को समृद्ध बनाने के साथ उपभोक्ताओं तक सस्ती कीमतों में सब्जियों, फलों, अनाजों, तिलहन व दालों की सप्लाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। मोदी सरकार ने यह परिदृश्य बदलने तथा कृषि मार्केटिंग क्षेत्र में सुधार के लिए तीन नए कृषि कानून पेश किए थे, पर संकुचित राजनीति तथा कृषि क्षेत्र में कार्यरत निहित स्वार्थी तत्वों के कारण सरकार को इनको वापस लेना पड़ा। सब्जियों के आसमान छूते दामों के पीछे भी इस दुष्चक्र का हाथ है जिसमें अनेक आढ़तिये, थोक व्यापारी व जमाखोर शामिल हैं। अब समय आ गया है कि केवल सब्जियों या अन्य खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर सरकार की निन्दा करने के बजाय कृषि क्षेत्र में आमूल परिवर्तन किया जाए तथा इसे 'संकुचित राजनीति' और 'वोटबैंक राजनीति' से अलग रखा जाए। कृषि क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर खासकर निजी पूंजीनिवेश की आवश्यकता है और इसके लिए रास्ता तैयार किया जाना चाहिए।

# दिल्ली में बढ़ेंगे बिजली के दाम

**दिल्ली में बिजली मूल्य उस समय तक कम नहीं हो सकते हैं जब तक इस क्षेत्र में व्यापक सुधार कर डिस्काम का एकाधिकार तोड़ा नहीं जाता है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



दिल्ली बिजली नियामक आयोग-डीईआरसी ने 22 जून, 2023 के आदेश से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम को बिजली मूल्य बढ़ाने की अनुमति दे दी है। इनमें बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड-बीवाईपीएल, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड-बीआरपीएल तथा न्यू दिल्ली म्यूनिसिपल कौंसिल-एनडीएमसी को पावर पर्चेज़ एग्रीमेंट कास्ट-पीपीएसी में क्रमशः 9.42 प्रतिशत, 6.39 प्रतिशत तथा 2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की अनुमति दी है। यह 22.18 प्रतिशत, 20.69 प्रतिशत तथा 28 प्रतिशत की वर्तमान दर के अतिरिक्त होगी। इसके पहले 7 जून, 2013 को टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड या टीपीडीडीएल को 1.49 प्रतिशत पीपीएसी के अतिरिक्त बढ़ाने की अनुमति मिली थी। उसने पहले ही 31 प्रतिशत पीपीएसी की अनुमति दे दी थी।

बढ़ी हुई बिजली दरें अगले नौ महीने, यानी जुलाई 2023 से मार्च 2014 तक लागू रहेंगी। पीपीएसी एक सरचार्ज है जिसका उद्देश्य डिस्काम को बाजार-संचालित ईंधन कीमतों की भरपाई के लिए दिया जाता है। चूंकि इसे बिजली बिल के 'कुल ऊर्जा खर्च व फिक्स चार्ज आयाम' पर लागू किया जाता है, इसलिए कुल प्रभावी बिजली बिल में बीवाईपीएल के मामले में 7.7 प्रतिशत, बीआरपीएल के मामले में 5.3 प्रतिशत तथा टीपीडीडीएल के मामले में 1.2 प्रतिशत वृद्धि होगी। इस वृद्धि का प्रभाव उन एचएचएस परिवारों को छोड़ कर बाकी सब पर होगा जो हर माह 200 यूनिट से कम बिजली उपभोग करते हैं। केजरीवाल द्वारा दी गई 'खैरात' के अंतर्गत राज्य सरकार 200 यूनिट से कम खर्च वाले एचएचएस उपभोक्ताओं की पूरी प्रतिपूर्ति करती है। लेकिन प्रति माह 200 से 400 यूनिट तक खर्च करने वाले एचएचएस पर इसका प्रभाव पड़ेगा क्योंकि राज्य की सब्सिडी उस मामले में केवल 850 रुपये तक सीमित है।

गैर-वरीयता वाले उपभोक्ताओं के मामले में 'अपरिहार्यता' का एक तत्व है कि उनको अपने द्वारा उपभोग की गई बिजली का अधिक दाम देना पड़ता है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा मंत्रालय-एमओपी द्वारा 9 नवंबर, 2021 को दिए निर्देशों के अनुसार हर राज्य नियामक का ऐसी व्यवस्था बनानी होती है जिससे ऊर्जा क्षेत्र की जीवन्तता सुनिश्चित करने के लिए 'स्वत:' ईंधन व बिजली खरीद की लागत टैरिफ में जुड़ जाती है। 25 से अधिक राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने ईंधन सरचार्ज एडजस्टमेंट फार्मूला लागू किया है जिसे पीपीएसी के नाम से जाना जाता है। बिजली कानून के अंतर्गत डीईआरसी के टैरिफ आदेशों को लागू करने तथा अपीलेट ट्राइब्यूनल फार एलेक्ट्रिसिटी-एपीटीईएल आदेश लागू करना जरूरी है। दिल्ली डिस्काम कंपनियों को हर तिमाही पीपीएसी में संशोधन करने पड़ते हैं। इस बार यह संशोधन एक साल बाद किया जा रहा है।

डिस्काम किसी राज्य में एकमात्र बिजली विक्रेता होते हैं। वे सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों, जैसे नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन-एनटीपीसी, आदि से तथा बिजली खरीद समझौतों-पीपीए के अंतर्गत स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी से बिजली खरीदते हैं। ये समझौते दीर्घकालीन, लगभग 25 साल तक के होते हैं। मांग का बहुत छोटा हिस्सा, लगभग 5-10 प्रतिशत बिजली एक्सचेंजों से खरीदा जाता है। लगभग सभी पीपीए में ईंधन का खर्च 'स्वत:' बढ़ाने के प्राविधान शामिल होते हैं। केन्द्रीय बिजली नियामक आयोग-सीईआरसी केन्द्रीय बिजली पैदा करने वाले सार्वजनिक उद्यमों, जैसे एनटीपीसी, एनएचपीसी लिमिटेड व ट्रांसमिशन कंपनियों, जैसे दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड को हर महीने पीपीएसी में संशोधन की अनुमति देती है। यही स्थिति आईपीपी के बारे में भी है। टाटा पावर लिमिटेड-टीपीएल व अडानी पावर लिमिटेड-एपीएल ने पीपीए के पूरे कार्यकाल में फिक्स टैरिफ पर डिस्काम को बिजली सप्लाई के अनुबंध किए हैं। यह उनके अल्ट्रा मेगापावर प्लांटों से होता है जिनकी क्षमता 4,000 से 4,620 मेगावाट तक है। इसके लिए टैरिफ बेस्ड कंपटीटिव बिडिंग-टीबीसीबी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। लेकिन ऐसे मामलों में भी ईंधन का खर्च बढ़ाने की व्यवस्था होती है। इसकी अनुमति उनको सर्वोच्च न्यायालय ने दी है।

इसके साथ ही समय-समय पर बढ़ती ईंधन कीमतों को देखते हुए एमओपी जारी किए जाते हैं। उदाहरणार्थ, अप्रैल-मई 2022 में सरकार ने बिजली कानून, 2003 की धारा 11 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों के अनुसार सभी आयातित कोयला-आधारित प्लांटों को आदेश दिया कि वे अपनी पूरी क्षमता से काम करते हुए बिजली पैदा करें तथा घरेलू कोयले पर आधारित सभी जेनको अपनी ईंधन आवश्यकता का कम से कम 10 प्रतिशत आयोतित कोयले से पूरा करें। आयातित कोयला ज्यादा महंगा होने के कारण ईंधन का खर्च तथा पीपीएसी बढ़ा। खासकर यूक्रेन युद्ध के कारण 2022-23 में प्राकृतिक गैस के दामों में भारी उछाल से बिजली पैदा करने का खर्च बढ़ा। ईंधन का खर्च बिजली खरीद खर्च का प्रमुख तत्व है और आधिकारिक आदेश तथा कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ईंधन का खर्च उपभोक्ता पर डाला जाता है। यह काम हर महीने किया जा सकता है जिससे पीपीए व्यवस्था एक प्रकार से निष्प्रभावी हो जाती है। यदि कोई डिस्काम अच्छी खरीद लागत के लिए बातचीत करती है तो भी उसे विश्वास नहीं होता है कि उसके द्वारा प्राप्त लाभ निरर्थक नहीं हो जाएगा। नियामक एक सीमा तक डिस्काम को खर्च के लिए जवाबदेह ठहराये बिना अपना बैलेंस ठीक रखने की छूट देते हैं। बिजली कानून, 2003 के अंतर्गत वे इस तरीके से टैरिफ तय करते हैं जिससे बिक्री से प्राप्त राजस्व पूरी तरह पावर पर्चेज़ खर्च के साथ व्हीलिंग व वितरण का खर्च की बराबरी कर सके। आमतौर पर यह शर्त पूरी नहीं होती है क्योंकि डिस्काम को काफी घाटा उठाना पड़ता है जिसकी पूर्ति नहीं हो पाती है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग-एसईआरसी यह स्वीकार करते हैं कि ऐसा घाटा होता है, लेकिन वे टिकाऊ आधार पर इसे समाप्त करने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाते हैं। इसके बजाय वे डिस्काम को यह अंतर अपनी बैलेंसशीटों में प्राप्ति योग्य बताने की अनुमति देते हैं। इसके लिए 'नियामक परिसंपत्ति' जैसा अच्छा लगने वाला नाम दिया गया है। इससे साल दर साल आरए बढ़ता रहता है। दिल्ली में वर्तमान समय में आरए लगभग 20,000 करोड़ रुपये है। एक हालिया आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने डीईआरसी को आदेश दिया कि वह डिस्काम को आरए की वसूली की अनुमति दे। यदि डीईआरसी इस आदेश को चुनौती देने का निर्णय लेते हैं और सर्वोच्च न्यायालय इसे स्वीकार कर लेते हैं तो भी दिल्लीवासियों के बिजली मूल्य में 100 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। इस बीच उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है क्योंकि डिस्काम मनमाने ढंग से अस्थाई व मनमाने ढंग से 8 प्रतिशत सरचार्ज वसूल कर रहे हैं।

राज्य सब्सिडी के अलावा अन्य उपभोक्ता भी इन सब्सिडी के कारण परेशान हैं जो डिस्काम के माध्यम से दी जाती हैं। यह व्यवस्था इस प्रकार काम करती है। डिस्काम हर महीने 200 यूनिट तक खर्च करने वाले एचएच को बिल नहीं देते हैं तथा 200-400 यूनिट खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 850 रुपये की छूट देते हैं। इसके बदले दिल्ली सरकार ने राजस्व में कमी के बदले डिस्काम को भरपाई का वादा किया है। लेकिन सरकार इसका आंशिक भुगतान कर सकती है या बिल्कुल नहीं कर सकती है। इसके कारण राजस्व में कमी को आखिरकार आरए के खाने में डाल दिया जाएगा। आरए डिस्काम द्वारा वित्तीय अनियमितताओं के कारण भी बढ़ सकता है।

इस संबंध में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने 2015 में दिल्ली डिस्काम के आडिट के बाद स्पष्ट संकेत दिए थे। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पहली बार पर संभालने के फौरन बाद हुई थी। सीएजी ने पाया था कि डिस्काम ने उपभोक्ताओं से लगभग 8,000 करोड़ रुपये अधिक वसूल किए थे। यह भी खुलासा हुआ था कि आरए में 7975 करोड़ रुपये गलत ढंग से जोड़े गए थे। कुल मिला कर कहें तो सभी पक्ष इस प्रकार काम कर रहे हैं जिससे राज्य की 'खैरात' प्राप्त उपभोक्ताओं को छोड़ कर अन्य सभी उपभोक्ताओं का बिजली खर्च बढ़ेगा और यह हमेशा बढ़ता रहेगा। इनमें सप्लाई श्रृंखला के सभी पक्ष, जैसे बिजली उत्पादक, डिस्काम, ट्रांसकोड, एमओपी व दिल्ली सरकार शामिल हैं। बिजली वितरण बिजनेस को डि-लाइसेंस करने जैसे सुधारों के बिना यह स्थिति बनी रहेगी। इसके लिए कुछ डिस्काम का एकाधिकार तोड़ना तथा सब्सिडी का प्रत्यक्ष हस्तांतरण जरूरी हो गया है।

# पीएम मोदी ने प्रशस्त किया यूसीसी का मार्ग

**बीआर अंबेडकर ने कहा था कि यूसीसी वांछनीय है लेकिन फिलहाल इसे स्वैच्छिक रहना चाहिए, और इस प्रकार राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को संविधान में जोड़ा गया।**

**के एस तोमर**
(लेखक,राजनीतिक विश्लेषक हैं)



यह 187 साल पहले की बात है जब अंग्रेजों ने एक रिपोर्ट तैयार की थी जिसमें अपराधों, सबूतों और अनुबंधों से संबंधित भारतीय कानूनों के संहिताकरण में एकरूपता की सख्त आवश्यकता पर जोर दिया गया था, इसके अलावा हिंदुओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों के संबंध में विशिष्ट सिफारिशें की गई थीं, जिन्हें इस तरह के संहिताकरण से बाहर रखा जाना चाहिए। समाज में स्थिरता और सद्भाव सुनिश्चित करना।

व्यक्तिगत कानूनों से संबंधित कानून में वृद्धि के कारण, ब्रिटिश राज को 1941 में हिंदू कानून को संहिताबद्ध करने के लिए बी एन राऊ समिति नियुक्त करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन सिफारिशों के आधार पर, कानून में संशोधन और संहिताकरण करने के लिए 1956 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के रूप में एक विधेयक अपनाया गया था। हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों के बीच निर्वसीयत या अनिच्छुक उत्तराधिकार से संबंधित। हालांकि, मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून थे। 1950 के दशक में विवाह, तलाक, संरक्षकता, उत्तराधिकार और संपत्ति के स्वामित्व को नियंत्रित करने वाले कई हिंदू पारिवारिक कानून लागू किए गए, हालांकि कुछ वर्गों का विरोध जारी रहा।

आरएसएस और विनायक दामोदर सावरकर के एक समर्पित और समर्पित कार्यकर्ता (स्वमसेवक) के रूप में, प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370,35 ए को निरस्त करने और अयोध्या राम मंदिर की आधारशिला रखने के उनके सपने को पूरा किया है, हालांकि इस मुद्दे को सुलझा लिया गया था। सर्वोच्च न्यायालय, अब मोदी शासन ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मूल मुद्दे को क्रियान्वित करने की तैयारी कर ली है, जो सावरकर की दृष्टि और हिंदूपन की विचारधारा के साथ संरेखित होगा, जिससे चंद्रमा और अंतरिक्ष मिशन की तरह %धर्मनिरपेक्षता% के गारंटर के रूप में कार्य करना मतलब गले लगाना होगा। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उन्नत प्रगति।

प्रधान मंत्री ने हाल ही में भाजपा/आरएसएस गठबंधन द्वारा किए गए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के वादे को लागू करने के तीसरे चुनावी वादे को पूरा करने के लिए एजेंडा तैयार किया है, जो अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण से पहले किया गया था। हालांकि अयोध्या का समय निस्संदेह 2024 के संसदीय चुनावों से जुड़ा हुआ है।

दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के अनुसार, देश में यूसीसी के कार्यान्वयन के बारे में एक विधेयक 20 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी सत्र के दौरान संसद में पेश किया जा सकता है और इसे विभिन्न लोगों के अधिक विचार जानने के लिए संसद की स्थायी समिति को भेजा जा सकता है। समाज के विभिन्न वर्गों में इसे स्वीकार्य और कम विवादास्पद बनाने के लिए। संबंधित विकास में, एक साल पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति रंजना देसाई समिति जल्द ही यूसीसी मसौदा प्रस्तुत कर सकती है जो पहाड़ी राज्य में इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। लेकिन उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने वाला भारत का दूसरा राज्य बन जाएगा, जिसे सबसे पहले 1867 में तत्कालीन पुर्तगाली शासकों द्वारा गोवा में अपनाया गया था और आजादी के बाद कुछ संशोधनों के साथ इसे फिर से अपनाया गया था।

आम आदमी पार्टी (आप), शिव सेना, शिव सेना (उधव ठाकरे) और बहुजन समाज पार्टी ने यूसीसी का समर्थन किया है, जबकि अधिकांश विपक्षी दल और मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्षी दलों को यकीन है कि भाजपा 2024 के चुनावों में ध्रुवीकरण का फायदा उठाने के लिए यूसीसी पर काम कर रही है, इसलिए प्रधान मंत्री ने 27 जून को गुजरात की एक दिवसीय यात्रा के दौरान अपने भाषण में इसे एक केंद्रीय बिंदु बनाया। पीएम मोदी का एक घर में दो कानून का दावा स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि यूसीसी इस भेदभाव को खत्म करेगा और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करेगा। पीएम ने यूसीसी के बारे में स्पष्टता प्राप्त की है और विरोधियों को मुस्लिम महिला विरोधी करार दिया है। प्रधानमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय का हवाला दिया जिसने यूसीसी का पक्ष लिया है जिससे इसका विरोध करने की संभावना खत्म हो गई है।

भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली कार्मिक, सार्वजनिक शिकायतों और कानून एवं न्याय पर संसदीय समिति ने आदिवासी समुदायों और पूर्वोत्तर राज्यों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखने के लिए संभावित स्थान देने की कोशिश की क्योंकि संविधान ने कुछ समूहों के लिए कुछ अपवादों की अनुमति दी है जिससे मदद मिलेगी। अपने अद्वितीय रीति-रिवाजों और पारंपरिक कानूनों को संरक्षित करने में। विधि आयोग के सदस्यों ने यह मामला बनाने की मांग की कि यूसीसी की नए सिरे से जांच की जा सकती है, हालांकि आयोग ने 2018 में इसे (यूसीसी) न तो आवश्यक और न ही वांछनीय बताया था..यूसीसी के बारे में अपने इनपुट दिए और अपने प्रस्ताव संसदीय समिति को सौंपे। पूर्वोत्तर राज्यों के राजनेता यूसीसी को लेकर आशंकित हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे उनकी पहचान को खतरा हो सकता है।

यह याद किया जा सकता है कि बी आर अंबेडकर ने संविधान बनाते समय कहा था कि यूसीसी वांछनीय है लेकिन फिलहाल इसे स्वैच्छिक रहना चाहिए, और इस प्रकार संविधान के मसौदे के अनुच्छेद 35 को आंशिक रूप से राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के एक भाग के रूप में जोड़ा गया था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 के रूप में।

इस परिदृश्य में, मोदी सरकार यूसीसी को लागू करने के लिए तैयार है और पार्टी शासित राज्य इसका पालन करेंगे, जिससे विपक्षी दल विभाजित हो जाएंगे जो संसद में प्रस्तावित विधेयक का समर्थन या विरोध कर सकते हैं।

## आप की बात

### प्रकृति में असंतुलन

**गत** कुछ वर्षों में मानवीय दोहन के चलते प्रकृति का इकोसिस्टम गड़बड़ा गया है। इससे धरती का तापमान 1 डिग्री बढ़ चुका है और आगे भी बढ़ते रहने की संभावना है। इससे मानसूनी बारिश का मिजाज भी बदल गया है। पैमाने के हिसाब से तो मानसून में होने वाली वर्षा से अधिक बारिश हो चुकी है, मगर उपयोग के हिसाब से यह फसलों और मानव जीवन के लिए हितकारी होने के बजाय विध्वंसक सिद्ध हुई है। शहरों से लेकर कस्बों और गांवों तक बढ़ती आबादी के चलते गरीब वर्ग ने नदियों नालों तालाबों के किनारे अपने आशियाने बसा लिये हैं। इस कारण जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है। यहां तक कि शहरों के मध्य से होकर निकलने वाले नालों पर दुकानें बन गई हैं। सामान्य वर्षा तो यह नाले सह लेते हैं, लेकिन भारी बारिश के कारण नालों पर वह अतिक्रमण पानी रोक देता है जो सड़कों पर जमा हो जाता है। प्लास्टिक कचरे ने पानी पर तैरते हुए जल निकासी के अधिकतर रास्ते अवरुद्ध कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन राहत तो उपलब्ध करवा देते हैं। लेकिन इसके कोई प्रयास नहीं होते हैं कि अगली बारिश में फिर ऐसी स्थिति नहीं बनेगी। बरसात के कारण पैदा समस्या भी प्रकृति में असंतुलन का नतीजा है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अलगाववादी तत्व

**भारत** ने कनाडा के बाद अब ब्रिटेन से भी कहा है कि वह भारत के अलगाववादी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें। भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारत के दौरे पर आए ब्रिटिश सुरक्षा सलाहकार सर टीम बैरों से कहा है कि ब्रिटेन भारतीय हाई कमीशन के अफ्सरों को धमकाने वाले कट्टरपंथी तत्वों पर देश निकाला या फिर मुकदमा चलाने जैसी कड़ी सार्वजनिक कार्रवाई करें। आज यह दिखाने की आवश्यकता है कि ब्रिटेन अपने देश में भारत-विरोधी अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रहा है। डोभाल से वार्ता के बाद कहा जा रहा है कि आज दोनों देश आतंकवाद और आतंकी फंडिंग के खिलाफ कार्रवाई पर भी सहमत हैं। पिछले दिनों यही मुद्दा भारत सरकार ने कनाडा सरकार के सामने भी उठाया था। मोदी सरकार के समय में भारत की विदेश नीति भी काफी स्पष्ट व मजबूत हुई है। आज भारत की आवाज को विश्व में गंभीरता से सुना जाता है। आज चीन व अमेरिका भी भारत की उपेक्षा नहीं कर पाते हैं। आज का भारत शक्तिशाली भारत है जो दुनिया भर में अपने खिलाफ होने वाले षडयंत्रों का मजबूती से मुकाबला कर रहा है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### नाटो का विस्तार

**लिथुआनिया** की राजधानी विनियस में नाटो सैन्य संगठन की वार्षिक बैठक से ठीक पहले जो बाइडेन एवं नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्डोगन को मना ही लिया कि स्वीडन को इस संगठन का 32 वां सदस्य बना लिया जाय। पिछले अप्रैल में ही फिनलैंड इसका 31 वां सदस्य बना था। नाटो की ये बैठक बहुत ही कठिन एवं विपरीत परिस्थिति में हो रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद चीन की गतिविधियों से लग रहा है वो भी ताइवान पर हमला कर सकता है। हालांकि, यूक्रेन ने 2008 में ही नाटो सदस्यता के लिए आवेदन कर दिया था, पर अभी इस पर फैसला नहीं हुआ है। कुछ सदस्यों का मानना है की चूँकि यूक्रेन अभी युद्ध की स्थिति में है इसलिए उसे संगठन में शामिल नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन को केवल हथियार देकर ही नाटो देश अपना कर्तव्य पूरा समझ रहे हैं। यूक्रेन को नाटो में शामिल करने से रूस तथा उसके मित्र चीन के साथ नाटो का तत्काल सीधा टकराव हो जाएगा। इससे बचते हुए रूस व यथासंभव चीन को हर तरह से कमजोर करने की नीति नाटो व पश्चिमी देश अपना रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### हिंसा और चुनाव

**हिंसा** और चुनाव का पश्चिम बंगाल से गहरा रिश्ता है। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि लगभग डेढ़ दर्जन लोग इस हिंसा की बलि चढ़ चुके हैं। इन घटनाओं को देखकर टी. एन. सेशन की सबसे ज्यादा याद आती है। उनके जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति वाले निर्वाचन आयुक्त की सबसे ज्यादा जरूरत है। पहले पश्चिम बंगाल वामपंथियों के राज में हिंसा देखा करता था और अब ममता बनर्जी के समय में भी चुनावों के दौरान हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। चाहे लोक सभा के चुनाव हो या विधान सभा के या फिर अब पंचायत चुनाव। आम आदमी लोकतंत्र की सबसे अहम प्रक्रिया चुनावों में हिस्सा तो ले रहा है लेकिन क्या वह अपनी पसंद के उम्मीदवार चुन पा रहा है? समय की मांग है कि राज्य चुनाव आयोग की कार्रवाइयों की जांच भी केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा की जाए। केन्द्रीय बलों का आरोप है कि उनकी ठीक से तैनाती नहीं की गई तथा उनको संवेदनशील मतदान केन्द्रों से दूर रखा गया। सभी राजनीतिक दलों को यह देखना होगा कि क्या राज्य चुनाव आयोग ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाई या नहीं? यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

# तीन माह में 18 सेफ सिटी वाला पहला राज्य होगा यूपी: सीएम



## प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगम और गौतमबुद्ध नगर बनेंगे सेफ सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफसिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा
- सीसीटीवी से लैस होगा प्रदेश का हर पुलिस थाना मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने की गृह विभाग के साथ समीक्षा बैठक, कहा हर नागरिक की सुरक्षा महत्वपूर्ण

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रदेशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में क्रियान्वित सेफ सिटी परियोजना के विस्तार की कार्ययोजना का भी अवलोकन किया और नगर निगम मुख्यालय वाले सभी शहरों तथा गौतमबुद्ध नगर जनपद मुख्यालय को सेफ सिटी के रूप में अपडेट करने के संबंध में निर्देश दिए।


मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के हर एक नागरिक की सुरक्षा और उनके विकास के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इस दिशा में विगत 6 वर्ष में किए गए प्रयासों के आशातीत परिणाम मिले हैं। आज प्रदेश में हर महिला, हर व्यापारी सुरक्षित है। लोगों में अपनी सुरक्षा के प्रति एक विश्वास है। यह विश्वास सतत बना रहे, इसके लिए हमें 24 गुणे 7 अलर्ट मोड में रहना होगा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में सेफसिटी परियोजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। अब हमें इसे और विस्तार देना होगा। योगी ने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्ध नगर को 'सेफ सिटी' के रूप में विकसित किया जाए। दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और फिर तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाए। ऐसे सभी नगरों के प्रवेश द्वार पर सेफसिटी का बोर्ड लगा कर इसकी विशिष्ट ब्रांडिंग भी की जानी चाहिए। इस प्रकार उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश पहला राज्य हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सेफ सिटी परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें आगामी 3 माह की अवधि में प्रथम चरण का कार्य पूरा करना होगा। सम्बंधित विभाग को दी गई जिम्मेदारी तय समय सीमा के भीतर पूरी हो जानी चाहिए। इसके प्रगति की पाक्षिक समीक्षा मुख्य सचिव द्वारा की जाए। वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है। हमें इसे विस्तार देते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। सेफ सिटी के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओंए बच्चोंए बुजुर्गों व दिव्यांग जनों के लिए एक सुरक्षितए संरक्षित एवं सशक्त वातावरण बनाने की मुहिम को आवश्यक तेजी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके संबंध में एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करें। यह कार्य तत्काल शीर्ष प्राथमिकता के साथ कराया जाए। थानों में जहां जनसुनवाई होती हो वहां कैमरे जरूर लगें। सभी कैमरों अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए।

कैबिनेट बैठक के फैसले

# प्रदेश की राजधानी को मिला एक और निजी विश्वविद्यालय

- मां विन्ध्यवासिनी देवी कॉरिडोर का होगा विस्तारीकरण
- रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुंडी के आस-पास पर्यटन विभाग को मिलेगी निशुल्क जमीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय की स्थापना एवं मां विन्ध्यवासिनी देवी कॉरिडोर के विस्तारीकरण तथा रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुण्डी निरीक्षण गृह व उसके आसपास के स्थानों को पर्यटन विभाग को निशुल्क हस्तान्तरण के निर्णयों को मंजूरी प्रदान करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झण्डी दे दी गई।

प्रदेश की योगी सरकार पर्यटन, सड़क, सुरक्षा सरीखे जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को प्रमुखता देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में भी सशक्त रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को योगी कैबिनेट ने लखनऊ में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। प्रस्तावित विश्वविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रायोजक संस्था (वेदिक एण्ड फ्यूचरिस्टिक एजुटेक लखनऊ) द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा पूर्ति कर ली गयी है। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने मां विन्ध्यवासिनी देवी कॉरिडोर के विस्तारीकरण, सौन्दर्यीकरण परियोजना को हरी झण्डी मिल गई। जानकारी के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने मां विन्ध्यवासिनी देवी कॉरिडोर के विस्तारीकरण, सौन्दर्यीकरण परियोजना के अन्तर्गत आने वाले पार्सल में जन सुविधाओं के निर्माण स्थल पर पड़ने वाली अतिरिक्त भूमि पर पूर्वनिर्मित भवनों के ध्वस्तीकरण और मलवा निस्तारण कार्य हेतु कुल 63.05 लाख रुपये व्यय किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रेत्तर निर्णय लिये जाने के लिए मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री को अधिकृत कर दिया है। मां विन्ध्यवासिनी देवी कॉरिडोर से लगे 04 प्रमुख मार्गों से सम्बन्धित आवश्यक भूमि को क्रय करने एवं परिसम्पत्तियों का मुआवजा दिये जाने के लिए 25 फरवरी 2021 द्वारा 3370.61 लाख रुपये की एक मुश्त प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए उक्त धनराशि को जिलाधिकारी मीरजापुर के निवर्तन पर रखा गया है। ज्ञातव्य है कि मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के किनारे मीरजापुर से 08 किमी, वाराणसी से 70 किमी, प्रयागराज से 85 किमी तथा राजधानी लखनऊ से 283 किमी की दूरी पर स्थित है। त्रिकोण दर्शन में मां विन्ध्यवासिनी देवी, मां अष्टभुजा, मां कालीखोह का दर्शन की असीम मान्यता श्रद्धालुओं के मध्य हैं। यहां देश-विदेश के श्रद्धालु भारी संख्या में दर्शन, पूजन, मुण्डन एवं जनेऊ संस्कार इत्यादि के लिए आते हैं। इसके अलावा रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुण्डी निरीक्षण गृह व उसके आसपास के स्थानों पर चिन्हित भूमि को पर्यटन विकास परियोजना के निर्माण के लिए पर्यटन विभाग को नि:शुल्क हस्तान्तरण का प्रस्ताव स्वीकृत दे दी गई। मंत्रिपरिषद ने तहसील मानिकपुर, जनपद चित्रकूट के क्षेत्रान्तर्गत रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुण्डी निरीक्षण गृह व उसके आसपास के स्थानों पर चिन्हित भूमि को पर्यटन विकास परियोजना के निर्माण हेतु पर्यटन विभाग को नि:शुल्क हस्तान्तरण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रेत्तर निर्णय लिये जाने हेतु मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास पर्यटन विकास सम्बन्धी गतिविधियों के फलस्वरूप स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और स्थानीय लोगों के आर्थिक.सामाजिक जीवन स्तर का भी उन्नयन होगा। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में लगभग 16620 वर्ग किमी के वन क्षेत्र के साथ अनेक अति सुन्दर परिदृश्य, वन-विस्तार बहती नदियों और लुभावने सुन्दर झरनों और बड़ी संख्या में लुप्तप्राय पक्षियों और जानवरों की उपलब्धता है। राज्य के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित रानीपुर टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश स्थित पन्ना टाइगर रिजर्व से महज 150 किमी की दूरी पर स्थित है। इस रिजर्व में बाघ, तेंदुआ, भालू, सांभर, चित्तीदार हिरण, चिंकारा और कई पक्षी तथा सरीसृप पाये जाते हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दुधवा पीलीभीत और अमनगढ़ के बाद यह राज्य का चैथा टाइगर रिजर्व है। रानीपुर टाइगर रिजर्व अधिसूचित होने के बाद भारत सरकार के प्रोजेक्ट टाइगर का हिस्सा हो गया है। इस योजना में भारत सरकार तथा राज्य सरकार से बराबर की धनराशि प्राप्त होगी।

## रामपुर में मार्ग चौड़ीकरण के लिए 20536.51 लाख का प्रस्ताव अनुमोदित

**मंत्रिपरिषद** ने जनपद रामपुर में शाहबाद-रामपुर-बाजापुर मार्ग कुल लम्बाई 57.592 किमी में चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की सम्पूर्ण परियोजना एवं उक्त कार्य की कुल लागत 20536.51 लाख रुपये के व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि यह मार्ग जनपद रामपुर की तहसील शाहबाद से प्रारम्भ होकर रामपुर स्वार होते हुए उत्तराखण्ड राज्य के पर्यटन स्थल जिम कार्बेट पार्क रामनगर व नैनीताल को जाता है। इस मार्ग से गुजरने वाला यातायात दिल्ली एवं लखनऊ को भी जाता है। इसके अतिरिक्त, शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग ;का यातायात भी इसी मार्ग से होकर गुजरता है जो बाद में जाकर अलीगढ़, चन्दौसी, मुरादाबाद मार्ग को जोड़ता है। उक्त मार्ग बरेली के रामनगर को भी जोड़ता हैए जो जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। प्रश्नगत मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हो जाने से शहरी एवं गांवों की आबादी लाभान्वित होगी व क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा।

## कुशीनगर में जिला कारागार के लिए मिलेगी निशुल्क भूमि

**मंत्रिपरिषद** ने जनपद कुशीनगर में जिला कारागार निर्माण के लिए चयनित भूमि के अन्तर्गत पड़ रही कुल 0.781 हेक्टेयर भूमि को कारागार विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि नवसृजित जनपद कुशीनगर में 1000 बन्दी क्षमता की कारागार के निर्माण हेतु चयनित 26.875 हेक्टेयर भूमि में से कृषकों की 24.66 हेक्टेयर व पुर्नग्रहण से ग्राम समाज की 1.434 हेक्टेयर भूमि सहित 26.094 हेक्टेयर भूमि कारागार विभाग को प्राप्त हो चुकी है। अवशेष 0.781 हेक्टेयर भूमि, जो कि कारागार के निर्माण हेतु चयनित भूमि के अन्तर्गत पड़ रही है, उसमें राजस्व विभाग की 0.491 हेक्टेयर लोक निर्माण विभाग की 0.068 हेक्टेयर तथा सिंचाई व जल संसाधन विभाग की 0.222 हेक्टेयर भूमि सम्मिलित है, को कारागार विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तान्तरित किये जाने को मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## हाथरस में बनेगा नया जिला कारागार

**मंत्रिपरिषद** ने व्यय वित्त समिति की शर्तों अभिमत के अधीन जनपद हाथरस में 1026 बन्दी क्षमता के नवीन जिला कारागार के निर्माण की सम्पूर्ण प्रायोजना एवं लागत 18494.29 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

# बाढ़ राहत व बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता कतई न बरती जाए: संजय प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशो के अनुपालन में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बैठक कर निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने के पूर्व ही आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि जहां से भी पीएसी व एसडीआरएफ की मांग हो रही हो वहां तत्काल बिना किसी विलम्ब के भेजा जाना सुनिश्चित किया जाय। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार तत्काल व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित जिलाधिकारी निरन्तर ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण अवश्य करते है ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाए। प्रमुख सचिव गृह ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए` है कि बाढ़ राहत व बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता कतई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित जिलाधिकारियों की पीएसी व एसडीआरएफ की मांग के साथ ही तत्काल ईधन सहित वाहन आवश्यकतानुसार भेजना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की समाप्ति के बाद वाहन की व्यवस्था तुरन्त अगले मोर्चे के लिए रवाना कर दिया जाए। मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुपालन में प्रमुख सचिव गृह मंगलवार को लोक भवन स्थित सभागार कक्ष में सचिव गृह एवी राजामौलि, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी केएस प्रताप, विशेष सचिव गृह डा. अनिल कुमार सिंह तथा कमाण्डेन्ट एसडीआरएफ सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यो की की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बच्चों महिलाओं व बुजुर्ग व्यक्तियों को प्राथमिकता पर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाए। उन्होंने कहा कि मवेशियों को भी संभावित बाढ़ से बचाव के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाय। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित आम नागरिकों के लिए राहत सामग्री का वितरण भी आवश्यकतानुसार सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार के दैवीय व मानव जनित आपदा से निपटने के लिए व विभिन्न प्रकार के राहत व बचाव कार्यो को सकुशल कराने हेतु राज्य आपदा मोचन बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लक्षित 10 हजार 200 आपदा मित्रों मे से अब तक 7952 आपदा मित्र-आपदा सखी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमा समय में एसडीआरएफ की तीन कंपनियों की 9 टीमों को जनपद वाराणसी, इटावा, मीरजापुर, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं लखनऊ में व्यवस्थापित हैं। जिसके आवागमन के लिए 18 ट्रक, 6 बस, 12 ट्रेवलर, 17 टीयूवी, 12 बोलेरो व 5 एम्बुलेंस है। दूर संचार के माध्यम से टीमों के संपर्क व्यवस्था के लिए 20 मोबाइल, 60 हैण्ड हेल्ड सेट, 17 सेटेलाइट फोन एवं 4 बीजीएएन टर्मिनल उपलब्ध है।

# भूखंड आवंटन के साथ उद्योग स्थापना का भी बनेगा रिकॉर्ड

- गीडा में 240 भूखंडों के लिए 31 तक किया जा सकता है आवेदन
- उद्यमी मित्र करेंगे गीडा में यूनिट लगाने को इच्छुक निवेशकों की मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**योगी** आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद निवेश के पसंदीदा स्थल बन चुके गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में रिकॉर्ड भूखंड आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उद्योग स्थापना का भी रिकॉर्ड बनेगा। भूखंडों की संख्या और क्षेत्रफल, दोनों के हिसाब से गीडा ने अब तक के सबसे बड़े भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है। भूखंड प्राप्त करने के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर 7 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है। आवश्यकता के अनुसार छोटे, मझोले और बड़े साइज के भूखंड के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकेगा। इस बीच कोई असुविधा होने पर उद्यमी मित्र की सेवा भी उपलब्ध हो गई है।

प्लास्टिक पार्क में यूनिट लगानी हो या गारमेंट पार्क में या फिर चार अलग-अलग सेक्टर में कोई अन्य सामान्य उद्योग। इच्छुक उद्यमियों, निवेशकों के लिए गीडा सुनहरा अवसर उपलब्ध करा रहा है। निवेशकों को उनकी जरूरत व पसंद के मुताबिक भूखंड उपलब्ध कराने को गीडा प्रशासन ने करीब 170 एकड़ (685000 वर्गमीटर) क्षेत्रफल में 240 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी की है। इन नए भूखंडों के आवंटन के बाद प्लास्टिक पार्क व गारमेंट पार्क उद्योगों से समृद्ध हो जाएगा। सामान्य उद्योगों की भी नई कतार दिखेगी। भूखंड आवंटन की यह प्रक्रिया एक तरफसे रिकॉर्ड भी बनाएगी। बीते पांच सालों में गीडा ने 684552 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भूखंड आवंटित किए थे जबकि जबकि इस बार एक ही प्रक्रिया में 685000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 240 भूखंड आवंटित होने जा रहे हैं। गीडा ने वर्ष 2018-19 में 14149 वर्गमीटर के 31, वर्ष 2019-20 में 27000 वर्गमीटर के 38ए वर्ष 2020.21 में 104660 वर्गमीटर के 67, वर्ष 2021-22 में 191018 वर्गमीटर के 107 तथा वर्ष 20122-23 में 347725 वर्गमीटर के 88 भूखंड आवंटित किए थे। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल का कहना है कि निवेश के लिए गीडा उद्यमियों को काफी पसंद आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद यहां यूनिट लगाने को रुझान और तेजी से बढ़ा है। इसे देखते हुए गीडा लैंड बैंक भी बढ़ा रहा है और उद्यमियों, निवेशकों की जरूरत के मुताबिक भूखंड भी विकसित कर रहा है। इसी क्रम में विकसित 240 भूखंड गीडा में उद्योगों की श्रृंखला को और विस्तृत करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पार्क, गारमेंट उद्योग व सामान्य उद्योग के लिए जो ले आउट बनाया गया है उसमें सबसे छोटा भूखंड 510 वर्गमीटर का है। जबकि सबसे बड़ा भूखंड 62957 वर्गमीटर का है। यानी जैसी जरूरत, वैसा भूखंड उपलब्ध है। अग्रवाल का कहना नए भूखंड आवंटन प्रिया से प्लास्टिक पार्क परियोजना तेजी से आकार लेती नजर आएगी। सेक्टर 28 स्थित प्लास्टिक पार्क में कुल 88 भूखंड आवंटित किए जाएंगे। ये भूखंड 594 से 20764 वर्गमीटर तक की साइज के हैं। इनमें 1000 वर्गमीटर तक के 42, 1001 से 4000 वर्गमीटर तक 40, 4001 से 20000 वर्गमीटर तक के 4 तथा 20001 वर्गमीटर से अधिक के 2 प्लॉट के लिए उद्यमी-निवेशक आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह गीडा सेक्टर 26 (गारमेंट पार्क) में कुल 28340 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नए 41 भूखंड आवंटित किए जाएंगे। ये भूखंड 510 से 1000 वर्गमीटर तक के आकार के हैं। इनके अलावा 111 भूखंड सामान्य उद्योग के लिए होंगे। ये भूखंड कुल चार सेक्टर (13, 15, 26 व 27) में स्थित हैं। इन सभी भूखंडों के आकार पर नजर डालें तो 1000 वर्गमीटर तक के 31 भूखंड, 1001 से 4000 वर्गमीटर तक के 60 भूखंड 4001 से 20000 वर्गमीटर तक के 16 भूखंड तथा 20001 वर्गमीटर से अधिक के 4 भूखंड उपलब्ध हैं।

# मानकों के विपरीत है पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपाराज में उत्तर प्रदेश में विकास का विनाश ही होता रहा है। खुद कोई विकासकार्य करने के बजाय भाजपा सरकार ने या तो समाजवादी सरकार के कामों पर अपना ठप्पा लगाया या फि र उन्हें बर्बाद करने का काम किया। लेकिन उसने जो भी किया उसमें घोटाला जरूर मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि चौबीस घंटा भी नहीं बीता कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे दो बार धंस चुका है। इस सड़क के लोकार्पण के बाद ही इसके धंसने की खबर थी। यहां दुर्घटना भी हो चुकी है। सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे धंस गया है। यही स्थिति बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की भी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे हो या बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे दोनों की गुणवत्ता मानकों के विपरीत है और ये यात्रा के लिए खतरनाक बनी हुई है। इनकी गुणवत्ता और रखरखाव की जांच होनी चाहिए। तभी घोटाले और भ्रष्टाचार की सच्चाई का पता चल पाएगा। मुख्यमंत्री जी इनका श्रेय ले रहे थे, अब इस भ्रष्टाचार का श्रेय कौन लेगा। अखिलेश ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के घोटाले की कड़ी में भाजपा राज में वृक्षारोपण का घोटाला भी सामने आ रहा है। पिछले वर्ष 31 करोड़ वृक्ष लगाने का सरकारी दावा था। इस वर्ष 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य घोषित है। भाजपा सरकार के 6 साल में 132 करोड़ वृक्ष लगाये जाने का दावा है। सवाल यह है कि इतने पेड़ कहां लगे हैं, कितने क्षेत्रफल में वृक्षारोपण हुआ है। भाजपाई पारदर्शिता की बाते बहुत करते हैं उन्हें यह बताने में क्यों संकोच है कि कहां-कहां कितने पेड़ लगा दिए गए। लगे हाथ ये भी बता दें कि उनके शासन काल में कितने पेड़ काटे गए हैं। सच तो यह है कि भाजपा सरकार की नीयत में ही बुनियादी खोट है। इसके परिणाम स्वरूप जनहित में वह एक भी योजना कार्यान्वित नहीं कर पाई है।

# सपा नेता नवाब अली अकबर समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था रखते हुए मंगलवार को बलरामपुर अन्तर्गत उतरौला के पूर्व ब्लाक प्रमुख, शिया वक्फबोर्ड उप्र के पूर्व चेयरमैन और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नवाब अली अकबर ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने नवाब अकबर अली को कांग्रेस की तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के संगठन सचिव अनिल यादव, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकान्त पाण्डेय, पंकज तिवारी, हम्माम वहीद, सचिन रावत एवं अजयचन्द चौबे, नितान्त सिंह, सोमेश सिंह चौहान, मो. शमीम खान, राजेश सिंह काली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता हम्माम वहीद ने बताया कि इस अवसर पर नवाब अकबर अली के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मूसा खान, अब्बास रिजवी, राम सिंह, अरबाज अहमद, सैफ हबीब, कमर हसन, हालिम अदम, उमैर खान, फरदान आदिल, उदयराज, अजहर खान, मो. फरदान, उमर सैफ, मो. खालिद, शानू, मुख्तार, मो. जमील, मोनिका शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा चलाई गई भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर लगातार उप्र के विभिन्न दलों को छोड़कर लोग कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में लोकतंत्र एवं संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। एक तरफ देश को बेचने वाले लोग हैं वही दूसरी तरफ हमारे नेता राहुल गांधी तथा सम्पूर्ण कांग्रेस पार्टी देश एवं संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे है।

## किसानों के जीवन में खुशहाली की राह खोलेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

**लखनऊ।** एग्री स्टेक डिजिटल एग्रीकल्चर पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे की पड़ताल के कार्य को संपादित कराने के लिए जनपद एवं तहसील स्तर के चयनित मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सूर्य प्रताप शाही बतौर मुख्य अतिथि तथा कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलेगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगेए उससे प्रदेश के कृषकों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। इन आंकड़ों के आधार पर किसानों के लिए आवश्यक और उपयोगी योजनाओं को तैयार किया जा सकेगा।

# मेगा ई-ऑक्शन से यूपी में औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

- लखनऊ, कानपुर, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, गोरखपुर, झांसी व अलीगढ़ में इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का होगा मेगा ई-ऑक्शन

## कल सुबह 10 बजे ऑनलाइन होगा ऑक्शन का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार अब मेगा ई-ऑक्शन के माध्यम से बड़े स्तर पर इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स के लिए प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी से आगे बढ़े और देश का ग्रोथ इंजन बने। ऐसे में औद्योगिक विकास इस लक्ष्य को हासिल करने की अहम कड़ी है और यही कारण है कि इस सेक्टर पर सीएम योगी समेत पूरी राज्य सरकार का विशेष फोकस है। इस केम में अब लखनऊ, कानपुर, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, गोरखपुर, झांसी व अलीगढ़ में इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के ऑक्शन के लिए 13 जुलाई सुबह 10 बजे ऑनलाइन ऑक्शन का आयोजन करने जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास विभाग द्वारा आयोजित कराए जा रहे इस मेगा ई-ऑक्शन में कुल मिलाकर 154 इंडस्ट्रियल, 3 ग्रुप हाउसिंग, एक नर्सिंग होम, एक वेइंग ब्रिज, 8 वेयरहाउस के लिए प्लॉट्स और फ्लैटेड फैक्टरी में 10 रेंटेड हॉल के एलोकेशन का मार्ग प्रशस्त होगा। गुरुवार को होने जा रही इस मेगा बिडिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन, कैटेलॉग डाउनलोडिंग, डॉक्यूमेंट फाइलिंग व डाउनलोडिंग समेत फीस जमा कराने प्रक्रिया को पहले ही ऑनलाइन माध्यम के जरिए पूरा कराया जा चुका है। इतना ही नहीं इन सभी प्रस्तावित प्लॉट्स व रेंटेड हॉल की बेस प्राइसिंग भी तय कर दी गई है। इसी के आधार पर बिडिंग प्रक्रिया के दौरान बोली लगाने की गतिविधि को अंजाम दिया जाएगा। इस ऑक्शन को यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर 13 जुलाई सुबह 10 बजे से कंडक्ट कराया जाएगा और करोड़ों की बोलियां लगने व प्लॉट्स के एलोकेशन का मार्ग प्रशस्त होगा।

जिन इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का एलोकेशन इस ई-बिडिंग के माध्यम से किया जा रहा है उनकी बेस प्राइसिंग तय कर दी गई है। बेस प्राइसिंग के लिहाज से ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, झांसी व आगरा की इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग्स की सबसे ज्यादा बेस प्राइस रखी गई है। इनमें से कई की कीमत करोड़ों में है। वैसे संख्या के लिहाज से देखें तो अलीगढ़, बरेली, अयोध्या मंडलीय क्षेत्रों में सबसे ज्यादा इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग्स को बिडिंग के लिए लिस्टेड किया गया है। इनकी भी बेस प्राइसिंग कर दी गई है। वहीं 3 ग्रुप हाउसिंग, एक नर्सिंग होम, एक वेइंग ब्रिज, 8 वेयरहाउस के लिए प्लॉट्स और फ्लैटेड फैक्टरी में 10 रेंटेड हॉल के एलोकेशन के लिए भी प्लॉट्स व एसेट्स एलोकेशन के लिए बेस प्राइस तय कर दी गई है।

# 72 घंटे बिना बिजली-पानी रहने पर लोगों ने काटा हंगामा

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर के मुंशीगंज मोहल्लेवासियों ने मुंशीगंज-बड़गांव मार्ग किया जाम
- किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन
- रात में एक पल के लिए बिजली आयी और फिर रात भर रही गायब
- 96 घंटे से बिजली और पानी को तरसे मोहल्लेवासी
- सोमवार रात हंगामा काट एसडीओ रवि गौतम की गाड़ी की पंचर
- एसडीओ की ओर से 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की हो रही तैयारी

72 घंटे से बिजली पानी न मिलने से शहरवासियों का आक्रोश इस कदर फूटा कि सड़कों पर उतर किसान नेता पिंदर सिंह के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन किया। एसडीओ की गाड़ी को पंचर कर बंधक बनाने का प्रयास किया। पुलिस को मौके पर पहुंचकर बंधक एसडीओ को छुड़ाकर बाइक से ले जाना पड़ा। एसडीओ सिटी रवि गौतम की ओर से 50 अज्ञात लोगों के विरूद्ध दर्ज कराया गया है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल से बनायी गयी वीडियो क्लिप के आधार पर उपद्रव करने वालों की पुलिस पहचान कर रही है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि लाइनमैन शराब के नशे में जोड़ रहा था लाइन जिससे तार जल गए और बिजली बाधित हो गयी। यह क्षेत्र भवानीपुर फीडर के एसडीओ हिमांशु पटेल का है। हिमांशु पटेल के बीमार होने के चलते एसडीओ रवि गौतम लाइनमैन के बुलाने पर बाधित बिजली व्यवस्था का हाल जानने पहुंचे थे। तीन दिनों से बिजली सप्लाई बाधित होने से भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरसे शहरवासियों में इस कदर आक्रोश पनप गया कि वह सड़क पर उतरकर हंगामा करने लगे। यह हंगामा तीन घंटे से भी अधिक समय तक चला। गौरतलब बात तो यह है कि यह वह इलाका है जहां पर प्रसिद्ध श्यामनाथ मंदिर स्थित है। पिछले तीन दिनों से जिले के अधिकारी ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने भी यहां पहुंचकर कांवरियों पर फूल बरसाये हैं, लेकिन उनके इलाके की हजारों हजार की आबादी तीन दिनों से बिन बिजली और बिन पानी के भीषण गर्मी में कैसी रह रही थी इसकी किसी ने भी सुधि नहीं ली। मोहल्लेवासियों ने सबसे गुहार लगायी एक दिन, दो दिन, तीन दिन इंतजार करते रहे, न बिजली व्यवस्था सुधरी और न ही पानी की सप्लाई हुई तब आक्रोशित होकर मोहल्लेवासियों ने आपा खो दिया। उधर मौके पर पहुंचे एसडीओ नगर रवि गौतम को प्रदर्शनकारियों से मुक्त कराकर बाइक पर बैठाकर पुलिस कर्मी ले जाने को मजबूर हुए जबकि एसडीओ को अपनी गाड़ी को मौके पर इसलिए छोड़ना पड़ा क्योंकि उसे पंचर कर दिया गया। इसको लेकर एसडीओ नगर रवि गौतम की ओर से शहर कोतवाली में 50 अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने की तहरीर दी गयी है। सीसीटीवी और मोबाइल की वीडियो क्लिप के आधार पर पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही है। इधर भवानीपुर फीडर में भी सोमवार की रात तेज धमाका हुआ जिसमें लवकुश नाम का एक कर्मचारी घायल हो गया, जेई अनिल सिंह को हल्की चोट पहुंची। बताते हैं कि 33 केवी लाइन की टेस्टिंग के दौरान यह धमाका हुआ। फिलहाल बरसात के बीच बिजली व्यवस्था सीतापुर में कई जगह लड़खड़ा गयी है इनमें श्यामनाथ, कजियारा, रामलीला मैदान, पेपर मिल आदि फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी। बता दें कि 72 घंटे बिन बिजली-पानी परेशान हुए मोहल्लेवासियों ने हंगामा काटा। इसके बाद बिजली मीटर तक आयी, न पंखे चल पाए, न बल्ब जल पाए और फिर चली गयी। रात भर मोहल्लेवासी बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन 96 घंटे होने को हैं अभी तक मुंशीगंज मोहल्ले में बिजली के दर्शन नहीं हो सके।

# बैराजों से छोड़े गए पानी से सैकड़ों गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

संवाददाता। सीतापुर

- ग्रामीणों को डराने लगी नदियों की लहरें
- बैराजों से छोड़े जा रहा लाखों क्यूसेक पानी
- विकराल रूप में आने लगी नदियां

सीतापुर में सरयू,शारदा आदि नदियों की लहरें ग्रामीणों को डराने लगी है। पहाड़ो पर हो रही बारिश और बैराजों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी से नदियां रौद्र रुप में आने लगी है। जिससे जिले की तहसील महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर के सैकड़ो गांव पर बाढ़ का खतरा मंडरा गया है। मंगलवार को गिरिजा बैराज से एक लाख 23 हजार 73, शारदा बैराज से एक लाख 38 हजार 707 व बनबसा बैराज से 28 हजार 845 कुल 2 लाख 90 हजरा 625 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हालाकिं रामपुर मथुरा के अंगरौरा में घाघरा का जलस्तर अभी खतरे के निशान से 110 सेंटीमीटर दूर है। लेकिन बैराजों से छोड़ा गया पानी जब यहां पहुंचेगा तो नदियां अपने विकराल रुप में कहर बरपाना शुरु कर देगीं। बतातें चले कि तहसील महमूदाबाद के अखरी, शंकरपुरवा, बाबाकुटी, अंगरौरा, अटौरा, फत्तेपुरवा, बक्शीपुरवा, दुबे पुरवा, मिश्रन पुरवा, रानीगंज कोठार, अहिरन पुरवा, मोतीपुरवा, शिवनाथपुरवा, कनरखी, धांधीरेती, कैलाशपुरवा, बनवारीपुरवा, बैजीपुरवा सहित सैकड़ो गांव की लगभग 2 लाख आबादी बाढ़ व कटान से प्रभावित होती है। जबकि तहसील बिसवां क्षेत्र के गोलोककोडर के दुर्गापुवा,पासिनपुरवा, चौकीपुरवा, रामलालपुरवा, गार्गीपुरवा सहित 32 मजरो के ग्रामीणों को बाढ़ व कटान का दंश से दशको से झेलना पड़ रहा है। इन मजरों की करीब 11 हजार आबादी बाढ़ आने पर पानी की कैदी बनकर रह जाती है। इसके अलावा ग्राम पंचायत बजहा म्योड़ी छोलहा, दूलामउ, बंसतापुर, चहलारी, मुजेहना, लालपुर सहित दर्जनों गांव की लगभग तीस हजार आबादी बाढ़ के पानी में घिरती है। इसी तरह तहसील लहरपुर में बरेला, चटेला, हरिहरपुर, सेतुही, नकहा, परेवा, बढ़ाइन पुरवा, मीतमउ, मानपुर, मल्लापुर सहित दर्जनों गांव की 40 हजार आबादी को बाढ़ की मार झेलनी पड़ती है। अब जब पहाड़ों पर बारिश होने के साथ बैराजों से भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाने लगा है। इसके साथ ही गांजरी इलाके की शारदा सरयू नदियां भी विकराल रुप में आने लगी है। ऐसे में ग्रामीण चिंता में डूब गए है।

# प्राथमिक विद्यालय मे कीड़े वाले आटे की रोटी

संवाददाता। शाहजहांपुर

- अभिभावकों ने पहुंचकर हंगामा किया
- जांच के लिए बनाई गई कमेटी

**प्राथमिक** विद्यालय पर उस वक्त हंगामा हो गया जब कुछ बच्चों ने परिवार से शिकायत की कि उनको कीड़े वाले आटे की रोटी खिलाई गई। परिजनों ने स्कूल में जाकर आटा देखा तो उसमें कीड़े बजबजा रहे थे। वहीं आटा लेकर अभिभावक बीएसए के पास पहुंचे। आज हंगामे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। बीएसए ने बच्चों और स्टाफके बयान लिए हैं। बताया जा रहा है कि जून माह में मिलने वाले मिड-डे-मिल के आटे को हटाया नहीं गया। कमेटी जांच करेगी, रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शाहजहांपुर में अहमदपुर टिक्कल प्राथमिक विद्यालय पर मंगलवार को वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बच्चों की पढ़ाई बंद हो गई। हंगामा बढ़ता देख स्टाफ ने पुलिस बुला ली। उसके बाद इसकी सूचना डीएम उमेश प्रताप सिंह तक पहुंच गई। उसके बाद बीएसए रणजय सिंह भी प्राथमिक विद्यालय पहुंच गए, जहां उन्होंने अभिभावकों से बातचीत कर उनको शांत कराकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और स्टाफसे पूछताछ की।

**बच्चे ने देख लिए थे आटे में कीड़े-** दरअसल सोमवार को प्राथमिक विद्यालय में मिलने वाले मिड-डे-मील के आटे की रोटी बच्चों को खिलाई गई थी। किसी बच्चे ने आटे में बजबजाते कीड़े देखे थे। इसकी शिकायत बच्चों ने घर जाकर अपने माता-पिता से की थी। उसके बाद अभिभावकों ने स्कूल जाकर उस आटे को देखा तो उसमे कीड़े रेंगते हुए दिखाई दिए, जिससे अभिभावकों का गुस्साए बढ़ गया। उन्होंने वही आटा बीएसए को ले जाकर दिखाया। बीएसए ने अभिभावकों को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। कार्रवाई न होती दिखने पर अभिभावकों ने मंगलवार को हंगामा कर दिया।

**जांच के लिए बनाई गई कमेटी-** बीएसए ने भी जब स्कूल में आटे को देखा तो उसमे कीड़े मिले थे। कीड़े वाले आटे की पुष्टि होने के बाद बीएसए ने पूरे मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्य कमेटी बनाई है, जो जल्द इसकी जांच कर बीएसए को सौंपेगी। बीएसए रणजय सिंह ने बताया कि मौके पर जाकर देखा तो आटे में कीड़े मिले थे।

जून माह में मिलने वाले आटे को हटा देना चाहिए था, लेकिन उन लोगों ने नहीं हटाया। प्रथम दृष्टया दोषी लग रहे हैं। जांच कमेटी बना दी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# चेयरमैन ने लाभार्थियों को वापस करवाई रिश्वत की रकम

**निघासन-खीरी।** नवसृजित नगर पंचायत निघासन के पहले चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य ने डूडा विभाग के कर्मचारी द्वारा पीएम शहरी आवास योजना के अंतर्गत बन रहे आवास के नाम पर लाभार्थियों से वसूले गए पैसे वापस



करवाकर अपने इरादे साफ कर दिये हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत निघासन के वार्ड नानक नगर मोहल्ला छींटनपुरवा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत बन रहे आवास में डूडा विभाग के कर्मचारी द्वारा लाभार्थियों से पांच पांच हजार रुपए की वसूली किए जाने की सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष बद्रीप्रसाद मौर्य ने लाभार्थियों रामप्रसाद व चुन्नू लाल को डूडा कर्मचारी द्वारा अवैध तरीके से वसूली गई रकम वापस करवा दी , अध्यक्ष की इस कार्रवाई से लाभार्थियों में हर्ष व्याप्त हो गया है । चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सोच ईमानदार और काम दमदार है किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी।

इस अवसर पर ईओ दिनेश शुक्ला , कल्लू राम , विकास मौर्य , महेश कुमार तथा दयाशंकर मौर्य समेत कई नगरवासी उपस्थित रहे।

# दैवीय आपदा में देने वाली राहत वितरण में लापरवाही आई सामने

संवाददाता। सीतापुर

- मामले में चार अधिकारियों से मांगा गया जवाब
- सर्पदंश से मृत्यु पर आश्रितों को सात दिनों में मिलेगी सहायता राशि
- पोस्टमार्टम के बाद मृतक की विषरा रिपोर्ट प्रिजर्व करने की नहीं जरूरत

**दैवीय** आपदा के तहत प्रदान की जाने वाली राहत वितरण में बरती गई लापरवाही के मामले में चार अधिकारियों पर कार्रावाई की तलवार लटक गई है। मामले में एडीएम रामभरत तिवारी ने अधिकारियों से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण तलब किया है। दरअसल दैवीय आपदा के मामले में अधिकतम तीन दिनों में राहत वितरण एंव शर्पदंश मामले में सात दिनो के अंदर ऐहतुक साहयता प्रदान किए जाने के निर्देश शासन स्तर से दे रखे गए है। शर्पदंश से हुई मृत्यु के मामले में शासनादेश को किस कदर प्रभावी किया गया है। यह प्रकरण तहसील मिश्रिख व महमूदाबाद क्षेत्र के हैं। मिश्रिख क्षेत्र के नसीरापुर मजरा में मृतक उधमा पिता छोटकउ की मृत्यु 5 अप्रैल 2023 को होनी बताई जा रही है। मृत्यु का कराण मानव वन्यजीव द्वंद बताया जा रहा है जबकि मृतक परिवार को 4 माह बाद भी राहत राशि वितरित नहीं की गई। इस मामले में एडीएम ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मिश्रिख से तीन दिनों में स्पष्टीकरण तलब किया। इसी क्रम में तहसील महमूदाबाद में 15 अप्रैल 2023 से लंबित प्रकरण में भी दैवीय आपदा राशि प्रदान नहीं की गई। यह मामला महमूदाबाद के बगस्ती गांव का है, जहां इंदल पिता रामसिंह की मौत होना बताया जा रहा है। ऐसे ही तहसील महमूदाबाद के कुल 8 मामलों में एडीएम ने उपजिलाधिकारी तहसीलदार महमूदाबाद से तीन दिनों में स्पष्टीकरण तलब किया है। आई इंडिया अब आपको शर्पदंश से होने वाली मौत के मामले में जारी शासनादेश से रुबरु कराने जा रहा है। वैसे तो यह शासनादेश 8 जुलाई 2021 को प्रभावी हुआ था, इस शासनादेश के तहत मृतक के आश्रित को 4 लाख एहतुक सहायता राशि प्रदान किए जाने का प्राविधान है, लेकिन इसकी प्रमाणिकता की प्रक्रिया काफी लंबी थी। माना जा रहा जिसकी वजह से समय पर मृतक आश्रितों को अनुमन्य सहायता राशि नहीं मिल पाती थी। उस शासनादेश को संशोधित किया गया। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार की तरफ से जारी दिशानिर्देश में कहा गया है कि शर्पदंश से मृत्यु के मामलों में मृतक का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराया जाए। पोस्टमार्टम के बाद मृतक की विसरा रिपोर्ट प्रिजर्व करने की जरुरत नहीं है। सर्पदशं से मृत्यु की दशा में मृतक के आश्रितों को अधिकतम सात दिनों के अंदर ऐहतुक सहायता उपलब्ध करा दी जाए। आइए अब एक नजर डाल लेते है वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीतापुर में घटित सर्पदंश वाली घटनाओं पर। सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के जरावन में सपना पुत्री हनुमान की सर्पदंश से मौत, 6 मई 2023 को हो गई थी। इसी तहसील के ग्राम जदवापुर में 16 मई को रेनू पुत्री हरिनाम की मृत्यु हो गई थी। महमूबदाबाद तहसील के ही चंदनपुर में 12 जून को इंद्रेश पुत्र रामखेलावन की मृत्यु हो गई। महमूदाबाद तहसील के ही लोना में सुमन देवी की मौत 25 जून को सर्प दंश से हो गई थी। जबकि इससे पहले तहसील मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम ठाकुर नगर में सैलेन्द्र कुमार पुत्र रामू की सर्पदंश से 20 जून को उस समय मौत हो गई थी जब वह खेत में काम कर रहा था। मिश्रिख तहसील क्षेत्र के ही ग्राम परसोली में 49 वर्षीय मुन्नन तिवारी पुत्र कन्हैयालाल को सोमवार की रात सर्प ने डस लिया. परिजन उसे इलाज के लिए लखनऊ ले गए लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अब देखना यह है कि जिस तहसील मिश्रिख में दैवीय आपदा के तहत वितरित की जाने वाली राहत राशि के मामले में एसडीएम और तहसीलदार से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उसी तहसील में 10 जुलाई की रात सर्पदंश से हुई मौत के मामले में पीड़ित पक्ष को शासनादेश के मुताबिक अनुमन्य साहायता राशि मिल पाती है या नहीं।

# रमिया बेहड़ में मनाया गया जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

संवाददाता। रमिया बेहड खीरी

**विकासखंड** रमिया बेहड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड में आज विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा बनाया गया कार्यक्रम अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा की अगुवाई में संपन्न किया गया कार्यक्रम में आशा बहुओं के द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में सुलोचना सिंह अर्थ काउंसलर महिला के द्वारा लोगों को बताया गया कि पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे में अंतर रखने के लिए और ओरल पल्स गोलियों का प्रयोग किया जा सकता है जो कि सरकारी संस्थाओं में मुफ्त मिलती हैं दो बच्चों मे अंतर रखने के लिए कॉपरटी भी रखवाई जा सकती है परिवार को सीमित रखने के लिए महिला नसबंदी की जाती है और सरकार की तरफ से रुपए भी दिए जाते हैं और मर्दों की चीरा रहित नसबंदी के लिए 2000 और मोटिवेशन के लिए रुपया 400 दिया जाता है इस मौके पर बीसीपीएम संदीप मिश्रा ने विश्व में बढ़ रही जनसंख्या आबादी पर विस्तारपूर्वक समझाया और



बताया कि बढ़ रही जनसंख्या एक चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि देश में आबादी तेजी के साथ बढ़ रही है जिसके साथ ही विश्व का आर्थिक सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है और देश में अस्थिरता पैदा हो रही है इसको रोकने के लिए परिवार नियोजन के उपाय अपनाने चाहिए अनुराग सिसोदिया अर्थ काउंसलर पुरुष ने अपने संबोधन में कहा कि सीमित परिवार ही परिवार की खुशहाली का राज है परिवार को सीमित रखने के लिए बच्चों की पैदाइश के बाद कम से कम 3 साल का फासला होना जरूरी है इसे अस्थाई तौर पर गर्भनिरोधक गोलियां आयु डी के उपाय अपनाए जा सकते हैं इसके अलावा दो बच्चों की पैदाइश के बाद स्थाई तौर पर नसबंदी कराई जा सकती है उन्होंने कहा कि शादी के पश्चात कम से कम 3 वर्ष का अंतर रखना जरूरी है और शादी के लिए लड़की की आयु 18 साल तथा लड़के की आयु 21 साल होना जरूरी है इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर अनिल वर्मा डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा काउंसलर सुलोचना सिंह फैमिली प्लानिंग महिला बीपीएम राहुल बीसीपीएम संदीप मिश्रा ब्लॉक अकाउंटेंट अभिषेक गोयल अर्श काउंसलर अनुराग सिसोदिया स्टाफ नर्स अफसार पूनम राजकुमारी अखिलेश कुमार एवं आशा बहू एनम काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एजेंडा के बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होने उद्यमियों की शिकायतों एवं सुझावों को भी सुना।

बनतारा एवं अट्सलिया के बीच विद्युत घर की स्वीकृति के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत को प्रबंध निदेशक माध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ को टेंडर निर्गत किए जाने के संबंध में अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था , विद्युत घर स्वीकृति के संबंध में निरंतर विलंब होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग एवं अधिशासी अभियंता विद्युत का जवाब तलब करने के निर्देश दिये। अजीजपुर जिगनेरा में



बने 220 केवी विद्युत सब स्टेशन को जमोर विद्युत सब स्टेशन से जोड़े जाने के संबंध में प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ को टेंडर निर्गत किए जाने के सम्बन्ध में अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित करने हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया। भूगर्भ जल स्रोत संरक्षण हेतु प्रत्येक भवन औद्योगिक परिसर जिसका क्षेत्रफल 300 वर्ग मीटर से अधिक है, रेन वाटर हार्वेस्टिंग रूफ टॉप स्थापना अनिवार्य कर दिए जाने पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई को औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों के मध्य रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित करने हेतु कैंप के आयोजन कराने के निर्देश दिए गए थे।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में प्रगति ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता लघु सिंचाई का जवाब तलब करने एवं अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। औद्योगिक आस्थान रोजा में जल निकासी की समस्या को लेकर उद्यमियों ने जिलाधिकारी को जानकारी दी जिस हेतु जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जल निगम के अधिकारियों को जल निकासी का प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यूपीसीडा में 2 लंबित प्रकरणों जल्द निस्तारित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी से दो बच्चों का कानून लागू करने की मांग



**लखीमपुर खीरी।** जनसंख्या दिवस पर बृजेश मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता अध्यक्ष जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के नेतृत्व में जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। बृजेश मिश्रा जिलाध्यक्ष जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने कहा की आज भारत जनसंख्या में चाइना को पीछे छोड़कर नंबर एक पर आ गया है। इसी प्रकार से जनसंख्या बढ़ती गई तो खेत खलियान बाग बगीचे खत्म होते जाएंगे और कंक्रीट के मकान ही दिखेंगे आज बढ़ती आबादी देश पर बोझ है हमें सोचना होगा की छोटा परिवार सुखी परिवार है। उन्होने पीएम मोदी से दो बच्चों का कानून पूरे देश में लागू करने की मांग की। ज्ञापन देने के समय आनंद अग्निहोत्री जिला महासचिव , सर्वेश शुक्ला जिला संगठन मंत्री, अरविंद गुप्ता जिला महामंत्री, धर्मपाल एनाउंसर, सौरभ कुमार मिश्र जिला सचिव , अभिषेक शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, प्रांजल शुक्ला नगर अध्यक्ष, अंबुज त्रिवेदी, तुषार सिंह, देवांग पांडे, कपिल शुक्ला, सोनू शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दर्शन कर लौट रहे युवक की मौत

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी से अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए 2 जुलाई को 60 सदस्य एक दल मोहम्मदी से दर्शन के लिए निकला था ,जिसको विधायक लोकेश प्रताप सिंह ने पूजा अर्चना करने के बाद रवाना किया था अमरनाथ गुफा के दर्शन के बाद एक तीर्थयात्री बार सुनील तिवारी एडवोकेट निवासी गाव बरा कोतवाली मोहम्मदी का आज श्रीनगर कश्मीर में अमरनाथ यात्रा से बापस आते समय आकस्मिक मृत्यु हो गयी है,जिनका पार्थिव शरीर श्रीनगर से मोहम्मदी लाया जा रहा है,यह जानकारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मदी ने दी,इस समाचार की जानकारी होते ही परिवार सहित नगर मे शोक की लहर दौड गयी, श्रीनगर से शव को मोहम्मदी के लिए लाया जा रहा है।

### मोहम्मदी में 48 घंटे से बिजली न आने से फैला आक्रोश

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र में 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप हो जाने से हाहाकार मचा हुआ है। जिसके चलते लोग भयंकर गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। जनता में आक्रोश के चलते जिम्मेदारों ने मोबाइल ऑफ कर लिए। इतवार से 48 घंटे बीत जाने पर भी विद्युत व्यवस्था ठप होने से लोग आक्रोशित हो गए हैं। जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई है। मालूम हो कि मोहम्मदी विद्युत विभाग में नेतागिरी के चलते पुराने अनुभवी संविदा कर्मियों का बाहर दूर ट्रांसफर कर दिया गया और ऐसे नए संविदा कर्मियों को लगाया गया जिनको कोई जानकारी नहीं जो आईटीआई ट्रेनिंग कर रहे हैं। बिजली का बुरा हाल है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते 48 घंटे बाद लाइट आने पर मोहम्मदी गुरुद्वारे के निकट 1 सप्ताह में तीन ट्रांसफार्मर फुक चुके हैं। कल रखा गया ट्रांसफार्मर बीती रात में ही फुक गया। ट्राली ट्रांसफार्मर भी नहीं जोड़ा गया।

### इंडो अरब कान्फ्रेंस में भाग लेने रवाना हुए मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कल (11 जुलाई ) को होने वाली दिल्ली में इंडो अरब इंटरनैशनल कांन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी रवाना हो गए हैं, इस कांन्फ्रेंस में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोआल और मुस्लिम वर्ल्ड अरब लीग के महासचिव डॉ मोहम्मद बिन अब्दुल करीम मुख्य अतिथि होंगे। इस कांन्फ्रेंस में देश भर के उलमा , बुद्धि जीवी, और स्कोलर्स को बुलाया गया है। रोहेलखंड क्षेत्र से मौलाना शहाबुद्दीन रजवी मुस्लिम स्कालर और मशहूर लेखक की हैसियत से भाग लेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोआल द्वारा रात्रि भोज में देश की 25 नामवर शख्सियतों में मौलाना भी आमंत्रित हैं। ये कार्यक्रम खुसरो फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस में शिकायतें

**शाहजहाँपुर** । नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज मंगलवार को सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिय, नैकेनिज्न ब्रिगिंग, हंपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफसफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रकाश बिन्दू, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें।

# बोम्बे हौजरी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शीत परिधान की प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। बरेली

**शहर** के झूलेलाल द्वार स्थित होटल गाला गैलेक्सी में मैसर्स बोम्बे हौजरी द्वारा तीन दिवसीय शीत परिधान 2023 की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 10 जुलाई से प्रारंभ इस शीत परिधान प्रदर्शनी का समापन 12 जुलाई को होगा। प्रदर्शनी में एक ही छत के नीचे 39 कम्पनियों के शीत परिधान कलेक्शन उपलब्ध हैं। कानपुर, मुंबई एवं लुधियाना, आदि शहरों से आये हुए परिधान व्यापरियों ने शीत परिधानों के नये 2023 कलेक्शन को प्रदर्शनी में रखा हुआ है, जिसमेँ बच्चों से लेकर बड़ों के मेल व फीमेल शीत बस्त्रों का नया कलेक्शन देखा जा सकताहै। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में बरेली ही नहीं, बल्कि दूर दूर से व्यापारी इस शीत परिधानों की नयी 2023 बैरायटी को देखने आ रहे हैं। बोम्बे हौजरी के संस्थापक एवं चेयरमैन रोमी सेठी के अनुसार 1960 से लेकर 2023 तक उनकी तीसरी पीढ़ी लगातार थोक



परिधानों के इस व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है और हमेशा ही मुनासिब दामों में बेहतर देने की कोशिश कर रही है। बोम्बे हौजरी के सीईओ एवं रोमी सेठी के पुत्र गीत सेठी के अनुसार उनका प्रयास हर बार और बेहतर देने की कोशिश करना है, जिसकी बजह से लोगो का बोम्बे हौजरी के साथ एक विश्वास का नाता बना हुआ है। उन्होनें कहा कि बह बहुत खुश हैं कि व्यापारीगण यहां एक ही छत के नीचे विशाल नयी रेंज देखकर बहुत प्रसन्न हैं और नए ऑर्डर प्रदान कर रहे हैं। प्रदर्शनी में सियाराम एवं मोंटी कार्लो आदि कम्पनियों के स्टालोँ पर शीत परिधानों की विशाल रेंज यहां आये हुए व्यापरियों को बहुत पसंद आ रही है। सभी कम्पनियों ने अप्ने स्टालोँ को परिधानों की नयी रेंज के साथ सुसज्जित किया हुआ है। बॉम्बे हौजरी परिवार नये शीत परिधानों की विशाल रेंज प्रदर्शनी द्वारा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रहा है।

# डांस वालाओं को धोखा देकर कॉन्टैक्टर फरार, एसएसपी से की शिकायत

संवाददाता। बरेली

**कुछ** डांस वालाओँ के लिए एक युवक दो महीने के लिए किसी कंपनी में डांस का आर्डर बुक करके ले गया उसके बाद वह उन्हें बगैर पेमेंट दिए ही बरेली चला आया लोगों से मदद लेकर सभी बालाएं वापस लौटी और आरोपियों से अपने रुपए मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी तब उन्होंने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की । थाना बिथरी चौनपुर की रहने वाली सुनैना पुत्री राजेश ने बताया वह डांस करने का काम करती हैउनके साथ सुनीता उर्फ फूलवानो पुत्री जगदीश निवासिनी ग्राम कटका भरत, थाना भमौरा, स्वाति पत्नी गिरवर निवासी ग्राम सिन्तरा थाना देवरनियाँ, ज्योति पत्नी अरविन्द निवासिनी कानूनगोयान मोहल्ला,कस्बा व थाना बहेडी, जूही पत्नी सोहिल चौधरी, निवासिनी हंसनपुर थाना हंसनपुर जिला मुरादाबाद काम करती है वह लोग जिले से बाहर बडी-बडी पाटियों एवं शादी समारोह आदि में ड्रॉस करने का कार्य करती है एंव उनसे मिलने वाले पैसो से अपने परिवार का पालन-पोषण करती है थाना किला के नवदिया स्बाले नगर निवासी अरुण साहू उसकी पत्नी हिना एवं धनीराम निवासी जगतपुर थाना बारादरी, तीनों बड़ी बड़ी पार्टियों व शादी समारोह में डांस पार्टी करने का आर्डर लेते है एंव उसमें लड़कियों को डांस वालाओं का काम कराते हैं अरून शाहू उनकी साथी सुनीता उर्फ फूलवानों का रिश्ते में बहनोई लगता है इसी कारण अरून शाहू व हिना एवं धनीराम ने उपरोक्त सभी से सम्पर्क किया और उनसे उनकी कम्पनी की तरफसे छपरा बिहार में डांस करने का ऑफर दिया और कहा कि दो माह का काम है अच्छे पैसे मिलेगें अरून व हिना एवं धनीराम ने सभी को 3000 रुपए प्रतिरात प्रति लडकी को दो माह के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर छपरा बिहार में शादी समारोह व पार्टियों में डांस करने के लिए 26 अप्रैल 2023 को बरेली जंक्शन से छपरा बिहार ले गये छपरा बिहार में आरोपियों ने सभी से लगातार दो माह यानी 60 रातो तक पार्टियों व शादी समारोह में डांस करवाया और तीनो विपक्षीगण ने उन्हें कई बार में 92000 रुपए दिये एंव आठ लाख आठ हजार रुपये काम खत्म होने पर देने का वायदा किया परन्तु दो माह बाद अरून शाहू व हिना व धनीराम ने काम खत्म होने पर सारा पेमेन्ट लेकर उपरोक्त सभी उनका बकाया पैसा दिये बगैर उन्हें छपरा बिहार में छोड़कर बरेली वापस आ गये किसी तरह वह सभी स्थानीय लोगों की मदद से 30 जून को अपने घर वापस आई विपक्षीगण से अपने बाकी बचे रुपयों को देने के लिए कहा तो उन लोगों ने अरुन हिना धनीराम को फोन मिलाया उन लोगों को रुपए देने से इनकार कर दिया जिस कारण आर्थिक तंगी की वजह से जूही पत्नी सोहिल ने फांसी लगाकर आत्म हत्या करने की कोशिश की, जिसके इलाज में काफी रूपया खर्च हुआ। 7 जुलाई को वह नवदिया निवासी आरोपियों के घर पर गए तो वह देखकर भड़क गए।

# चित्रकूट के युवाओं ने सीएम योगी को सौंपी वीरभूमि हल्दी घाटी की रज

● महाराणा प्रताप के नाम से चित्रकूट में चौराहा बनाने की उठाई मांग

● सांसद पटेल के नेतृत्व में युवाओं ने की सीएम योगी से मुलाकात



**संवाददाता।** चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट से समाजसेवी आशीष रघुवंशी के नेतृत्व में हल्दीघाटी रज कलश यात्रा लेकर लखनऊ पहुंचे युवा क्रांतिकारियों ने बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान चित्रकूट के युवाओं ने मुख्यमंत्री से भारत के महान वीर सपूत महाराणा प्रताप के नाम से चौराहा बनाये जाने की मांग की।

ज्ञातव्य हो कि धर्म नगरी चित्रकूट से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक साइकिल से रज कलश यात्रा लेकर पहुंचे युवा समाजसेवी कुंवर आशीष रघुवंशी, प्रवीण मिश्र ,आदेश सिंह हाडा , रामविलास कोटार्य ,अरिदमन सिंह परमार , रवी राजपूत , रामू सिंह, राम अभिलाष राजपूत ने सांसद आर के सिंह पटेल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रज कलश सौपा।

इससे पूर्व युवा टीम ने सूबे के उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्य,पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भेंट कर वीर भूमि हल्दी घाटी की रज से तिलक कर अभिनंदन किया।

इसके अलावा सांसद की मांग पर मुख्यमंत्री चिल्लीमल गांव में यमुना नदी पर पक्का पुल बनवाने की मांग की। जिस पर सीएम योगी ने अगले वित्तीय वर्ष में स्वीकृति देने का आश्वासन दिया।

# 25 हजार के ईनामी बदमाश सहित चार अन्य गिरफ्तार



**संवाददाता।** माधौगढ़, जालौन

**माधौगढ़** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फ़रार चल रहे आरोपी को सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर बंगरा रोड के करमरा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम भी घोषित किया था। इसके साथ ही माधौगढ़ पुलिस ने सघन तलाशी और जांच के दौरान भीम नगर तिराहे से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया।

सुबह बंगरा मिहोना रोड पर करमरा गांव के पास सर्विलांस टीम के सहयोग से माधौगढ़ पुलिस ने लाल सिंह पाल पुत्र बनवारी निवासी जेवरा थाना पुरानी छावनी ग्वालियर को 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया था और यह गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। इसके खिलाफ माधौगढ़ कोतवाली में चोरी,आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। वहीं माधौगढ़ के भीम नगर तिराहे से चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 92 3656 के साथ सुनील पुत्र नारायण निवासी रामहेतपुरा व सागर पुत्र राजेंद्र निवासी उमरी रोड माधौगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा गोहनी नहर पुलिया से छेड़खानी के आरोपी विवेक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी गिरांदे के पुरा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: डीएम

● 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मंगलवार** को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ कर करेत्तर, राजस्व वसूली व वादों के निस्तारण की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत विभाग, खनन, विभाग आदि विभागों की कर करेत्तर की प्रगति की गहन समीक्षा के दौरान कहा कि संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए सभी मजिस्ट्रेट अपने कोर्ट में अवश्य बैठे हैं यह भी सुनिश्चित करें कि 5 वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह 10 बड़े बकायेदारों की सूची बनाते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही एवं धनराशि जमा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गत वर्ष के सापेक्ष आबकारी विभाग की राजस्व वसूली कम होने पर आबकारी अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा, साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जालौन, उरई।** नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। विभागीय अधिकारियों से लेकर प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम जनमानस उमस भरी गर्मी को सहने के लिए मजबूर है। वहीं इसका सबसे बुरा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन देकर मोबाइल ट्रांसफार्मर रखवाए जाने की मांग की है। चुर्खी रोड बालाजी मंदिर के पास 250 केवी का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था। आसपास के घरों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई तथा जल संस्थान का पंप भी बंद हो गया। पंप बंद होने के कारण आसपास के मोहल्लों की जलापूर्ति भी बंद हो गई। उमस भरी गर्मी में एक साथ बिजली पानी बंद होने के कारण लोग परेशान हो उठे।

# शराबियों से परेशान महिलाओं ने डीएम की चौखट पर लगाई गुहार



**बांदा।** अवैध शराब विक्रेताओं द्वारा जगह-जगह देसी शराब बिक्री जा रही है। जिससे गांव के ही अराजक तत्व शराब पीकर के रास्ते से निकलती हुई महिलाओं एवं लड़कियों पर छींटाकशी करते हैं। जिससे परेशान होकर के ग्रामीण महिलाओं ने जिलाधिकारी बांदा से गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि यह जो जगह-जगह देसी शराब बेची जा रही है इसको पर तुरंत रोक लगाई जाए। मामला जनपद बांदा के तिंदवारी थाना अंतर्गत बेंदा घाट व मजरो का है। जहां की लगभग लगभग 2 दर्जन महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि बेंदा गांव व मजरों में बेदांघाट देसी शराब ठेकेदार द्वारा लगभग कुछ दुकानों में देसी शराब बिक्री करवाई जा रही है। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि वहां पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, इससे पहले भी महिलाओं ने 6 जुलाई को डीएम से अपनी आपबीती बताई थी। लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई जिससे आज पुन: महिलाओं ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है साथ ही उक्त ठेकेदार सहित जो अवैध शराब विक्रेता है उन पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। महिलाएं रोज जब काम करके घर वापस आती हैं तो रास्ते में शराबी खड़े रहते हैं और गाली गलौज करते हैं साथ ही लड़ाई झगड़ा होता है। लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं।

# प्रतिभा अलंकरण समारोह को डीएम ने किया संबोधित

**कानपुर देहात।** सफलता सुविधाओं की मोहताज नहीं होती अगर लगन के साथ लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। उक्त बात मंगलपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आर्य भट्ट विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रतिभा अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहं। उन्होंने कहा कि शिक्षा संसाधन की मोहताज नहीं होती है। कम संसाधनों के द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात का नाम ही मात्र देहात है यहां के कुशाग्र पाण्डेय ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में अपना नाम द्वितीय स्थान पर अंकित कराकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कम नंबर मिलने पर परेशान नहीं होना चाहिए, बल्कि जो कमी रह गई है उस पर विचार कर कड़ी मेहनत कर अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को अच्छे नंबर मिले है, उन्हे कभी घमंड नहीं करना चाहिए और अधिक मेहनत कर इससे और अच्छे नंबर प्राप्त करने पर विचार करना होगा। वहीं कार्यक्रम में विधायक पूनम संखवार बच्चे को सही राह दिखाने के लिए सही गुरु और माता पिता द्वारा दिए गए अच्छे संस्कार होने चाहिए। घर में अच्छा वातावरण बनाए रखे ताकि हमारे बच्चे समाज मे बुजुर्गो का सम्मान कर सकें।

# अपर मुख्य सचिव ने किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि का निरीक्षण

● विश्वविद्यालय में दिव्यांग और सामान्य एक साथ लेगें उच्च शिक्षा

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जगद्गुरु** रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में आज उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग हेमंत राव ने दिव्यागं विश्वविद्यालय में निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय आगमन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 शिशिर कुमार पांडेय व कुलसचिव आर पी मिश्रा ने बुंके देकर हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संगोष्ठी- कक्ष में सभी शिक्षक, कर्मचारी की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित होगा। इस विश्वविद्यालय का पुरा नाम उत्तर प्रदेश जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट होगा। जिसमें सभी शिक्षक कर्मचारी को नयी तकनीकी शिक्षा, अपनी योग्यता को बढ़ाना होगा। सरकार की मंशा है कि एक ही कक्षा में दिव्यांग जन और सामान्य जन छात्रों को उच्च शिक्षा दी जाए। जल्द ही अब यहां पर 50प्रतिशत दिव्यांग जन छात्रों को और 50प्रतिशत सामान्य छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा दी जाएगी। सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि पाठयक्रम गतिविधियों में शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। छात्रों के अनुरूप छात्रावास, शैक्षणिक अध्ययापन कार्य, पढ़ाने की तकनीकी जानकारी, आपके अनुभव, अन्य राज्य विश्वविद्यालय किस तरह से इन छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। वह सभी आप सब शिक्षक कर्मचारी को सीखना होगा।

## क्विक न्यूज

### जहानगंज थानाध्यक्ष व हेड कांस्टेबिल लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने के मामले मेंआज एक थानाध्यक्ष व हेड कांस्टेबल समेत दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने के मामले को लेकर आज जिले के जहानगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार भाटी एवं इसी थाने के हेड कांस्टेबिल सत्यनारायण को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

### उच्च नागरिक सम्मानों के लिये आनलाइन आवेदन

**कानपुर देहात।** आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी, 2024 को उच्च नागरिक सम्मान यथा पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधिया भारत सरकार द्वारा दिया जाना प्रस्तावित है। भारत सरकार द्वारा विगत वर्षों की भांति उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भी की व्यवस्था की गयी है। जिस हेतु सम्बन्धित महानुभाव / महानुभावों के बारे में संस्तुतियां राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। उक्त उपाधियों के लिये महानुभाव / महानुभावों का नाम प्रस्तावित करने एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में साइटेशन (दो प्रतियों में) निर्धारित प्रपत्र में वांछित सूचना के साथ दिनांक 15 जुलाई 2023 तक एवं विलम्बतम दिनांक 10 अगस्त 2023 तक जनपद स्तर से उपलब्ध कराया जाना है।

### करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र मेआज अपने साढू के घर टीन शैड डालने गए युवक की विद्युत करेन्ट लगने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके बचाव करने मे साढू भी झुलस कर घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार जिले के थाना एवं मोहगा कादरी गेट निवासी भरत बाथम पुत्र रामप्रकाश उम्र करीब 40 वर्ष टीन शेड डालने का मिस्त्री था। मंगलवार सुबह मिस्त्री भरतबाथम फतेहगढ कोतवाली क्षेत्र मे नेकपुर कला निवासी अपने साढू मुकेश वाथम के यहां टीन शैड डालने पहुंचा। इसके बाद मिस्त्री भरत बाथम ने टीन शैड डालने के लिए जैसे ही टीन के तख्ते डालने शुरु किए वैसे ही अचानक विद्युत करेंट आने से भरत वाथम चिपक गया जिसे वचाने के लिए उसके साढू मुकेश वाथम ने उसे जैसे ही छुआ तो वह भी झुलस कर घायल हो गया। इसके बाद परिजन दोनों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां सरकारी चिकित्सक ने मिस्त्री भरत बाथम को मृत घोषित किया तथा उसके साढू मुकेश बाथम का उपचार चल रहा है।

### 16 से 22 जुलाई तक जिले में मनेगा भूजल सप्ताह

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रुति ने बताया कि 16 से 22 जुलाई तक जनपद में भूजल सप्ताह मनाया जायेगा। उन्होनें बताया कि अत्यधिक भूजल दोहन के कारण उस पर आसन्न संकट के दृष्टिगत भूजल संसाधनों की सुरक्षा संरक्षण प्रबन्धन तथा उसके महत्व के प्रति आम जन मानस को जागरूकता के उद्देश्य से वर्ष 12 से प्रत्येक वर्ष निरंतर उक्त अवधि में भूजल सप्ताह का आयोजन प्रदेश तथा जनपद में होता रहा है। पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी भूजल सप्ताह प्रभावी ढंग से मनाये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। उन्होने बताया कि स्कूल, कालेजों में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, पद यात्रा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करके जन-जन में जागरुकता लायी जायेगी।

# किसानों को नहीं होनी चाहिए उर्वरक की कमी: डीएम

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जून -2023की प्रगति के संबंध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल के संबंध में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड को निर्देशित किया कि जो कार्य हो गए हैं उसकी कार्यों की एक बोर्ड लगवाए।

बैठक में डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जिन विभागों के वसूली नहीं हुई है उसमें वसूली कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विभागों का बिल बचा है उसे जल्द से जल्द पूरा कराएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के संबंध में उप कृषि निर्देशक को निर्देश दिए कि यह पिछले महीने के अपेक्षा कम है इसमें लगकर कार्य कराएं।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात हत्यारों ने घर में सोए एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने आज मंगलवार को बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मीठापुर में रहने वाला युवक धर्मेंद्र उम्र करीब 41 वर्ष सोमवार रात्रि मे अपने घर के आंगन में गहरी नींद में सोया हुआ था और उसकी 16 वर्षीय पुत्री रवीना घर के कमरे के अंदर सोयी हुई थी, उसकी पत्नी फूलश्री व पहले पिता से जन्मा पुत्र पुष्पेंद्र घर से कहीं बाहर गए थे।



बताया गया कि सोमवार तड़के करीब 5.00 पुत्री रवीना जागी तो उसने धर के आंगन में अपने पिता धर्मेंद्र को चारपाई पर खून से लथपथ देखा। इसके बाद मची चीख पुकार से पड़ोसी बड़ी एकत्र हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश राय फॉरेंसिक टीम पुलिस बल मौके पर जांच पड़ताल के लिए पहुंच गए। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी मौके पर घटना की जानकारी करने के लिए पहुंचे। सूत्रों के अनुसार मृतक धर्मेंद्र के भाई शिवचरण की मृत्यु करीब 22वर्ष पहले हो गई थी जिनसे एक पुत्र पुष्पेंद्र का जन्म हुआ। इसके बाद मृतक धर्मेंद्र ने अपनी भाभी फूलश्री से विवाह कर लिया था।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट...

और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) प्रमुखों को दो साल के अनिवार्य कार्यकाल के बाद तीन साल का सेवा विस्तार दिया जा सकता है। कांग्रेस ने इस फैसले के बाद कहा कि यह उसके रुख की पुष्टि है और सरकार के मुंह पर तमाचा है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का यही मकसद था कि ईडी निदेशक को गैरकानूनी तरीकों से सेवा विस्तार दिया जाए। उन्होंने 17 नवम्बर के बाद ईडी द्वारा की गई सभी कार्रवाइयों की पड़ताल के लिए स्वतंत्र जांच कराने की भी मांग की। उन्होंने ट्वीट किया, आज़ मेरे द्वारा दायर की गई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने ईडी निदेशक के सेवा विस्तार को पूरी तरह अवैध ठहराया है। दरअसल विपक्ष के जरिए लगातार उठती जनता की आवाज को दबाने, राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने और विपक्ष के नेताओं को डरा धमका कर अपनी पार्टी में शामिल कराने के लिए मोदी सरकार जांच एजेंसियों को कैसे बीजेपी की सहयोगी इकाई की तरह इस्तेमाल करती आ रही है, यह पूरा देश देख रहा है। उधर आम आदमी पार्टी (आप) ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मिश्रा के कार्यकाल में की गई कार्रवाइयों की जांच की मांग की। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने ट्विटर पर आरोप लगाया कि शीर्ष अदालत के फैसले के बाद यह स्पष्ट हो गया कि राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को गिराने के लिए जांच एजेंसी का इस्तेमाल करने के लिए मिश्रा को शीर्ष पर रखा गया था। उन्होंने मांग की, मिश्रा के कार्यकाल में हुए कारनामों की जांच होनी चाहिए। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का निदेशक कौन है, क्योंकि जो कोई भी इस पद पर होगा, वह विकास विरोधी मानसिकता रखने वाले परिवारवादियों के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पर नजर रखेगा। शाह ने कहा, ईडी मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर खुशी मना रहे लोग विभिन्न कारणों से भ्रम में हैं। सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) अधिनियम में संशोधन, जिसे संसद द्वारा विधिवत पारित किया गया था, को बरकरार रखा गया है।

## पंचायत चुनाव...

बजे तक 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शनिवार को संपन्न पंचायत चुनाव में मतदान 80.71 प्रतिशत रहा। पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा का इतिहास रहा और वर्ष 2003 के चुनाव में एक दिन में करीब 40 लोग मारे गए थे। इस साल चुनावी हिंसा को मीडिया ने बड़े पैमाने पर कवर किया जिसकी वजह से राष्ट्रीय स्तर पर लोगों का इसपर ध्यान गया। हिंसा संबंधी घटनाओं पर रिपोर्ट देने गए दिल्ली गए राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने संवाददाताओं से कहा, राजनीतिक पार्टियों को समझना चाहिए कि चुनाव ताकत जांचने का आधार नहीं है। करीब 74,000 सीटों पर हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वोटों की गिनती कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह आठ बजे शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। इनमें ग्राम पंचायत सीट के अलावा 9,730 पंचायत समिति की सीट और 928 जिला परिषद सीट शामिल हैं। राज्य के 22 जिलों में करीब 339 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। राज्य में करीब 74,000 सीट पर पंचायत चुनाव हुए थे। सबसे अधिक 28 मतगणना केंद्र दक्षिण 24 परगना जिले में है, जबकि सबसे कम चार मतगणना केंद्र कलिम्पोंग में हैं। उत्तरी बंगाल के कुछ जिलों में खराब मौसम की स्थिति है। राज्य निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना के अगले दो दिन जारी रहने की उम्मीद है। मतों की गिनती और नतीजे आने में वक्त लगेगा। दार्जीलिंग में कुल 598 सीट हैं जबकि कलिम्पोंग में कुल 281 सीट हैं। यहां भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) बढ़त बनाए हुए है और बंगाल के पहाड़ी जिले में संभव है कि सबसे मजबूत दल के रूप में उभरे।

## डीएमई पर...

आई हैं। दोनों की हालत गंभीर है और उनका निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। धर्मेंद्र खेती करते हैं, जबकि नरेंद्र की इलेक्ट्रिानिक की दुकान है। कुशवाहा के मुताबिक, बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) शुभम पटेल ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से खींचकर संबंधित पुलिस थाने (क्रॉसिंग रिपब्लिक) के बाहर खड़ा कर दिया गया है। इस हादसे में पूरी गलती बस ड्राइवर की है। दिल्ली के गाजीपुर बार्डर पर स्थित पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाई और रॉन्ग साइड पर बस दौड़ा दी। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने बस करीब आठ किलोमीटर तक रॉन्ग साइड चली और आखिरकार विजय नगर के पास कार से टकरा गई। बस ड्राइवर का नाम प्रेमपाल है। उसके नशे में होने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद मवाना के इंचौली के धनपुर गांव में मातम छाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

## यमुना उफान...

के बराबर होता है। बैराज से पानी दिल्ली पहुंचने में करीब दो से तीन दिन लग जाते हैं। दिल्ली सरकार ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों और यमुना के जलस्तर की निगरानी के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष सहित 16 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं। बचाव एवं राहत कार्यों के लिए 50 से अधिक मोटर चलित नौकाओं को तैनात किया गया है और गोताखोरी तथा चिकित्सकीय दलों को सभी आवश्यक सामग्रियों व उपकरणों के साथ तैयार रखा गया है।

## उत्तर भारत...

हो गई है। भूस्खलन और बाढ़ के कारण लगभग 1,300 सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जबकि 40 बड़े पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, लाहौल के चंद्रताल और पागल नाला तथा मंडी के विभिन्न हिस्सों में अब भी करीब 800 लोग फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अकेले कुल्लू के सैंज क्षेत्र में लगभग 40 दुकानें और 30 मकान बह गए। लाहौल और स्पीति जिले के चंद्रताल में 250 जबकि सिस्सू में 300 और मंडी जिले के कुछ हिस्सों में 300 पर्यटक फंसे हुए हैं। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के अनुसार, 24 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से हिमाचल को 1,050 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और 80 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोग लापता हैं। उत्तराखंड में सोमवार रात उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी पुल के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में तीन वाहन दब गए, जिसके कारण मध्य प्रदेश के चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में रूद्रप्रयाग जिले में सोमवार रात रूद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यूंगाड़ में पहाड़ से गिरे बोल्डर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उस पर सवार उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर के रहने वाले श्रद्धालु 34 वर्षीय बलबीर शर्मा की मृत्यु हो गई। इस हादसे में उनका जुड़वां भाई महावीर शर्मा घायल हो गया। देहरादून जिले के कालसी क्षेत्र में हरिपुर-कोटी-ईच्छाड़ी मार्ग पर मंगलवार सुबह वाहन पहाड़ से अचानक गिरे बोल्डर की चपेट में आ गया, जिससे उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। एक और घटना में, अल्मोड़ा जिले के रानीखेत क्षेत्र के ज्योली में मंगलवार को भारी बारिश के दौरान एक कार खाई में गिर गई जिसमें एक शिक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। गंगोत्री राजमार्ग के बाधित होने से गंगोत्री और गंगनानी के बीच तीन से चार हजार यात्री फंस गए हैं। मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में प्रदेश भर के लिए 12 जुलाई को बारिश का रेड अलर्ट जबकि 13 से 15 जुलाई के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारी बारिश के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अनावश्यक यात्रा करने से बचने का अनुरोध किया है। पंजाब के होशियारपुर में नौ और 10 जुलाई की रात को भारी बारिश के कारण मिट्टी के घर की छत गिरने से 75 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुल्तानपुर लोधी में 24 वर्षीय एक व्यक्ति के शाहकोट के पास सतलुज नदी के बाढ़ के पानी में डूबने की आशंका है। हरियाणा के अंबाला शहर में घग्गर नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद एक आवासीय विद्यालय की कुल 730 छात्राओं को सोमवार की रात उनके छात्रावास परिसर में बाढ़ का पानी घुसने के बाद कुरुक्षेत्र स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह नौ बजे बैराज से करीब 3.21 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हरियाणा में जलभराव के कारण अंबाला-लुधियाना राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख राजमार्गों को अस्थाई रूप से यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में आधी रात के आसपास लगातार बारिश के कारण एक मंजिला मकान ढह जाने से 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा घायल हो गए। राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में भी भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जहां सोमवार रात को प्रतापगढ़ जिले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति उफनती कर्मवाछनी नदी में डूब गया।

## जम्मू से...

के कारण लगभग आठ हजार तीर्थयात्री जम्मू, खासकर भगवतीनगर आधार शिविर में ही फंसे थे। इसी तरह, रामबन जिले के चंद्रकोट आधार शिविर में लगभग छह हजार तथा कठुआ और सांबा के शिविरों में लगभग दो हजार तीर्थयात्री फंसे हुए थे। हिमालई क्षेत्र में स्थित 3,888 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 62-दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई को शुरू हुई, जो 31 अगस्त तक चलेगी। जम्मू आधार शिविर से 30 जून तक सात जत्थों में कुल 43,833 तीर्थयात्री गुफा मंदिर के लिए रवाना हो चुके हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग...

दर से जीएसटी लगाने का भी फैसला किया। वित्तमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की अनुशंसा के आधार पर इन गतिविधियों में किए गए भुगतान पर 28 प्रतिशत कर लगाने का निर्णय लिया गया है। मंत्री समूह को इस पर विचार करना था कि इन तीनों गतिविधियों में दांव पर लगने वाली समूची राशि पर कर लगाया जाए या सकल गेमिंग राजस्व या सिर्फ मंच की तरफ से वसूले जाने वाले शुल्क पर कर लगाया जाए। सीतारमण ने कहा कि कर पूरे मूल्य पर लगाया जाएगा। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर कर इस आधार पर कोई भेदभाव किए बगैर लगाया जाएगा कि खेल के लिए कौशल की जरूरत है या वे संयोग पर आधारित हैं। संपूर्ण मूल्य पर कर लगाने से ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के खत्म होने की आशंका पर सीतारमण ने कहा, हम किसी भी उद्योग को खत्म नहीं रहे हैं। लेकिन गेमिंग और जुए को आवश्यक उद्योग से कमतर दर्जा नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, परिषद की बैठक में इस नैतिक प्रश्न पर भी चर्चा की गई। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें आवश्यक उद्योगों से अधिक बढ़ावा दिया जाए। सीतारमण ने बताया कि जीएसटी परिषद की बैठक में कैंसर के इलाज वाली दवा और दुर्लभ बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली औषधि को जीएसटी दायरे से बाहर रखने का भी फैसला किया गया। इसके अलावा परिषद ने निजी कंपनियों की तरफ से दी जाने वाली उपग्रह प्रक्षेपण सेवाओं को भी जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया।

## सुप्रीम कोर्ट...

सकारात्मक जवाब दाखिल किया। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान मेहता से कहा कि आपको जांच पूरी करनी होगी, क्योंकि हमने समयसीमा 14 अगस्त तक बढ़ा दी थी। शीर्ष अदालत ने बीते 17 मई को सेबी को अडाणी समूह पर शेयर मूल्यों में हेरफेर के आरोपों में जांच 14 अगस्त तक पूरी करने का समय दिया था और उससे जांच पर अद्यतन स्थिति रिपोर्ट देने को कहा था।

## भारत में...

की संख्या 16.4 प्रतिशत से घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई। वहीं बिजली से वंचित लोगों की संख्या इस दौरान 29 प्रतिशत से घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। आवास से वंचित लोगों का आंकड़ा भी 44.9 प्रतिशत से घटकर 13.6 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत उन 19 देशों में शामिल है जिन्होंने एक अवधि में अपने एमपीआई को आधा किया है। भारत के लिए यह अवधि 2005-06 से 2005-16 रही है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 110 देशों में 6.1 अरब लोगों में से 1.1 अरब काफी गरीबी में रह रहे हैं।

# भारतीय महिला टीम ने जीती टी-20 श्रृंखला

## ● बांग्लादेश को आठ रन से हराया



भाषा। मीरपुर

**दीप्ति शर्मा** और शेफाली वर्मा की फिरकी के जादू से भारत ने मंगलवार को यहां कम स्कोर वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बांग्लादेश को आठ रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश ने भारत को आठ विकेट पर 95 रन पर रोक दिया जो मेजबान टीम के खिलाफ महिला टी20 में उसका न्यूनतम स्कोर है। हालांकि भारत ने दीप्ति (12 रन पर तीन विकेट) और शेफाली (15 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से बांग्लादेश को 20 ओवर में सिर्फ 87 रन पर ढेर कर दिया।बांग्लादेश की टीम एक समय पांच विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन टीम ने इसके बाद आठ गेंद में सिर्फ एक रन जोड़कर बाकी बचे पांचों विकेट गंवा दिए और उसे हार का सामना करना पड़ा। दीप्ति और शेफाली की धारदार गेंदबाजी से पहले दो युवा स्पिनरों आफ स्पिनर मीनू मणि (नौ रन पर दो विकेट) और बाएं हाथ की स्पिनर अनुषा बारेड्डी (20 रन पर एक विकेट) ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। शेफाली ने अपने तीनों विकेट मैच के अंतिम ओवर में चटकाए जिसमें बांग्लादेश को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी जबकि उसके चार विकेट शेष थे। इस ओवर में सिर्फ एक रन बना। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना 55 गेंद में 38 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहीं। वह दोहरे अंक में पहुंचने वाली बांग्लादेश की एकमात्र बल्लेबाज रहीं। निगार के पास बांग्लादेश को जीत दिलाने का मौका था लेकिन 19वें ओवर में दीप्ति की गेंद पर विकेटकीपर यस्तिका भाटिया ने उन्हें स्टंप कर दिया ।जिसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए।

### हरमनप्रीत बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी

दुबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी की। हरमनप्रीत ने 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली जिससे वह चार स्थान के फायदे से 10वें स्थान पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा 784 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है जबकि उनके बाद टीम की उनकी साथी बेथ मूनी (777) का नंबर आता है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत महिला पारी:** मंधाना बो नाहिदा 13,वर्मा का शोभना बो सुल्ताना 19, रोड्रिग्स स्टं निगार बो राबिया 08, कौर बो सुल्ताना 00,भाटिया का शोर्ना बो फाहिमा 11, देओल का राबिया बो सुल्ताना 06,शर्मा का शमीमा बो फाहिमा 10,कौर का शोभना बो मारूफा 14,वस्त्रकार नाबाद 07,मणि नाबाद 05, **अतिरिक्त:** 02, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर: 95 रन, **विकेट पतन:** 33-1, 33-2, 33-3, 48-4, 58-5, 61-6, 82-7, 84-8,**गेंदबाज:** मारूफा 4-0-28-1, नाहिदा 4-0-14-1, सुल्ताना 4-0-21-3, फाहिमा 4-0-16-2, राबिया 4-0-16-1

**बांग्लादेश महिला पारी:** सुल्ताना का शेफाली बो मीनू 05,रानी का हरमनप्रीत बो दीप्ति 05,खातून बो अनुषा 04,सुल्ताना स्टं यस्तिका बो दीप्ति 38, मोनी पगबाधा बो मीनू 04,अख्तर का एवं बो दीप्ति 07, नाहिदा का हरलीन बो शेफाली 06,खान रन आउट 00, खातून नाबाद 00, फाहिमा का एवं बो शेफाली 00,अख्तर स्टं यस्तिका बो शेफाली 00, **अतिरिक्त:** 18, **कुल:** 20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 87 रन, **विकेट पतन:** 10-1, 12-2, 23-3, 30-4, 64-5, 86-6, 87-7, 87-8, 87-9 गेंदबाजी: वस्त्रकार1-0-10-0, मीनू 4-1-9-2, दीप्ति 4-0-12-3, अनुषा 4-0-20-1, शेफाली 3-0-15-3, जेमिमा 4-0-18-0

### आजादी देते हैं रोहित, महान कप्तान के सारे गुण : रहाणे



**रोसीयू,।** वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले अजिंक्य रहाणे ने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी देते है और उनमे एक महान कप्तान के सारे गुण है। रहाणे ने 18 महीने बाद टेस्ट टीम मे वापसी की जब उन्हे पिछले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की टीम मे चुना गया। भारत के लिए 83 टेस्ट खेल चुके रहाणे को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए उपकप्तान बनाया गया है। उन्होने सोमवार को कहा , मै यह भूमिका पहले भी निभा चुका हूं और करीब चार पांच साल उपकप्तान रहा हूं। टीम मे वापसी करके और फिर उपकप्तान बनकर काफी खुश हूं। उन्होने कहा , विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल पहला मैच था जो मैने रोहित की कप्तानी में खेला। रोहित सभी खिलाड़ियों को आजादी देता है और उसमे अच्छे कप्तान के सारे गुण है। पैंतीस वर्ष की उम्र मे राष्ट्रीय टीम मे वापसी को लेकर पूछे गए सवाल पर चिढते हुए रहाणे ने कहा कि वह अभी भी युवा है और उनके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है। उन्होने कहा , इस उम्र मे का क्या मतलब। मै अभी भी युवा हूं यार। मेरे भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है। मैने आईपीएल और घरेलू सत्र मे अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरा आत्मविश्वास बढा है और मैने अपनी फिटनेस पर बहुत मेहनत की है। रहाणे ने कहा , मैने अपनी बल्लेबाजी के कुछ पहलुओं पर काफी मेहनत की है।इस समय मै अपने खेल का पूरा मजा ले रहा हूं। भविष्य के बारे मे ज्यादा नही सोच रहा। मेरे लिए हर मैच अहम है। उन्होंने कहा , आईपीएल मे चेन्नई सुपर किंग्स ने मुझे आजादी दी। एक खिलाड़ी के रूप मे जो भूमिका मिलती है , आप उसे निभाना चाहते है।इससे पहले मेरी भूमिका पारी के सूत्रधार की थी लेकिन सीएसके ने मुझे स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी दी। रहाणे ने आईपीएल मे 172 . 49 की औसत से 326 रन बनाए। उन्होने कहा , मै कुदरती स्ट्रोक्स खेलने वाला बल्लेबाज हूं।बस मेरी भूमिका बदल गई है।

### लाल गेंद के अपने करियर को नया जीवन देना चाहते हैं वाशिंगटन सुंदर

**बेंगलुरू।** चोट से उबरने के बाद दलीप ट्रॉफी से प्रथम श्रेणी क्रिकेट मे वापसी करने वाले भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की निगाहे अब लाल गेंद के अपने करियर को नया जीवन देने पर लगी है।वाशिंगटन को पिछले सप्ताह दक्षिण क्षेत्र की तरफ से उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मे लाल गेंद के प्रारूप मे अपने कौशल को परखने का मौका मिला था।

### चौथे एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में कोई बदलाव नही

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड ने जॉनी बेयरस्टो पर भरोसा कायम रखते हुए ओल्ड ट्रैफर्ड मे अगले हफ्ते से होने वाले चौथे एशेज क्रिकेट टेस्ट के लिए इस विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम मे बरकरार रखा है। इंग्लैंड ने 14 सदस्ईय टीम मे कोई बदलाव नही किया है जिसमे बेयरस्टो एकमात्र विकेटकीपर है। इंग्लैंड ने रविवार को हैडिंग्ले मे तीसरा टेस्ट जीतकर पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा है। ऑस्ट्रेलिया हालांकि श्रृंखला मे 2-1 से आगे है। बेयरस्टो ने विकेट के पीछे खराब प्रदर्शन किया है और शुरुआती तीन मुकाबलो मे उन्होने आठ मौके गंवाए। वह बल्ले से भी प्रभावित नही कर पाए।

### हसरंगा, गार्डनर को आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**दुबई।** श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की ऑलराउंडर एशलेग गार्डनर को जून मे उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए मंगलवार को आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। जिंबाब्वे मे विश्व कप क्वालीफायर मे रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद हसरंगा को इस पुरस्कार के लिए चुना गया। महिला एशेज टेस्ट मे ऑस्ट्रेलिया की जीत मे अहम भूमिका निभाने वाली गार्डनर तीन बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनी। आईसीसी के हॉल ऑफ फेम मे जगह बनाने वालो, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधियो और आईसीसी-क्रिकेट.कॉम पर पंजीकृत वैश्विक क्रिकेट प्रशंसकों के विशेषज्ञ पैनल के बीच मतदान के बाद इन दोनो खिलाड़ियो को पुरस्कार के लिए चुना गया।

### स्टीड 2025 तक बने रहेंगे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अलग अलग प्रारूप के लिए अलग कोच रखने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और अब गैरी स्टीड ही अगले दो साल तक टीम के मुख्य कोच रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफॉर्मेंस महाप्रबंधक ब्रायन स्ट्रोनाक ने कहा कि अलग अलग कोच रखने के प्रस्ताव पर बात की गई और उसे खारिज कर दिया गया। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कोचिंग स्टाफ की सेवाएं ली जा सकती है। स्टीड को 2018 मे नियुक्त किया गया था और दूसरी बार उनका कार्यकाल बढाया गया है। उनका मौजूदा करार भारत मे होने वाले विश्व कप के बाद खत्म होना था लेकिन वह मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सत्र के 2025 मे खत्म होने तक पद पर रहेंगे। स्ट्रोनाक ने कहा , खिलाड़ियों , सहयोगी स्टाफ और विभिन्न संघो के कोचो की ओर से गैरी के पक्ष मे जबर्दस्त समर्थन था। उनका प्रदर्शन काफी प्रभावी रहा है और हमे यकीन है कि वह टीम को काफी कुछ दे सकते है। गैरी ने भी टीम के साथ बने रहने की इच्छा जताई है। स्टीड के कोच रहते न्यूजीलैंड ने पहला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब जीता और 50 ओवरो तथा टी20 विश्व कप के फाइनल मे पहुंची।

### कनाडा ओपन में जीत से विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे लक्ष्य सेन

**नई दिल्ली।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कनाडा ओपन मे खिताबी जीत के दम पर मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग मे सात स्थान की छलांग लगाकर 12वे स्थान पर पहुंच गए। इक्कीस वर्षीय सेन ने कनाडा के कैलगरी मे रविवार को एक रोमांचक फाइनल मे ऑल इंग्लैंड चैपियन ली शी फेंग को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।सेन के 54901 अंक है और वह एचएस प्रणय के बाद भारतीय खिलाड़ियों मे दूसरे स्थान पर काबिज है। प्रणय विश्व रैंकिंग मे एक पायदान नीचे नौवे स्थान पर खिसक गए है। उनके कुल 67677 अंक है।

### अर्जुन तेंदुलकर देवधर ट्रॉफी के लिए दक्षिण क्षेत्र की टीम में

**चेन्नई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को पुडुचेरी मे 24 जुलाई से होने वाली 50 ओवर की अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता देवधर ट्रॉफी के लिए मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम मे जगह मिली है। कोलंबो मे 13 से 23 जुलाई तक एमर्जिंग एशिया कप मे खेलने वाले बी साई सुदर्शन को स्टैंडबाई खिलाड़ियों मे रखा गया है।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के बल्लेबाज अर्जुन ने इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सत्र मे मुंबई इंडियन्स की ओर से पदार्पण किया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अगस्त मे एमर्जिंग ऑलराउंडर के शिविर मे भी उन्हे जगह दी थी।दक्षिण क्षेत्र के तेज गेंदबाजी आक्रमण मे गोवा के अर्जुन के अलावा कर्नाटक के विद्वत कावेरापा और विजयकुमार विशाक तथा वी कौशिक को जगह मिली है।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन हरियाणा के मुक्केबाज चमके

**ईटानगर।** हरियाणा के युवा मुक्केबाज सिकंदर और योगेश ढांडा ने मंगलवार को यहां जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। दोनो ने 5-0 के समान अंतर से जीत दर्ज की। हरियाणा के एक अन्य मुक्केबाज वंश भी कड़े मुकाबले मे 3-2 की जीत के साथ अगले दौर मे जगह बनाने मे सफल रहे। सिकंदर ने 48 किग्रा वर्ग मे दिल्ली के हर्षित गहलोत को हराया जबकि योगेश ने 57 किग्रा वर्ग मे कर्नाटक के वी आकाश को शिकस्त देकर अगले दौर मे जगह बनाई।

### प्रवीण कुमार ने कांस्य पदक जीता, पेरिस पैरालंपिक खेलों का कोटा हासिल किया

**पेरिस।** भारत के प्रवीण कुमार ने यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे पुरुषो की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा मे कांस्य पदक जीतकर पेरिस मे 2024 मे होने वाले पैरालंपिक खेलो का कोटा हासिल किया। बीस वर्षीय प्रवीण ने 2.01 मीटर छलांग लगाकर सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह पोलैंड के लेपियाटो मासिएज (2.05 मीटर) और ग्रेट ब्रिटेन के ब्रूम एडवर्ड्स जोनाथन (2.05 मीटर) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। प्रवीण का यह पदक चैंपियनशिप मे भारत का पहला पदक भी है।

### सेमेन्या को मानवाधिकार अदालत में टेस्टोस्टेरोन नियमों के खिलाफ मिली जीत

**वाशिंगटन।** ओलंपिक मे दो बार की चैंपियन कैस्टर सेमेन्या को मंगलवार को मानव अधिकारों की यूरोपीय अदालत मे ट्रैक एवं फील्ड के टेस्टोस्टेरोन नियमों के खिलाफ दायर की गई अपील मे जीत मिली। अदालत ने नियमों की वैधता पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सेमेन्या के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया गया। नियमों को लागू करने वाली संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि उनके नियम पहले की तरह बने रहेंगे जिसका मतलब है ।

# मैच के लिए टीम इंडिया तैयार, नजर जायसवाल पर

## ●वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला आज से



भाषा। रोसीयू (डोमिनिका)

**भारतीय** टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के जरिए बदलाव के दौर की शुरूआत करेगी तो फोकस युवा यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। मेजबान वेस्टइंडीज के लिए विश्व कप क्वालीफायर में मिली हार के जख्म अभी ताजा हैं और वह भारत जैसी मजबूत टीम को हराकर विश्व क्रिकेट में अपना अस्तित्व बनाए रखने की कोशिश में होगा। चेतेश्वर पुजारा को बाहर किए जाने के बाद भारतीय शीर्षक्रम में एक जगह खाली हुई है। उम्मीद की जा रही है कि मुंबई का बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज जायसवाल उस कमी को पूरा करेगा और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के शानदार फॉर्म को यहां जारी रख पाएगा। वैसे सीधा हल तो उसे तीसरे नंबर पर उतारना होगा लेकिन शुभमन गिल स्वाभाविक तौर पर मध्यक्रम का बल्लेबाज है। जायसवाल मुंबई , पश्चिम क्षेत्र और शेष भारत के लिए पारी की शुरूआत करता आया है। शीर्षक्रम पर उतरना उसके लिए मुश्किल नहीं होगा। इस साल के आखिर में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले उसके लिए अनुभवी केमार रोच, शेनोन गैब्रियल, अलजारी जोसफ और जैसन होल्डर जैसे गेंदबाजों को खेलना अच्छा अनुभव होगा। भारत का नया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र पिछले दो चक्रों की तुलना में कठिन होगा। पिछले दो सत्र में भारतीय टीम बेहतरीन तेज गेंदबाजी और सधे हुए बल्लेबाजी क्रम के दम पर फाइनल में पहुंची थी। अब प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबे समय से चोटिल हैं जबकि मोहम्मद शमी को इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। भारतीय टीम के आक्रमण में धार की कमी दिख रही है। ईशांत शर्मा पिछले दो चक्र खेले हैं लेकिन इस बार कमेंट्री करेंगे जबकि 36 वर्ष के उमेश यादव का हैमस्ट्रिंग चोट के बाद वापसी कर पाना मुश्किल है। ऐसे में 19 वर्ष के मोहम्मद सिराज तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे जिनका साथ देने के लिए नौ टेस्ट का अनुभव रखने वाले शार्दुल ठाकुर होंगे। ऐसे में एक बार फिर दारोमदार रविचंद्रन अश्विन (474 विकेट) और रविंद्र जडेजा (268) की स्पिन जोड़ी पर रहेगा। इन चारों का चयन तो तय है लेकिन मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट और नवदीप सैनी में से एक को चुनना आसान नहीं होगा। विकेटकीपर के तौर पर कोना भरत पर ईशान किशन को तरजीह दिए जाने की उम्मीद है जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी खुद को साबित किया है। विंडसर पार्क पर छह साल बाद टेस्ट मैच होने जा रहा है और इसी प्रारूप में पिछले कुछ साल में कैरेबियाई टीम अच्छा खेल पाई है। ऐसे में यह सोचना मूर्खता होगी कि विश्व कप क्वालीफायर का असर टेस्ट में उनके प्रदर्शन पर पड़ेगा। उनके पास रोच (261 विकेट) और गैब्रियल (164 विकेट) जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं। गैब्रियल सफेद गेंद का क्रिकेट नहीं खेलते हैं। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली के लिए कैरेबियाई पिचों पर अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण रहेगा। तीनों की अपनी तरह की चुनौतियां होगी। रोहित के लिए 50 ओवरों के विश्व कप में बहुत कुछ दाव पर होगा। उन्हें दो मैचों की श्रृंखला पहले जीतनी होगी और विश्व कप के बाद टेस्ट कैरियर बचाए रखने के लिए बल्ले से भी योगदान देना होगा। विराट को कुछ बड़ी पारियां खेलनी होगी। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर उनकी कमजोरी कैरेबियाई गेंदबाज भांप सकते हैं। ऐसे में खराब प्रदर्शन टीम में उनके स्थान पर भी प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। कोहली और पुजारा दोनों ने पिछले तीन साल में 30 से कम की औसत से टेस्ट रन बनाए लेकिन पुजारा को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। रहाणे टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्हें उपकप्तान भी बनाया गया है। नाकाम रहने की दशा में सबसे पहले बाहर होने वालों में वही होंगे चूंकि रूतुराज गायकवाड़ का दावा भी मजबूत हैं। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी वापसी करेंगे।

### बांग्लादेश ने अफगान टीम को क्लीन स्वीप करने से रोका

**चट्टोग्राम।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और कप्तान लिटन दास के नाबाद अर्धशतक की मदद से बांग्लादेश ने मंगलवार को यहां तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अफगानिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। शोरिफुल ने 21 रन देकर चार विकेट लिए और अफगानिस्तान को 45.2 ओवर में 126 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें अजमतुल्लाह ओमारजई ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल के अलावा तासकीन अहमद और ताइजुल इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए। अनुभवी शाकिब अल हसन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 13 रन देकर एक विकेट हासिल किया। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 28 रन पर दो विकेट गंवा दिए। लिटन दास (नाबाद 53) और शाकिब (39) ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। तौहीद हिरदोय ने नाबाद 22 रन का योगदान दिया जिससे बांग्लादेश में 23.3 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

# सेमीफाइनल में पहुंची स्वितोलिना

भाषा। विंबलडन



**मातृत्व अवकाश** से वापसी करने के तीन महीने बाद एलिना स्वितोलिना ने मंगलवार को यहां शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक को 7-5, 6-7 (5), 6-2 से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की 28 वर्षीय स्वितोलिना ने पिछले साल अक्टूबर में बेटी को जन्म दिया था और उन्होंने इस साल अप्रैल में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की थी। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उन्हें विंबलडन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। स्वितोलिना ने मैच के बाद कहा, अगर कोई टूर्नामेंट के शुरू में मुझसे कहता कि मैं विश्व की नंबर एक खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाऊंगी तो मैं उसे अति उत्साही कहती। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक ने पिछले महीने फ्रेंच ओपन में अपना तीसरा खिताब जीता था लेकिन वह विंबलडन में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी ।स्वितोलिना का अगला मुकाबला मार्केटा वांद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने अंतिम सेट में लगातार पांच गेम जीतकर चौथी वरीय जेसिका पेगुला को 6-4, 2-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। चेक गणराज्य की बाएं हाथ की खिलाड़ी वांद्रोसोवा तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ रही थी। लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया ।वांद्रोसोवा ने मैच के बाद कहा, मैं बस प्रत्एक गेम में बने रहना चाहती थी। यह काफी तेजी से बदल सकता है। वह (पेगुला) दूसरे सेट में बहुत बेहतर खेली। उसने आज मुझे कड़ी टक्कर दी। पेगुला की ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में छह मौकों में यह छठी हार है। अमेरिका की यह 29 वर्षीय खिलाड़ी पहली बार विंबलडन प्रीक्वार्टर फाइनल खेल रही थी।

### बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**विंबलडन।** भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की छठी वरीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां कड़े मुकाबले मे नीदरलैंड के डेविड पेल और अमेरिका के रेसी स्टेडलर की जोड़ी को हराकर विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई।बोपन्ना और एबडेन की छठी वरीय जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे पेल और स्टेडलर की गैरवरीय जोड़ी को 7-5, 4-6, 7-6 से हराया। क्वार्टर फाइनल मे बोपन्ना और एबडेन की भिड़ंत टैलोन ग्रीक्सपूअर और बार्ट स्टीवन्स की नीदरलैंड की जोड़ी से होगी ।

# दक्षिण क्षेत्र व पश्चिम क्षेत्र की नजर खिताब पर

## ● सितारों से सजे दलीप ट्रॉफी का फाइनल आज

भाषा। बेंगलुरू



**दक्षिण और** पश्चिम क्षेत्र के खिलाड़ी बुधवार से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी फाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे तो नजरें खिताब जीतने के साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ लक्ष्य हासिल करने पर लगी होंगी। टीम के नजरिए से देखें तो पश्चिम ने दलीप ट्रॉफी फाइनल खेलकर 19 में जीत दर्ज की है। वह इस टूर्नामेंट की सबसे कामयाब टीम है जबकि दक्षिण ने 14 बार खिताब जीता है और वह पश्चिम का दबदबा कम करना चाहेगा। पिछले साल फाइनल में दक्षिण को अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली पश्चिम क्षेत्र टीम ने 294 रन से हराया था। दलीप ट्रॉफी के जरिए कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत लक्ष्य भी हासिल करना चाहेंगे और चेतेश्वर पुजारा इसका उदाहरण हैं। खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए पुजारा अपनी उपयोगिता फिर साबित करने को लालायित होंगे। उन्होंन मध्यक्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में पश्चिम के लिए 133 रन की पारी खेलकर जीत के नायक की भूमिका निभाई। दक्षिण के उपकप्तान मयंक अग्रवाल, बार बार चयनकर्ताओं की अनदेखी के शिकार सरफराज खान और टीम से बाहर पृथ्वी साव भी पिछले रणजी सत्र के प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे ।मयंक ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में दो अर्धशतक लगाए लेकिन पश्चिम के सरफराज और पृथ्वी चल नहीं सके। हनुमा विहारी और वाशिंगटन सुंदर के प्रदर्शन पर भी नजरें होंगी। विहारी ने आखिरी बार भारत के लिए 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में खेला था जबकि सुंदर ने इस साल की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला खेली थी। चोटों और बढती प्रतिस्पर्धा के कारण उन्हें आगे मौके नहीं मिल सके लेकिन अब वे चयन का दावा पुख्ता करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 टीम में शामिल किए गए तिलक वर्मा लाल गेंद के क्रिकेट में भी खुद को साबित करना चाहेंगे।

**टीमें : दक्षिण क्षेत्र :** हनुमा विहारी (कप्तान), मयंक अग्रवाल, साइ सुदर्शन, रिकी भुई, आर समर्थ, वाशिंगटन सुंदर, सचिन बेबी , प्रदोष रंजन पॉल, साइ किशोर, वी कावेरप्पा, वी विशाख, केवी शशिकांत, दर्शन मिसाल, एन तिलक वर्मा।

**पश्चिम क्षेत्र :** प्रियांक पांचाल (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, सूर्यकुमार यादव, हार्विक देसाई, पृथ्वी साव, हेत पटेल, सरफराज खान, अर्पित वासवडा, अतीत सेठ, शम्स मुलानी, केदार जाधव, धर्मेंदसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, चिंतन गाजा, अर्जन नागवासवाला।

### एशियाई खेल के आयोजकों ने आईओए का अनुरोध ठुकराया

भाषा। नई दिल्ली

**हांगझोउ एशियाई** खेल आयोजन समिति (एचएजीओसी) ने इन महाद्वीपीय खेलों के लिए भारतीय पहलवानों के नाम भेजने के लिए समय सीमा बढ़ाने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अनुरोध को ठुकरा दिया है। आईओए ने एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) से भारतीय कुश्ती दल की प्रविष्ठियां भेजने के लिए समय सीमा पांच अगस्त तक बढ़ाने का अनुरोध किया था लेकिन उसने केवल सात दिन (22 जुलाई तक) की ही छूट दी ।एशियाई खेलों के आयोजकों ने इन खेलों के लिए खिलाड़ियों के नाम भेजने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की थी लेकिन आईओए के आग्रह के बाद ओसीए ने आईओए द्वारा गठित तदर्थ पैनल को 22 जुलाई तक पहलवानों के नाम भेजने की छूट दी थी।

# डोप टेस्ट व खिलाड़ियों के हटने के बाद भी भारत को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## एशियाई एथलेटिक्स

भाषा। बैंकॉक

**खिलाड़ियों** के नाम वापिस लेने या डोप टेस्ट में चूकने के कारण भारत की तैयारियां आदर्श तो नहीं रही लेकिन शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर की अगुवाई में टीम को बुधवार से शुरू हो रही एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। शॉटपुट खिलाड़ी करणवीर सिंह स्पर्धा से बाहर डोप टेस्ट में नाकाम रहे और उन्हें 54 सदस्ईय भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। वहीं चोट के कारण तीन साल बाद वापसी करते हुए पिछले महीने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में 51 . 48 सेकंड का समय निकालकर 400 मीटर का स्वर्ण जीतने वाली अंजलि देवी भी डोप टेस्ट में नाकाम रही। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रिले धावक मुहम्मद अनस याहिया भी रहस्यपूर्ण हालात में बाहर किए गए हालांकि 22 जून को चुनी गई टीम में उनका नाम था। एएफआई ने उनके बाहर होने का कारण नहीं बताया है। इस बारे में पूछे जाने पर एक अधिकारी ने कहा कि एशियाई एथलेटिक्स संघ विकल्पों को अनुमति नहीं देता है। इसके मायने हैं कि 11 जून की समय सीमा के भीतर भेजी गई टीम में अनस का नाम नहीं था। लंबी कूद के अनुभवी खिलाड़ी जेस्विन अल्ड्रिन, त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल और भालाफेंक में पदक उम्मीद रोहित यादव ने चोटों के कारण नाम वापिस ले लिया।

### हनुमानजी थाईलैंड में चैम्पियनशिप के आधिकारिक शुभकंर

**बैंकॉक।** भगवान हनुमान बुधवार से यहां शुरू हो रही एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के आधिकारिक शुभंकर होंगे। यह चैम्पियनशिप उपमहाद्वीपीय नियामक ईकाई की स्थापना की 50वी वर्षगांठ पर आयोजित की जा रही है। एशियाई एथलेटिक्स संघ ने अपनी वेबसाइट पर कहा , हनुमान ने राम की सेवा मे असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया जिसमे गति, शक्ति, साहस और बुद्धि शामिल है। इसके अलावा उनकी सबसे बड़ी क्षमता उनकी अपार निष्ठा और भक्ति थी। इसमें कहा गया , 25वी एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 का लोगो इसमे भाग ले रहे खिलाड़ी, उनका कौशल, टीमवर्क, चपलता, प्रतिबद्धता और खेल भावना को दर्शाता है।

### शॉटगन विश्वकप : गनेमत क्वालिफिकेशन के दूसरे दिन 11वें स्थान पर पहुंची

भाषा। लोनाटो

**भारतीय** निशानेबाज गनेमत सेखों आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन चरण में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता के क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन मंगलवार को यहां तीन स्थान के फायदे से 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गईं ।गनेमत ने पहले दिन 25 और 23 के स्कोर बनाए थे। दूसरे दिन उन्होंने दो राउंड में 24 और 23 अंक बनाए। इस तरह से उनका कुल स्कोर 95 है। पांचवां और अंतिम राउंड बुधवार को होगा। शीर्ष पर रहने वाले छह खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाएंगे जो कि बुधवार को ही खेला जाएगा। अभी चीन की जियांग इतिंग 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं ।भारत के दो अन्य निशानेबाज महेश्वरी चौहान और दर्शना राठौड़ का स्कोर क्रमश: 93 और 84 है।

# मीराबाई के बिना भी भारोत्तोलकों का दबदबा रहने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा।** ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू के बिना भी मेजबान भारत को बुधवार से यहां शुरू हो रही राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में बड़ी संख्या में पदक मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में हमेशा भारत का दबदबा रहा है। इसमें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गज भाग नहीं लेते। राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप 2011 के बाद से भारत ने 2013 और 2021 को छोड़कर इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पिछली बार भारत ने 16 पदक जीते थे लेकिन स्वर्ण पदक कम होने के कारण कनाडा के बाद दूसरे स्थान पर रहा। इस साल भारतीय भारोत्तोलक उस कमी को पूरी करना चाहेंगे और अपने देश में खेलने का उन्हें फायदा भी मिलेगा। तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई , युवा ओलंपिक चैम्पियन जेरेमी लालरिनुगा, राष्ट्रमंडल पदक विजेता अचिंता शेउली, बिंदियारानी देवी और संकेत सरगर अलग अलग कारणों से इसमें भाग नहीं ले रहे हैं।

**भारतीय टीम : महिला :** कोमल कोहार (45 किलो), झिल्ली डालाबेहेरा (49 किलो), ज्ञानेश्वरी यादव (49 किलो), शरबानी दास (55 किलो), पॉपी हजारिका (59 किलो), निरूपमा देवी (64 किलो),एस पल्लवी (64 किलो), हरजिंदर कौर (71 किलो), वंशिता वर्मा (81 किलो) , पूर्णिमा पांडे (प्लस 87 किलो) **पुरूष :** मुकुंद अहीर (55 किलो), टी माधवन (67 किलो), शुभम टोडकर (61 किलो), एन अजीत (73 किलो), अजय सिंह (81 किलो), अमरजीत गुरू (89 किलो), विश्वकर्मा जगदीश (96 किलो), हर्षद वाडेकर (96 किलो), हरचरण सिंह (102 किलो), लवप्रीत सिंह (109 किलो)।